✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

✷ पटना संस्करण

अपना प्रदेश, अपनी बात

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 193 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, बुधवार, 10 दिसम्बर 2025 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com



कच्ची दरगाह-बिदुपुर छह लेन गंगा पुल परियोजना का निरीक्षण करते सीएम नीतीश

## नीतीश कैबिनेट की दूसरी बैठक में 19 एजेंडों पर लगी मुहर

# कर्मचारियों का महंगाई भत्ता बढ़ा तीन नए विभागों को मिली मंजूरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में नई सरकार बनने के बाद आज नीतीश कैबिनेट की दूसरी बैठक हुई। इसमें 19 एजेंडों पर मुहर लगी है। कैबिनेट की बैठक में सरकारी कर्मचारियों और पेंशन पाने वालों के महंगाई भत्ते में 5 प्रतिशत की बढ़ोतरी करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी है। अब 1 जुलाई 2025 से डीए 252 प्रतिशत के स्थान पर 257 प्रतिशत दिया जाएगा। मंत्रिपरिषद की बैठक के बाद कैबिनेट विभाग के अपर मुख्य सचिव अरविंद कुमार चौधरी ने प्रेस वार्ता में बताया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में तीन नए विभागों और दो निदेशालयों के गठन की स्वीकृति दी गई है। युवाओं को नौकरी और रोजगार देने तथा कुशल बनाने के लिए युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग बनाया गया है। राज्य में अब 45 की जगह 48 सरकारी विभाग होंगे। वहीं तीन मौजूदा विभागों के नाम भी बदले गए। पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग का नाम अब डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग होगा। श्रम संसाधन विभाग को श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण विभाग के नाम से जाना जाएगा। वहीं कला, संस्कृति



एवं युवा विभाग का नया नाम कला एवं संस्कृति विभाग कर दिया गया है। इसके अलावा उद्योग विभाग के अधीन चल रहे तकनीकी विकास निदेशालय का नाम बदलकर सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) निदेशालय करने की स्वीकृति दी गई है। राज्य के ग्रामीण एवं शहरी दोनों क्षेत्रों में औद्योगिक विकास को संतुलित रूप से बढ़ावा देने के उद्देश्य के लिए यह निदेशालय काम करेगा। इसके अलावा नीतीश कैबिनेट की बैठक में गया जी और मुंगेर को नागरिक सुरक्षा जिला घोषित किया गया है। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड के साथ स्टूडेंट कौशल प्रोग्राम शुरू करने के लिए बिहार सरकार का एमओयू हुआ है। श्री चौधरी ने बताया कि 2025-26 में नगर निकायों के बिजली वितरण कंपनियों (दक्षिण बिहार और उत्तर बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी) के बकाया बिजली बिलों के भुगतान के लिए राज्य सरकार ने कुल 400 करोड़ रुपये की सहायता राशि देने की मंजूरी दी है। साथ ही भ्रष्टाचार पर राज्य सरकार की जीरो-टॉलरेंस नीति के तहत सुधीर कुमार को सेवा से बर्खास्त किया गया है। इस निर्णय के बाद वे भविष्य में सरकार की किसी भी नौकरी के लिए अयोग्य माने जाएंगे। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान शहीद हुए बीएसएफ जवान मोहम्मद इम्तियाज के बेटे को अनुकंपा के आधार पर नौकरी देने का प्रस्ताव स्वीकृत किया गया है। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की संबंधित धाराओं के तहत, बिहार में इलेक्ट्रॉनिक आदेश जारी करने, भेजने और लागू करने से जुड़ी 'बिहार इलेक्ट्रॉनिक आदेशिका नियमावली 2025' बनाने के प्रस्ताव को मंत्रिपरिषद ने मंजूरी दी गई है।

# अवैध खनन की जानकारी देने वाले को देंगे दस हजार रुपये : विजय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बालू माफिया के खिलाफ सरकार ने बड़ा ऐलान किया है। मंगलवार को डिप्टी सीएम विजय सिन्हा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि अवैध खनन पर रोक लगाने के लिए सरकार जनता को भी साथ जोड़ेगी। विजय सिन्हा ने घोषणा की है कि जो भी व्यक्ति अवैध बालू कारोबार की जानकारी देगा उसे योद्धा मानकर सरकार की तरफ से दस हजार रुपए इनाम के तौर पर दिए जाएंगे। विजय सिन्हा ने कहा कि सरकार की ओर से बनाई गई खनन नीति में किसी भी तरह का बदलाव नहीं होगा। अवैध खनन-परिवहन में शामिल किसी भी व्यक्ति या अधिकारी को बख्शा नहीं जाएगा। विजय सिन्हा ने साफ कहा कि कई जगहों पर थाना प्रभारियों की मिलीभगत की शिकायतें मिली हैं। दोषी पाए जाने पर ऐसे लोगों पर एक्शन होगा। चुनाव के दौरान खनन से जुड़ी कई शिकायतें सामने आई थी। कई जिलों में प्राथमिकी भी दर्ज हुई है। डिप्टी सीएम ने बताया कि डोरीगंज में 3000 ट्रक बालू जब्त की गई है, जिसकी जल्द नीलामी कराने की प्रक्रिया जारी है। अगर कोई व्यक्ति अपनी जमीन की मिट्टी अपने निजी उपयोग के लिए ले जाता है तो विभाग की ओर से उसे परेशान नहीं किया जाएगा। सरकार जनता को नहीं बल्कि अवैध कारोबारियों को निशाना बना रही है। विजय सिन्हा ने बताया कि अवैध खनन को रोकने के लिए पुलिस बल की तैनाती को बढ़ाया जाएगा। इसके लिए गृह विभाग से अनुरोध किया जाएगा। जानकारी देते हुए खान मंत्री ने बताया कि नवम्बर, 2025 में 1555 करोड़ रुपये के लक्ष्य के विरुद्ध 1530 करोड़ रुपये की राजस्व प्राप्ति की गई है। उन्होंने बताया कि बिहारी योद्धा पुरस्कार के तहत मीडिया हाउस एवं सोशल मीडिया से जुड़े लोगों को भी पुरस्कृत किया जाएगा। राज्य में अवैध खनन को रोकने के लिए समुचित कार्रवाई नहीं करने वाले 13 पदाधिकारियों को दंडित किया गया है। वहीं, 21 पदाधिकारियों पर विभागीय कार्रवाई शुरू की गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### अकबरपुर के स्वास्थ्य प्रबंधक निलंबित

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** स्वास्थ्य विभाग ने नवादा जिले के अकबरपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक कानन प्रिया को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। अस्पताल प्रबंधन द्वारा एंबुलेंस या शव वाहन उपलब्ध नहीं कराने पर राज्य स्वास्थ्य समिति ने यह कार्रवाई की है। समिति ने कहा है कि सात दिसंबर की रात्रि 10-11 बजे के बीच एक मरीज केशरी देवी (75 वर्ष) को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां उनकी मृत्यु हो गई। मृत्यु होने के बाद उनके परिजनों को शव ले जाने के लिए अस्पताल प्रबंधन ने एंबुलेंस या वाहन उपलब्ध नहीं कराया। इस तरह की घटना से सरकार की छवि धूमिल हुई है।

### जदयू जांच समिति ने की चुनावी शिकायतों की सुनवाई

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** जदयू जांच समिति ने विधानसभा चुनाव के दौरान दल और गठबंधन विरोधी कार्य की शिकायत पर मंगलवार को सुनवाई की। जदयू प्रदेश कार्यालय में आयोजित बैठक में समिति के संयोजक, अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी, समिति के सदस्य मुख्य प्रवक्ता व विधान पार्षद नीरज कुमार और मुख्यालय प्रभारी अनिल कुमार मौजूद थे। उन्होंने विधानसभा चुनाव के दौरान पार्टी एवं एनडीए उम्मीदवारों के खिलाफ गठबंधन विरोधी गतिविधियों से संबंधित प्राप्त नए परिवादों पर क्रमवार विचार-विमर्श किया।

### पति से झगड़े के बाद महिला सिपाही ने दी जान

**किशनगंज(नबिटा ब्यूरो)।** शहर के डुमरिया भट्ट इलाके में मंगलवार की शाम 5 बजे एक महिला कॉन्स्टेबल का शव उनके कमरे में फंदे से लटका मिला है। दुपट्टे से फंदा लगाकर महिला पंखे से झूल गई। कॉन्स्टेबल का नाम प्रियंका कुमार है और वो नालंदा के इस्लामपुर की रहने वाली थी। एसपी ने बताया कि प्रियंका सुबह ड्यूटी पर आई थी। ड्यूटी से लौटकर उसने सुसाइड कर लिया। घटना के पीछे क्या कारण है, इसे लेकर पूछताछ जारी है।

### प्री मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए 121 करोड़ जारी

**पटना(नबिटा ब्यूरो)** राज्य के सरकारी स्कूलों में कक्षा एक से आठवीं तक के नामांकित अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों को प्री मैट्रिक छात्रवृत्ति देने के लिए 121 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं। शिक्षा विभाग के संयुक्त सचिव ने इसकी सूचना महालेखाकार को दे दी है। यह राशि उन बच्चों को दी जाती है जिनकी उपस्थिति 75 फीसदी से अधिक है। जानकारी के अनुसार प्री मैट्रिक वार्षिक छात्रवृत्ति में कक्षा एक से चार तक के विद्यार्थियों को प्रति विद्यार्थी 1200 रुपये, कक्षा पांच से छठवीं के बच्चों को प्रति विद्यार्थी 2400 रुपये और कक्षा सात से आठवीं तक के विद्यार्थियों को 3600 रुपये दिये जाते हैं।

# बस-ऑटो की टक्कर में तीन की मौत, सात गंभीर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**


**हाजीपुर।** वैशाली जिले के करताहां थाना क्षेत्र के कंचनपुर धनुषी गांव के पास हाजीपुर-लालगंज एसएच 74 पर यात्री बस और ऑटो की आमने सामने की सीधी टक्कर में तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई जबकि सात से अधिक लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। हादसा इतना भयानक था कि ऑटो के परखच्चे उड़ गए और कई यात्री बाहर आकर गिरे। हादसे के बाद ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा। आक्रोशित ग्रामीणों ने हाजीपुर-लालगंज पथ को जाम कर दिया और हंगामा करने लगे। ऑटो हाजीपुर से लालगंज की तरफ जा रही थी तभी सामने से आ रही बस ने उसमें जोरदार टक्कर मार दी। ऑटो में दस लोग सवार थे जिसमें से चालक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि उसपर सवार दो अन्य लोगों की मौत सदर अस्पताल में इलाज के दौरान हो गई। हादसे में सात लोग गंभीर रूप से घायल हैं जिसका इलाज सदर अस्पताल हाजीपुर में चल रहा है। मृतकों की पहचान काजीपुर थाना क्षेत्र के श्यामचक निवासी मो. दिलशेर, वैशाली थाना क्षेत्र के रहीमपुर गांव निवासी राजगीर कुमार और लालगंज थाना क्षेत्र के दिलीप राय के रूप में हुई है। मामले की सूचना पर लालगंज एसडीपीओ गोपाल मंडल दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और लोगों को समझाने का प्रयास किया। आक्रोशित लोग मुआवजे के साथ-साथ अन्य मांगों को लेकर हंगामा करते रहे।

## मुख्यमंत्री ने कच्ची दरगाह-बिदुपुर छह लेन गंगा पुल परियोजना के निर्माण कार्य का लिया जायजा

# बचे हुये कार्यों को तेजी से करें पूरा : नीतीश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को कच्ची दरगाह-बिदुपुर 6 लेन गंगा पुल परियोजना के द्वितीय चरण के हाजीपुर-महनार पथ से चकसिकंदर तक के निर्माण कार्य का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि कच्ची दरगाह-बिदुपुर 6 लेन गंगा पुल परियोजना के प्रथम चरण के लोकार्पण के बाद पटना से राघोपुर तक की संपर्कता बहाल हो चुकी है। उन्होंने कहा कि इस परियोजना के निर्माण कार्य का नियमित निरीक्षण कर इसे जल्द पूरा करने के लिये अधिकारियों को निर्देशित करते रहे हैं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि कच्ची दरगाह-



बिदुपुर 6 लेन गंगा पुल परियोजना के बचे हुये कार्यों को तेजी से पूर्ण करें। साथ-साथ पहुंच पथ का भी निर्माण कार्य पूर्ण करें ताकि आवागमन निर्बाध और सुचारू रूप से हो सके। उन्होंने कहा कि कच्ची दरगाह-बिदुपुर 6 लेन गंगा पुल परियोजना के पूर्ण होने से इस क्षेत्र के लोगों को राजधानी पटना से निर्बाध सड़क संपर्कता मिलेगी। इस क्षेत्र में कृषि, उद्योग सहित अन्य व्यवसायों का और तेजी से विकास होगा। आकस्मिक चिकित्सा की स्थिति में इलाज के लिये पटना पहुंचने में मरीजों को भी काफी सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी सेतु पर भी यातायात का भार कम होगा तथा उत्तर बिहार और दक्षिण बिहार की सम्पर्कता के लिये लोगों को एक और वैकल्पिक मार्ग मिलेगा, जिससे आवागमन और सुगम होगा। इस पुल के निर्माण से पटना शहर के बाहर से ही लोग उत्तर बिहार के विभिन्न जगहों पर आसानी के साथ आवागमन कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि हमलोग राज्य में गुणवत्तापूर्ण सड़कों एवं पुलों का लगातार निर्माण कर आवागमन को सुगम बना रहे हैं।

# वोल्टेज और बिजली के प्रवाह की करें लगातार निगरानी : ऊर्जा सचिव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** ऊर्जा विभाग के सचिव मनोज कुमार सिंह ने मंगलवार को विद्युत भवन में स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर (एसएलडीसी) का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सभी श्रेणी के उपभोक्ताओं के लिए बिजली आपूर्ति की स्थिति की समीक्षा की। अधिकारियों, अभियंताओं और कर्मियों को लगातार ग्रिड की फ्रीक्वेंसी, वोल्टेज और बिजली के प्रवाह की निगरानी करने का आदेश दिया। ऊर्जा सचिव ने कहा कि ग्रिड की फ्रीक्वेंसी, वोल्टेज और पावर फ्लो की लगातार निगरानी से राज्य में बिजली प्रणाली का एकीकृत एवं निर्बाध संचालन बनाए रखा जा सकेगा। ऊर्जा सचिव ने बिजली ग्रिड के उस मुख्य केंद्र को देखा जो चौबीसों घंटे बिजली उत्पादन, ट्रांसमिशन और वितरण की निगरानी करता है। इससे वास्तविक समय में बिजली के प्रवाह को नियंत्रित किया जाता है। ग्रिड से आने वाले डाटा का विश्लेषण को भी उन्होंने समझा ताकि बिजली के प्रवाह को अनुकूलित किया जा सके। एसएलडीसी की भूमिका पर बल देते हुए उन्होंने कहा कि लोड डिस्पैच सेंटर का मुख्य उद्देश्य राज्य में बिजली की मांग और आपूर्ति को रीयल-टाइम में संतुलित बनाए रखना है ताकि उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण और सतत बिजली उपलब्ध हो सके। ऊर्जा सचिव ने कहा कि स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर, बिहार की बिजली व्यवस्था का मुख्य नर्वसेंटर है, जहां बिजली की मांग एवं आपूर्ति को रीयल-टाइम में संतुलित रखने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभाई जाती है। सचिव ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि बढ़ती उपभोक्ता आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए सभी जरूरी कदम समय पर उठाएं। इससे उपभोक्ताओं को निरंतर, गुणवत्ता युक्त एवं सुरक्षित बिजली आपूर्ति सुनिश्चित हो सकेगी। इस दौरान उनके साथ नॉर्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के प्रबंध निदेशक राहुल कुमार भी मौजूद थे।

# धान खरीद के 48 घंटे के भीतर किसानों को हो भुगतान : मंत्री

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री लेशी सिंह ने पदाधिकारियों को निर्देश दिया है कि धान खरीद के 48 घंटे के भीतर किसानों के खाते में राशि का भुगतान हर हाल में सुनिश्चित किया जाये। यह भी निर्देश दिया कि चावल आपूर्ति के बाद पैक्सों को एसएफसी समय पर भुगतान सुनिश्चित करे। मंत्री ने मंगलवार को खरीद प्रक्रिया के सुदृढ़ीकरण के लिए पैक्स एवं सरकार के बीच समन्वय मजबूत करने के उद्देश्य से बैठक बुलायी थी। बैठक में सहकारिता विभाग के मंत्री प्रमोद कुमार भी उपस्थित थे। इस दौरान पैक्सों की ओर से चार माह के सूद की राशि का भुगतान करने का अनुरोध किया गया। इसके आलोक में दोनों मंत्रियों ने इस प्रस्ताव पर सकारात्मक रूप से विचार करने का आश्वासन दिया गया। सहकारिता मंत्री ने खरीद कार्य में तेजी लाने पर जोर दिया। निर्देश दिया कि मिलों को उनकी क्षमता के अनुरूप शीघ्र टैगिंग की जाए तथा जिला टास्क फोर्स की नियमित बैठकों के माध्यम से गोदामों की उपलब्धता सुनिश्चित कर धान अधिप्राप्ति कार्य को मिशन मोड में संचालित करें। बैठक में सहकारिता सचिव धर्मेन्द्र सिंह, नैय्यर इकबाल आदि भी उपस्थित थे।

# यूजीसी के नियमों के लिए कुलपति पूरी तरह जिम्मेदार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** उच्च शिक्षा को नई उड़ान देने में जुटी बिहार सरकार को राज्यपाल व कुलाधिपति कार्यालय से भी पूरा सहयोग मिलेगा। इसलिए कुलपतियों का दायित्व के साथ-साथ जवाबदेही तय करते हुए लोकभवन ने यूजीसी के दिशा-निर्देशों को न मानने वाले कुलपतियों पर सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। यह सख्ती इसलिए बरती जा रही है ताकि यूजीसी की गाइडलाइन का शत-प्रतिशत पालन हो सके। अब विश्वविद्यालय के लिए सिर्फ शैक्षणिक कैलेंडर बनाना ही अनिवार्य नहीं होगा बल्कि पठन-पाठन से लेकर परीक्षा परिणाम तक के लिए सीधे तौर पर कुलपति ही उत्तरदायी होंगे। इसे लेकर लोकभवन (राजभवन) द्वारा दंडात्मक कदम भी उठाए जाएंगे। लोकभवन जल्द ही सभी विश्वविद्यालयों को शैक्षणिक और परीक्षा कैलेंडर अनिवार्य रूप से बनाने और लागू कराने के लिए विशेष दिशा-निर्देश जारी करेगा। समय पर

**किसी प्रकार की लापरवाही पाये जाने पर होगी दंडात्मक कार्रवाई**

शैक्षणिक और परीक्षा कैलेंडर लागू नहीं करने वाले विश्वविद्यालय प्रशासन के विरुद्ध कार्रवाई का प्रविधान भी होगा। लोकभवन कार्यालय के एक अधिकारी ने बताया कि हाल में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने विश्वविद्यालयों में भ्रष्टाचार, अक्षमता और दिशा-निर्देशों का पालन नहीं करने पर जिम्मेदार कुलपतियों और संस्थानों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिया है। इसके आलोक में राज्य के सभी कुलपतियों को निर्देश देते हुए आगाह किया गया है कि लंबित शिकायतों का त्वरित निपटारा करें। हर स्तर पर सतर्कता व जागरूकता सुनिश्चित करें। साथ ही अब लोकपाल की नियुक्ति न करने वाले संस्थानों पर कार्रवाई भी की जाएगी। कुलाधिपति कार्यालय के मुताबिक राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां के स्तर से उच्च शिक्षण संस्थानों को निर्देशित किया गया है कि संस्थागत स्तर पर उच्च शिक्षा में संपूर्ण सुधार लाना आवश्यक है। इसके लिए जवाबदेही बढ़ाते हुए उच्च शिक्षा में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए कुलपतियों को अपने दायित्वों का निर्वहन करना होगा, ताकि ताकि उच्च शिक्षा संस्थानों में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित की जा सके। कुलपतियों का दायित्व विश्वविद्यालय के मुख्य कार्यकारी और शैक्षणिक अधिकारी के रूप में उसके समग्र प्रशासन, अकादमिक गुणवत्ता और वित्तीय प्रबंधन को देखना है, जिसमें अधिनियमों का पालन सुनिश्चित करना, समितियों की अध्यक्षता करना और कुलाधिपति के मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय के नियमों को प्रभावी करना शामिल है। इसमें अब किसी प्रकार की लापरवाही पाये जाने पर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। इसी तरह प्रतिकुलाधिपति भी उनके दायित्वों के प्रति जवाबदेह बनाया गया है।



बिहार सरकार

संदेश

मुख्यमंत्री
बिहार

मानवाधिकार से हमारा तात्पर्य उन सभी मूलभूत अधिकारों से है जो किसी व्यक्ति के जीवन, स्वतंत्रता, समानता एवं गरिमा से जुड़े हुए हों। ये वो अधिकार हैं जो प्रत्येक मनुष्य को जन्म से ही हासिल हैं। ये धर्म, जाति, लिंग, नस्ल, भाषा, निवास स्थान और प्रजाति की सीमाओं से परे हैं।

मानवाधिकार का संरक्षण हमारी शासन व्यवस्था का मूल सिद्धान्त रहा है। हमारे संविधान में भी नागरिकों के अधिकारों को मूल अधिकारों के रूप में स्वीकार किया गया है। मानवाधिकार संरक्षण अधिनियम के अन्तर्गत बिहार मानवाधिकार आयोग का गठन 10 दिसम्बर 2008 ई0 को किया गया है। राज्य सरकार मानवाधिकारों के संरक्षण एवं संवर्द्धन के लिए सदैव प्रयासरत एवं दृढ़ संकल्पित है। **'न्याय के साथ विकास'** का मूलभूत सिद्धांत मानवाधिकारों के संरक्षण के प्रति राज्य सरकार की इसी भावना का मूर्त रूप है।

अन्तर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस एवं मानवाधिकार आयोग के 17वें स्थापना दिवस के अवसर पर समस्त नागरिकों को शुभकामना और बधाई देता हूँ।

**नीतीश कुमार**

PR No.- 019158 (Home)D. 2025-26

CMYK

# खिलाड़ी व खेल संघों को साथ लेकर ही होगा खेल का विकास : श्रेयसी सिंह

## नृत्य कला मंदिर में उमड़ा उत्साह : फूल मालाओं से हुआ भव्य स्वागत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राजधानी के नृत्य कला मंदिर में मंगलवार को उत्सव जैसा माहौल था। माहौल और खुशनुमा तब हो गया जब खेल मंत्री सह अंतरराष्ट्रीय निशानेबाज श्रेयसी सिंह बिहार ओलंपिक संघ और विभिन्न खेल संघों के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित अपने अभिनंदन समारोह में पहुंचीं। पूरा हॉल खिलाड़ियों, कोचों और खेल संघों के पदाधिकारियों से खचाखच भरा हुआ था। देर से पहुंचने वाले कई खिलाड़ियों को खड़े होकर कार्यक्रम देखना पड़ा। जैसे ही श्रेयसी सिंह इस परिसर में दाखिल हुईं, तालियों, नारों और जोश से पूरा परिसर गूंज उठा। खिलाड़ियों ने फूलमालाओं से उनका ऐसा स्वागत किया कि वे देर से मंच तक पहुंचीं।



धनेश्वरी देव नंदन कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय, दानापुर के बैंड ने राष्ट्रीय गीत की धुन बजा कर माहौल को राष्ट्रमय कर दिया। हर खिलाड़ियों के चेहरे पर झलकती मुस्कान और आंखों में उम्मीद यह महसूस करा रहा था कि आज उनके बीच वही खड़ी हैं जो कभी मैदान में उन्हीं की तरह संघर्ष कर चुकी हैं। सबसे पहले बिहार ओलंपिक संघ और विभिन्न खेल संघों की ओर से बिहार ओलंपिक संघ के अध्यक्ष अजय कुमार पुष्पगुच्छ, शॉल और स्मृति चिह्न देकर उनका स्वागत किया। इसके बाद बिहार राज्य कबड्डी संघ के चेयरमैन कुमार विजय सिंह, बिहार कुश्ती संघ के अध्यक्ष विशाल कुमार सिंह, बिहार ओलंपिक संघ के सचिव प्रदीप कुमार, बिहार राइफल संघ के कुमार त्रिपुरारी प्रसाद सिंह, साइक्लिंग एसोसिएशन ऑफ बिहार के सचिव कौशल कुमार सिंह, बिहार तलवारबाजी संघ के चेयरमैन रामाशंकर प्रसाद, बिहार हैंडबॉल संघ के अध्यक्ष पंकज कुमार सिंह, बॉक्सिंग एसोसिएशन ऑफ बिहार के सचिव स्मिता कुमारी, बॉस्केटबॉल एसोसिएशन ऑफ बिहार के सचिव रेखा कुमारी समेत अन्य खेल संघों के पदाधिकारियों ने बारी-बारी से मंच पर आकर उन्हें स्मृति चिह्न देकर स्वागत किया। इस मौके पर अपने उद्बोधन में खेल मंत्री श्रेयसी सिंह ने कहा कि सबसे पहले मैं बिहार ओलंपिक संघ और सभी खेल संघों का धन्यवाद करती हूं जिन्होंने आज इस भव्य समारोह का आयोजन किया और मुझे सम्मानित किया।

# पावरग्रिड, पूर्वी क्षेत्र-1 द्वारा अंतर क्षेत्रीय सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**





**पटना।** पावरग्रिड, पूर्वी क्षेत्र-1 द्वारा अंतर क्षेत्रीय सांस्कृतिक कार्यक्रम ग्रिड-उमंग का आयोजन, शास्त्रीनगर स्थित ऊर्जा ऑडिटोरियम में किया गया। इस कार्यक्रम में बिहारशरीफ, जमशेदपुर, मुजफ्फरपुर, न्यू रांची और क्षेत्रीय मुख्यालय पटना की टीम ने प्रतिभागिता की। कार्यक्रम की शुरुआत राकेश कुमार, कार्यपालक निदेशक, पूर्वी क्षेत्र-1, सजल झा, स्वतंत्र निदेशक, पावरग्रिड एवं सदस्या, बिहार राज्य महिला आयोग ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उक्त कार्यक्रम में सभी 5 टीमों ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। बिहारशरीफ की टीम ने सृष्टि- निर्वाण तत्वम की थीम, जमशेदपुर की टीम ने 'सत्यवती' - नारी उत्पीड़न पर एक प्रासंगिक दृष्टि की थीम, मुजफ्फरपुर की टीम ने ऑपरेशन सिंदूर की थीम, न्यू रांची की टीम ने शिव ही शक्ति थीम एवं क्षेत्रीय मुख्यालय पटना की टीम ने बिहार गौरव गाथा पर आधारित अपनी प्रस्तुति दी। इस अवसर पर पावरग्रिड, पूर्वी क्षेत्र -1 मुख्यालय, पटना के सभी कार्मिक एवं उनके परिजन उपस्थित रहे।

### सुरक्षित कंटेनरों में ही तैयार हो कीटनाशक घोल

# किसानों की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता : राम कृपाल यादव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार सरकार कृषि क्षेत्र में सुरक्षा, वैज्ञानिकता और पर्यावरण संरक्षण को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। इसी क्रम में कृषि मंत्री राम कृपाल यादव ने राज्य भर में कीटनाशक घोल तैयार करने हेतु मानक एवं स्वीकृत कंटेनरों के उपयोग को अनिवार्य बताया है। मंत्री ने कहा कि किसानों की सुरक्षा और बेहतर उत्पादन के लिए यह जरूरी है कि कीटनाशकों को उन्हीं बोतलों में तैयार किया जाए जो सुरक्षा मानकों के अनुरूप बनाई जाती है। इन विशेष कंटेनरों में रसायनों के सुरक्षित भंडारण, उपयोग तथा निपटान की बेहतर व्यवस्था होती है जिससे पर्यावरण तथा मानव स्वास्थ्य दोनों सुरक्षित रहते हैं। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा स्वीकृत पैकेजिंग और कंटेनरों के उपयोग से कीटनाशक विषाक्तता के जोखिम में कमी आती है। पौधों, जलस्रोतों और मिट्टी की सुरक्षा सुनिश्चित होती है, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों का बेहतर पालन होता है। किसानों की सुरक्षा एवं स्वास्थ्य संरक्षण होता है। उन्होंने सभी पेस्ट कंट्रोल एजेंसियों एवं संबंधित व्यक्तियों से आग्रह किया कि कीटनाशक तैयार करने और उपयोग करने में मानक प्रोटोकॉल का कठोर पालन करें। बिहार सरकार की प्राथमिकता है कि खेतों से लेकर घरों तक, हर कदम पर सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। मंत्री ने आम नागरिकों तथा किसानों से भी सहयोग की अपेक्षा की। उन्होंने कहा कि यदि कहीं भी अनुचित या असुरक्षित कंटेनरों में कीटनाशक घोल तैयार होते दिखे तो उसकी सूचना जिला कृषि कार्यालय, जिला कृषि पदाधिकारी या सहायक निदेशक (पौधा संरक्षण) को तुरंत दें।

# बिहार में बंद चीनी मिलों को चालू करने की घोषणा का किसानों ने किया स्वागत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मुजफ्फरपुर।** बिहार में बंद पड़ी 9 चीनी मिलों को दोबारा चालू करने और 25 नई चीनी मिलों की स्थापना की सरकार की घोषणा का बिहार राज्य गन्ना किसान मोर्चा ने स्वागत किया है। मंगलवार को मुजफ्फरपुर के रेवा रोड स्थित पताही में आयोजित राज्यस्तरीय किसान संगोष्ठी में बिहार के विभिन्न चीनी मिल क्षेत्रों से आए किसानों ने गन्ना उद्योग के पुनरुद्धार पर विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम की अध्यक्षता बिहार राज्य गन्ना किसान मोर्चा के अध्यक्ष अशोक प्रसाद सिंह ने की। उन्होंने कहा कि गन्ना सोने जैसी बहुमूल्य बहुपयोगी फसल है जिससे चीनी, एथेनॉल, विद्युत, खाद, गत्ता, कागज और जलावन जैसे कई उत्पाद तैयार होते हैं। इसलिए शुगर फैक्ट्री का नाम बदलकर शुगर कॉम्प्लेक्स रखा जाना चाहिए। बढ़ रहा उत्पादन लागत का हवाला देते हुए उन्होंने गन्ने का मूल्य कम से कम 800 रुपये प्रति क्विंटल करने की मांग की। संगोष्ठी का उद्घाटन उद्यान रत्न और गरौल चीनी मिल के मालिक भोलानाथ झा ने किया। उन्होंने कहा कि शुगर कॉर्पोरेशन की गलत नीतियों और भारी भ्रष्टाचार के कारण बिहार का फलता-फूलता चीनी उद्योग बर्बाद हुआ। उन्होंने इसकी जांच के लिए समिति गठन की मांग की और कहा कि सरकार सीधा नियंत्रण लेकर नए आधुनिक चीनी मिलों के साथ एथेनॉल और बिजली उत्पादन इकाई भी स्थापित करे। पूर्व सुधा डेयरी अध्यक्ष वीरेंद्र राय ने कहा कि केंद्र की नीति के कारण बी-ग्रेड जूस से चीनी उत्पादन घटा और 60 लाख टन बफर स्टॉक खत्म हो गया जिससे बाजार में चीनी महंगी हो गई, लेकिन इसका लाभ किसानों को नहीं मिला। पैक्स अध्यक्ष धर्मेंद्र प्रसाद सिंह ने सासामूसा चीनी मिल के कोर्ट विवाद, नीलामी और किसान आंदोलन का मुद्दा उठाते हुए सरकार के हस्तक्षेप की मांग की। चंदेश्वर चौधरी, वरुण कुमार झा और लाल बाबू राय ने घटतौली रोकने, कैन एक्ट लागू करने, 14 दिन में भुगतान, कृषि मशीनरी, नलकूप, गन्ना बीज, छाई वितरण और ईख बोर्ड गठन की मांग की। कार्यक्रम के अंत में किसानों ने सरकार के फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि जब तक नीति पारदर्शी और किसान हितैषी नहीं होगी, तब तक चीनी उद्योग स्थायी रूप से नहीं चल सकेगा।

# पटना पुस्तक मेला में कहानी व लघुकथा पाठ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**





**पटना।** पटना पुस्तक मेला में साहित्यिक -सांस्कृतिक गतिविधियों की धूम है। इन्हीं गतिविधियों के बीच मुख्य मंच से कहानी और लघुकथाओं का पाठ पुस्तक प्रेमियों के लिए एक सुखद अहसास भरा शाम ले कर आया। 'किताब के शब्द उच्चरित हुए' कार्यक्रम में कहानीकार किरण सिंह एवं नीलिमा सिंह ने अपनी कहानियों का पाठ किया वहीं लघुकथाकार-समालोचक डॉ ध्रुव कुमार ने अपनी लघुकथाओं संगत, सोच में फर्क एवं परस्पर का पाठ किया जिसे उपस्थित दर्शक एवं श्रोताओं ने खूब सराहा। मुरली श्रीवास्तव ने अपनी पुस्तक 'बिस्मिल्लाह खान' के लेखन की तैयारियों के बारे में कई रोचक जानकारी दी। मेला आयोजन समिति की ओर से मोनी त्रिपाठी ने अतिथि साहित्यकारों को जूट का थैला देकर उनका अभिनन्दन किया। इस अवसर पर डॉ भावना शेखर, संजय कुमार कुंदन, नीलांशु रंजन, डॉ आशा कुमारी, डॉ ज्योति दुबे, डॉ अर्चना त्रिपाठी, अमलेंदु अस्थाना, उत्कर्ष भारतीय, रेखा भारती मिश्रा सहित अनेक लेखक-साहित्यकार मौजूद थे।

# एनडीए की जीत जनता के विश्वास की जीत : डॉ. दिलीप जायसवाल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए की ऐतिहासिक और प्रचंड विजय के उपरांत भाजपा प्रदेश कार्यालय के अटल सभागार में विभिन्न क्षेत्रों के पदाधिकारियों के सम्मान में आभार और अभिनन्दन समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह बिहार के उद्योग मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल भी शामिल हुए। आज सबसे पहले पटना, मुंगेर, बेगूसराय एवं नालंदा और उसके बाद मगध और शाहाबाद के पदाधिकारियों के लिए 'आभार एवं अभिनन्दन समारोह' का आयोजन किया गया। भाजपा प्रदेश



अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने समारोह में आए सभी समर्पित पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया और उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि हमारे कार्यकर्ताओं की निष्ठा, परिश्रम और जनता के विश्वास ने ही इस ऐतिहासिक विजय को संभव बनाया है। एनडीए की जीत जनता के विश्वास की जीत है। उन्होंने उपस्थित लोगों को भरोसा देते हुए कहा कि आगे हम सभी साथ मिलकर इसी ऊर्जा के साथ जनसेवा के पथ पर आगे बढ़ते रहेंगे। उन्होंने सभी पदाधिकारी साथियों के समर्पण, कठिन परिश्रम और बूथ स्तर तक की मजबूत संगठनात्मक क्षमता को नमन करते हुए कहा कि आप सभी ने जिस दृढ़ता और निष्ठा के साथ लोकतंत्र के इस महापर्व में योगदान दिया, वही एनडीए की इस अद्भुत सफलता की असली शक्ति है।

# रेलकर्मियों ने महाप्रबंधक से मुलाकात कर समस्याओं से कराया अवगत



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हाजीपुर।** मुख्यालय, हाजीपुर में 3 रेलकर्मी/उनके आश्रितों ने पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह से मुलाकात की तथा अपनी समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। महाप्रबंधक ने संबंधित विभागों को प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए निर्धारित समय सीमा में केस निष्पादन के निर्देश दिए। विदित हो कि रेलकर्मियों की विभागीय समस्याओं के निष्पादन के उद्देश्य से महाप्रबंधक से मुलाकात हेतु प्रत्येक मंगलवार का दिन निर्धारित किया गया है। इसके लिए रेलकर्मी अपना नाम पूर्व में कार्मिक विभाग में पंजीकृत करवाकर मंगलवार को महाप्रबंधक से मुलाकात कर अपनी समस्याएं उनके सामने रख सकते हैं।

# कांग्रेस ने मनायी पूर्व मुख्यमंत्री स्व. केदार पांडेय की 112 वीं जयंती

### बिहार में शैक्षणिक और प्रशासनिक सुधारों के जनक थे पूर्व मुख्यमंत्री स्व. केदार पांडेयः राजेश राम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के पूर्व अध्यक्ष और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री स्व. केदार पांडेय की 112 वीं जयंती प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में उनके तैल चित्र पर पुष्पांजलि कर मनाई गई। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश राम ने पूर्व मुख्यमंत्री स्व. केदार पांडेय को कांग्रेस के आम कार्यकर्ता से प्रदेश अध्यक्ष तक के सफर को ऐतिहासिक और अविस्मरणीय बताया। उन्होंने कहा कि प्रखंड कमिटी से प्रदेश अध्यक्ष और फिर बिहार के मुख्यमंत्री पद तक जाने वाले स्व. पांडेय कांग्रेस के निष्ठावान नेता रहे। स्व. केदार पांडेय को कार्यकर्ताओं के हितों की रक्षा करने



वाला सच्चा सिपाही बताया। उन्होंने शैक्षणिक सुधारों को लेकर कहा कि परीक्षा में नकल रोकने से लेकर शिक्षकों को उचित मानदेय देने का काम पूर्व मुख्यमंत्री स्व. केदार पांडेय ने किया। इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री स्व. केदार पांडेय की पुत्र वधू कांग्रेस नेता नूतन पांडेय और उनके पौत्र शाश्वत केदार पांडेय भी मौजूद रहे। इस अवसर पर विधान परिषद में कांग्रेस दल के नेता डा. मदन मोहन झा, कोषाध्यक्ष जितेन्द्र गुप्ता, पूर्व मंत्री कृपानाथ पाठक, पूर्व विधान पार्षद प्रेमचन्द्र मिश्रा, ब्रजेश प्रसाद मुनन, जमाल अहमद भल्लू, डा. संजय यादव, सौरभ सिन्हा, नूतन पाण्डेय, वैद्यनाथ शर्मा, अरविन्द लाल रजक, रौशन कुमार सिंह, मृणाल अनामय, सत्येन्द्र कुमार सिंह, राजेन्द्र चौधरी, मनोज शर्मा, रूपम झा, शाश्वत केदार, उदय शंकर पटेल, सुधीर शर्मा, हीरा सिंह वग्गा, विश्वनाथ बैठा, अभिषेक कुमार, फिरोज हसन, सुरेश मुखिया, राजीव कुमार, संजय महाराज, वरूण शर्मा, सुनील कुमार सिंह के अलावे अन्य कांग्रेसजन उपस्थित थे।

# अवैध बालू खनन पर कार्रवाई तेज, 28 ट्रैक्टर जब्त

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राज्य सरकार ने अवैध बालू खनन के खिलाफ सख्त रुख अपनाया है। उप मुख्यमंत्री एवं खनन मंत्री विजय सिन्हा ने कहा है कि अवैध खनन पर पूरी तरह रोक लगाई जाएगी और किसी भी स्तर पर मिलीभगत पाए जाने पर कार्रवाई होगी। उन्होंने बताया कि पटना जिला प्रशासन, पुलिस और खनन विभाग की संयुक्त टीम ने बड़े पैमाने पर छापेमारी की। इस दौरान दीघा थाना में एक प्राथमिकी दर्ज की गई है और अवैध बालू लदे 28 ट्रैक्टर जब्त किए गए हैं। इन ट्रैक्टरों पर 32 लाख रुपये का दंड लगाया जाएगा। विजय सिन्हा ने कहा कि जिन थाना क्षेत्रों से अवैध ट्रैक्टर गुजरते हैं वहां सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। यदि किसी थाना प्रभारी की लापरवाही पाई गई तो उसके खिलाफ कार्रवाई होगी। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री की ओर से स्पष्ट निर्देश है कि भ्रष्टाचार और अवैध कारोबार को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सरकार ने अवैध खनन की सूचना देने वाले नागरिकों के लिए 10 हजार रुपये इनाम की घोषणा की है। विजय सिन्हा ने यह भी आश्वस्त किया कि यदि कोई व्यक्ति अपनी निजी जरूरत के लिए अपनी जमीन से मिट्टी निकालता है तो उसे किसी प्रकार की परेशानी नहीं होगी।

# धूमधाम से मना सोनिया गांधी का 79वां जन्मदिन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम, पटना में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की पूर्व अध्यक्ष एवं देश की लोकप्रिय नेता सोनिया गांधी की 79वें जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश राम के नेतृत्व में दोपहर 12:15 बजे केक काटकर उनके लम्बे जीवन और अच्छे स्वास्थ्य की कामना की गई। इस अवसर पर बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश राम ने सोनिया गांधी के योगदान, उनके त्याग, संघर्ष और देश की राजनीति में स्थापित आदर्शों को स्मरण करते हुए उन्हें जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि सोनिया गांधी ने न सिर्फ देश की राजनीति को नई दिशा दी बल्कि संगठन को



मजबूती, कार्यकर्ताओं को ऊर्जा और देश को सशक्त नेतृत्व प्रदान किया। उनका जीवन हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा कि भारतीय राजनीति में सुचिता और त्याग की प्रतीक सोनिया गांधी ने देश में राजनीतिक जीवन को एक आदर्श प्रदान किया है। भारतीय राजनीति में शायद ही त्याग की ऐसी प्रतिमूर्ति मिले। सोनिया गांधी से सभी कांग्रेसजन को प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि त्याग और स्नेह की प्रतिमूर्ति सोनिया गांधी ने आजीवन वसुधैव कुटुम्बकम के अवधारणा को अपनाया। सोनिया गांधी का विचार और जीवन शैली दोनों राजनीतिक आदर्श है। कार्यक्रम में उपस्थित नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर संकल्प लिया कि सोनिया गांधी के विचारों–सेवा, त्याग, समर्पण और जनकल्याण–को आगे बढ़ाते हुए कांग्रेस संगठन को और मजबूत किया जाएगा।

# राज्य में उद्यमिता को बढ़ावा देने, रोजगार सृजन करने की दिशा में सरकार ने लिया महत्वपूर्ण निर्णय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार सरकार ने राज्य में उद्यमिता को बढ़ावा देने, रोजगार सृजन करने और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम क्षेत्र को मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। उद्योग विभाग, पटना के अधीन कार्यरत तकनीकी विकास निदेशालय का नाम परिवर्तित कर सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम निदेशालय करने की मंत्रिपरिषद द्वारा स्वीकृति प्रदान की गयी है। इससे निदेशालय का पूरा ध्यान राज्य में उद्यमशीलता को प्रोत्साहन देने, एमएसएमइ इकाइयों को वित्तीय, तकनीकी और विपणन सहायता प्रदान करने, ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में संतुलित औद्योगिक विकास करने, वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए उद्यमों को सशक्त बनाने तथा मेक इन इंडिया, डिजिटल इंडिया और स्किल इंडिया जैसी राष्ट्रीय योजनाओं के साथ पूर्ण समन्वय स्थापित करने पर रहेगा। इस कदम से नीतियों का निर्माण, योजनाओं का तेजी से क्रियान्वयन और उद्यमियों तक सहायता की पहुंच और सरल हो जाएगी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में लिया गया यह निर्णय बिहार को सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों का मजबूत केंद्र बनाने तथा स्थानीय उत्पादों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

# मारवाड़ी हेल्थ सोसाइटी की ओर से 14 को निःशुल्क इएनटी एवं मधुमेह जांच शिविर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मारवाड़ी हेल्थ सोसाइटी की ओर से आगामी 14 दिसंबर (रविवार) को समिति परिसर, रोड न. 7 राजेंद्रनगर में निःशुल्क नाक, कान और गला (इएनटी) तथा मधुमेह जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए सोसाइटी अध्यक्ष डॉ. राधेश्याम बंसल ने बताया कि यह शिविर सुबह 10 बजे से 12 बजे तक चलेगा। मौके पर कार्यकारी अध्यक्ष



सोसाइटी अध्यक्ष डॉ. राधेश्याम बंसल

हनुमान गोयल ने बताया कि सीनियर इएनटी कंसल्टेंट डॉ. दिवेश कुमार नाक, कान और गला के मरीजों की जांच करेंगे और आवश्यक चिकित्सीय सलाह देंगे। शिविर में मधुमेह रोग विशेषज्ञ डॉ. ले.कर्नल गौरव सिंह (रि.) मधुमेह के मरीजों की जांच करेंगे और मधुमेह की रोकथाम, देखभाल से संबंधित जरूरी सलाह देंगे। शिविर में सभी प्रकार की आवश्यक जांच भी किया जाएगा। मौके पर सचिव दिनेश अग्रवाल ने बताया कि इस शिविर में डॉक्टर द्वारा लिखी गई सभी जांच नियमित दर से आधे दर पर की जाएगी। इसके अतिरिक्त चिकित्सक के द्वारा पर्चे पर लिखी सभी दवाइयां मरीजों को निःशुल्क दी जाएगी। मौके पर फाउंडर अध्यक्ष महावीर अग्रवाल ने लोगों से अपील की है कि वे समय पर पंजीकरण कराकर इस स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाएं और नाक, कान, गला तथा मधुमेह रोग से बचाव एवं नियंत्रण की दिशा में पहल करें।

# चेन पुलिंग में 1003 तथा महिला डिब्बे में यात्रा करने वाले 2267 पुरुष यात्री हिरासत में

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेल द्वारा बिना पर्याप्त कारण अवैध रूप से चेन पुलिंग करके रेल गाड़ियों को जहां-तहां रोकने वालों के खिलाफ नियमित कार्रवाई की जाती रही है। इसी क्रम में पूर्व मध्य रेल के सुरक्षा बलों द्वारा ऑपरेशन 'समय पालन' के तहत ऐसे लोगों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है ताकि ट्रेनें अनावश्यक रूप से विलंब न हो। ऑपरेशन 'समय पालन' के तहत नवंबर माह में रेलवे सुरक्षा बल की टीम द्वारा पूर्व मध्य रेल के विभिन्न रेलखंडों में बिना उचित कारण के चेन पुलिंग करने के आरोप में 1003 लोगों को हिरासत में लिया गया। इन लोगों के विरूद्ध रेल अधिनियम की धारा 141 के तहत कार्रवाई की गई। ऑपरेशन 'समय पालन' के तहत इस दौरान सर्वाधिक 405 लोग दानापुर मंडल में पकड़े गये जबकि समस्तीपुर मंडल में 249, पं. दीन दयाल उपाध्याय मंडल में 135, सोनपुर मंडल में 111 तथा धनबाद मंडल में 103 लोगों को हिरासत में लिया गया। इसी तरह महिलाओं की सुरक्षा के मद्देनजर ऑपरेशन 'महिला सुरक्षा' के तहत महिला कोच में यात्रा करने वाले पुरुष यात्रियों के खिलाफ भी धर-पकड़ अभियान चलाया गया। ऑपरेशन 'महिला सुरक्षा' के तहत नवंबर माह में रेलवे सुरक्षा बल की टीम द्वारा पूर्व मध्य रेल के विभिन्न रेलखंडों पर महिला कोच में यात्रा करने के आरोप में रेल अधिनियम की धारा 162 के तहत 2267 पुरुष यात्रियों को हिरासत में लिया गया। इनमें सर्वाधिक 1084 लोग दानापुर मंडल में पकड़े गये जबकि पं. दीन दयाल उपाध्याय मंडल में 558, धनबाद मंडल में 355, समस्तीपुर मंडल में 148 तथा सोनपुर मंडल में 122 पुरुष यात्रियों को हिरासत में लिया गया।

# गांजा मामले में तीन अभियुक्तों को 10-10 वर्ष का सश्रम कारावास

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** सासाराम मुफस्सिल थाना क्षेत्र के अमरा तालाब में 3 साल पूर्व गांजा बरामदगी से जुड़े एक मामले में सुनवाई करते हुए जिला जज प्रथम पंकज मिश्रा की अदालत ने दोषी पाए तीन अभियुक्तों को एक-एक लाख रुपए अर्थ दंड सहित दस-दस वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई। कोर्ट ने इस मामले में राम उम्मेद पांडेय निवासी शिवगंज, अमरा तालाब सासाराम मुफस्सिल संजय राय एवं अजीत राय दोनों निवासी अमेठी, संझौली को उक्त सजा सुनाई है। मामले की प्राथमिकी 3 साल पूर्व सासाराम मुफस्सिल थाना कांड संख्या 140/2022 में दर्ज हुई थी। मामले का ट्रायल एनडीपीएस वाद संख्या 14/2022 में चल रहा था। मामले में अभियोजन पक्ष के अधिवक्ता विशेष लोक अभियोजक बिंदेश्वर सिंह ने बताया कि उक्त घटना 3 साल पूर्व 28 मार्च 2022 को दोपहर 1:30 बजे सासाराम मुफस्सिल थाना को गुप्त सूचना के आधार पर संज्ञान में आया जहां गुप्त सूचना के आधार पर सासाराम मुफस्सिल थाना क्षेत्र के शिवगंज अमरा तालाब स्थित राम उम्मेद पांडे के घर पर गांजा खरीद बिक्री की सूचना मिली थी। घटनास्थल पर छापामारी के दौरान पुलिस को 5 किलो 139 ग्राम गांजा बरामद हुई थी। इस मामले में मौके से पुलिस ने तीनों अभियुक्तों को गिरफ्तार किया था। अभियोजन पक्ष के तरफ से इस मामले में सात गवाहों की गवाही न्यायालय में दर्ज कराई गई थी जिसके बाद कोर्ट ने एनडीपीएस की सुसंगत तीन धाराओं में अभियुक्तों को दोषी पाते हुए उक्त सजा सुनाई है।

## दुष्कर्म मामले में अभियुक्त दोषी करार, सजा कल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** 5 वर्षीया बच्ची से दुष्कर्म के प्रयास से जुड़े दो साल पूर्व के मामले में मंगलवार को सुनवाई करते हुए जिला जज सप्तम सह विशेष न्यायालय पॉक्सो अधिनियम के न्यायालय ने मामले में अभियुक्त बाबूधन उर्फ मल्लू निवासी बुधुवा, अकोढ़ी गोला को दोषी ठहराया है। मामले में अभियोजन पक्ष के अधिवक्ता विशेष लोक अभियोजक हीरा प्रताप सिंह ने बताया कि उक्त घटना 2 साल पूर्व अकोढी गोला थाना क्षेत्र में 26 सितंबर 2023 को शाम 5:45 पर घटी थी जहां मामले के अभियुक्त ने 5 वर्षीया बच्ची को मिठाई खिलाने के बहाने बहला फुसलाकर अपने साथ सुनसान जगह स्थित एक मड़ई में ले जाकर दुष्कर्म करने का प्रयास करने लगा। बच्ची के चिल्लाने पर घटनास्थल से फरार हो गया। अभियोजन पक्ष की तरफ से इस मामले में सात गवाहों की गवाही न्यायालय में दर्ज कराई गई थी जिसके बाद कोर्ट ने अभियुक्त को पॉक्सो अधिनियम की धारा 4 के तहत दोषी ठहराया है। आगामी 11 दिसंबर को कोर्ट द्वारा इस मामले में अपना फैसला सुनाया जाएगा।

# मंत्री मो. जमा खान ने नए जदयू कार्यालय का किया उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भभुआ (कैमूर)।** बिहार सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री मोहम्मद जमा खान ने मंगलवार को कैमूर जिले के भभुआ शहर में जदयू के नए जिला कार्यालय का उद्घाटन किया। इस अवसर पर जेडीयू जिलाध्यक्ष अजय कुमार पटेल, मुख्य प्रवक्ता सह आईटी सेल प्रभारी अतुल पटेल, प्रवक्ता डॉ सुशील जायसवाल समेत सैकड़ों जेडीयू कार्यकर्ता उपस्थित रहे। मंत्री जमा खान ने बताया कि यह कार्यालय ऐसी जगह खोला गया है जहां आम कार्यकर्ता आसानी से पहुंच सके उन्हें घोषणा किया कि वह हर महीने एक दिन स्वयं कार्यालय में बैठकर कार्यकर्ताओं की समस्याओं को सुनेंगे और उनके समाधान के लिए प्रयास करेंगे। मंत्री ने स्पष्ट किया कि जिले में किसी भी गरीब या कार्यकर्ता के साथ अत्याचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि भ्रष्टाचार या गलत आचरण की शिकायत मिलने पर कमेटी गठित कर जांच कराई जाएगी और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मंत्री ने दावा किया कि कई विधायक जेडीयू नेतृत्व के कामकाज से प्रभावित होकर पार्टी से जुड़ने के लिए संपर्क में हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की कार्यशैली की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनका नाम गिनीज बुक में दर्ज होना बिहार के लिए गर्व की बात है।



# रोहतास की मानवी अब अमेरिका में रहेगी, डीएम की मौजूदगी में दत्तक प्रक्रिया पूरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रोहतास।** जिले के विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान की एक वर्षीय बच्ची मानवी को अब नया परिवार मिल गया है। उसे अमेरिका के एक दंपत्ति ने विधिक प्रक्रिया के तहत गोद लिया है। मंगलवार को जिलाधिकारी उदिता सिंह की उपस्थिति में अंतरराष्ट्रीय दत्तक प्रक्रिया पूरी की गई। प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद जिलााधिकारी उदिता सिंह ने बच्ची मानवी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने दंपत्ति को यह सलाह दी कि बच्ची के टीकाकरण, स्वास्थ्य, पोषण और मानसिक विकास पर विशेष ध्यान दें, ताकि वह स्वस्थ और सुरक्षित वातावरण में आगे बढ़ सके। दत्तक ग्रहण की यह प्रक्रिया केंद्रीय दत्तक संसाधन प्राधिकरण (कारा) के नियमानुसार पूरी की गई। बच्ची मानवी अब अमेरिका में अपने नए परिवार के साथ जीवन की नई शुरुआत करेगी। जिला प्रशासन और संस्था के कर्मियों ने इसे संवेदनशील और प्रेरणादायक क्षण बताया।



# विधायक सोनू सिंह ने किया अनुमंडल अस्पताल का औचक निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** डिहरी विधानसभा क्षेत्र से पहली बार विधायक बने राजीव रंजन सिंह उर्फ सोनू सिंह ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान सोमवार देर शाम को ऐनीकट झारखंडी मंदिर पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया तथा झारखंडी महादेव मंदिर में पूजा अर्चना की। उपस्थित एनडीए कार्यकर्ताओं एवं शिव भक्तों ने झारखंडी मंदिर के समीप विकास को लेकर परिसर के समीप निरीक्षण किया तथा सौन्दर्यीकरण के लिए लाइट लगाने, विवाह मंडप बनाने एवं आने वाले पर्यटकों के लिए विशेष सुविधाओं के लिए सिंचाई विभाग के अधिकारियों से बातचीत किया। सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि जो भी विकास का कार्य होगा उसमें हमलोग शामिल रहेंगे। निरीक्षण के दौरान नगर परिषद से लगाए गए आई लव यू डिहरी डालमियानगर का डिजिटल बोर्ड से केवल डालमियानगर का बोर्ड जल रहा था। बाकी आई लव यू डिहरी का लाइट बंद था। लगाए गए बोर्ड में कहीं भी प्राक्कलित राशि का जिक्र नहीं किया था, इसको लेकर नप इओ से जांच-पड़ताल कर कार्रवाई करने की मांग की है। इसके पश्चात लोगों की शिकायत पर डिहरी अनुमंडलीय अस्पताल में औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सबसे पहले ड्यूटी में तैनात डाक्टर के चेम्बर में पहुंचे। वहां पहुंचने पर डाक्टर गायब मिले। स्टाफ से पूछने पर बताया गया कि डाक्टर साहब को फोन कर डेरा से बुलाया जा रहा है। तत्पश्चात 10 मिनट के बाद डाक्टर आशीष रंजन उपस्थित हुए और उनके साथ नसबंदी कराई महिलाओं के भर्ती रूम में गए जहां महिलाओं से बातचीत करने पर महिलाओं ने बताया कि बेड पर एक ही चादर बिछा रहता है। ठंड के मौसम में मरीजों को कंबल नहीं दिया गया। मजबूरी में हमलोग अपने घर से कंबल लाकर मरीजों को दे रहे हैं। ड्यूटी में तैनात आशा ममता ने विधायक से बताया कि हमलोग तीन शिफ्ट में ड्यूटी करते हैं पर तीन माह से तनख्वाह नहीं मिला है। इसके अलावा एक्सरे रूम के पंजीयन का निरीक्षण किया तो देखा कि पंजीयन बुक में एक तरफ टोटल नाम पता के साथ पूरा डिटेल भरा हुआ है। दूसरी तरफ उसी पंजीयन बुक में सिर्फ एक तरह किनारे पर दस्तक किया हुआ है और नाम पता मोबाइल नंबर सब गोल है। पूछने पर ऑपरेटर ने जवाब देना उचित नहीं समझा। वही विधायक ने डा. आशित कुमार से पूछा अस्पताल के सभी कमरों में ऑक्सीजन का पाइप लगाया है क्या ऑक्सीजन इन पाइप लाइनों के माध्यम से सप्लाई होता है तो डाक्टर के द्वारा बताया गया कि ऑक्सीजन प्लांट खराब है और सिलेंडर के माध्यम से इलाज कराया जा रहा है। गर्भवती महिलाओं की जांच के लिए अल्ट्रासाउंड के बारे में पूछने पर बताया गया कि बहुत दिनों से टेक्नीशियन के नहीं रहने पर बंद है। बाहर से अल्ट्रासाउंड कर मंगाया जाता है तब दवा लिखी जाती है। इसके साथ ही साफ-सफाई की भी व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया। इस संबंध में जानकारी देते हुए विधायक राजीव रंजन सिंह उर्फ सोनू सिंह ने बताया कि डिहरी अनुमंडलीय अस्पताल में औचक निरीक्षण के दौरान हमें गंभीर अव्यवस्था देखने को मिली है। डाक्टर अपने कक्ष में उपस्थित नहीं थे। उनका रुम खाली पड़ा था। इसके अलावा ऑक्सीजन और गैस पाइपलाइन की उचित सुविधा नहीं थी, बेड गंदे पड़े थे और मरीजों को परेशानी हो रही थी। लोगों के लिए सरकार सुविधाएं भेजती है, लेकिन अस्पताल प्रबंधन और जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही के कारण स्थिति नहीं सुधर रही। डॉक्टर रात में फोन पर इलाज करते हैं और पूछताछ केंद्र भी खाली रहता है। मांग उठी है कि सिविल सर्जन डिहरी अस्पताल में आकर व्यवस्था ठीक करें ताकि मरीजों को इलाज के लिए सासाराम या पटना नहीं जाना पड़े।



## एक नजर

### मानसिक रोगी लापता

**डिहरी ऑन-सोन (नवबिहार टाइम्स ब्यूरो)।** डिहरी नगर थाना में मगध मेडिकल कॉलेज गया थाना क्षेत्र के निवासी अनीता देवी ने अपने पति संतोष पासवान के लापता होने की प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस के अनुसार वह अपने पति संतोष का इलाज कराने मानसिक रोग चिकित्सक डा. उदय कुमार के यहां आई थी। नंबर आने में विलंब के कारण पति को अपने बहन ममता के साथ खाना खिलाने स्टेशन के पास पहुंची जहां से उसके पति लापता हो गए। पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

### दुर्घटना में किशोर घायल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** इंद्रपुरी सिंचाई कॉलोनी निवासी 15 वर्षीय आशीष कुमार को घायल अवस्था में नारायण मेडिकल कॉलेज अस्पताल के आईसीयू में भर्ती किया गया है। पुलिस के अनुसार उसके पिता राकेश कुमार सिंह ने प्राथमिकी में कहा है कि उसके पुत्र को गत 4 दिसंबर को उसके मित्र राहुल एवं गोविंद ने पाली रोड स्थित सोनभद्र हॉस्पिटल के पास बुलाया था। आधी रात को उसके मित्र का फोन आया कि आशीष का एक्सीडेंट हो गया है। किसी पिकअप वाहन ने टक्कर मार दिया है। वह मौके पर पहुंचे और उसे इलाज के लिए नारायण मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया। इलाज में व्यस्तता के कारण व उसकी प्राथमिक विलंब से कराया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### नाबालिग का अपहरण

**डिहरी ऑन-सोन (नवबिहार टाइम्स ब्यूरो)।** डिहरी नगर थाना क्षेत्र से एक 14 वर्षीय नाबालिग के अपहरण की प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। पुलिस के अनुसार किशोरी बाजार में सब्जी लेने गई थी। देर रात तक नहीं लौटी उसकी खोजबीन की गई, लेकिन पता नहीं चला। उसके पिता ने एक मोबाइल धारक पर अपहरण की आशंका जताई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### हाइवा-बाइक की टक्कर में घायल

**डिहरी ऑन-सोन (नवबिहार टाइम्स ब्यूरो)।** नगर थाना क्षेत्र के पाली रोड स्थित बुद्ध विहार होटल के पास एक बाइक में हाइवे की टक्कर से गांधीनगर निवासी सनोज कुमार बुरी तरह घायल हो गया। पुलिस के अनुसार सनोज अपनी बाइक बीआर 24 एन 7294 से नासरीगंज जा रहे थे। इस बीच अनियंत्रित हाइवा बीआर 24 जीसी 3187 ने टक्कर मार दी जिससे वह पूरी तरह जख्मी हो गया। मौके पर पहुंची 112 की टीम ने उसे अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### बाइक चोरी

**डिहरी ऑन-सोन (नवबिहार टाइम्स ब्यूरो)।** नगर थाना क्षेत्र के महाराणा गली से अज्ञात अपराधियों ने बाइक बीआर 26 आर 6029 की चोरी कर ली। इस संबंध में बाइक मालिक पाली रोड निवासी कमलेश कुमार ने अज्ञात अपराधियों पर प्राथमिकी किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## एपीएचसी दरिहट को पीएचसी बनाने को लेकर ग्रामीणों ने विधायक को सौंपा ज्ञापन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अकोढ़ीगोला।** डिहरी विधायक राजीव रंजन सिंह उर्फ सोनू सिंह के आवास पर मंगलवार को दरिहट के ग्रामीणों ने एक ज्ञापन सौंप कर अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का दर्जा दिलाने की मांग की। ग्रामीणों का कहना था कि अनुमंडल अस्पताल में पीएचसी है जहां मरीज नहीं जाते क्योंकि उसी प्रांगण में अनुमंडल अस्पताल है जहां बेहतर सुविधा उपलब्ध है। ऐसे में एडिशनल पीएचसी दरिहट को पीएचसी का दर्जा मिलना चाहिए क्योंकि शहर से 10 किलोमीटर दूरी पर ग्रामीण क्षेत्र में मौजूद है। अस्पताल में मॉडल अस्पताल के बिल्डिंग के साथ ही सभी प्रकार के सुख सुविधा उपलब्ध है। जानकारी के अनुसार दरिहट अस्पताल के लिए एंबुलेंस की भी व्यवस्था है जो फिलहाल अनुमंडल अस्पताल में कार्य कर रहा है। कहा कि पीएससी होने के बाद ग्रामीण क्षेत्र में 24 घंटा काम करने वाला एक अस्पताल उपलब्ध हो जाएगा जिससे ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को रात दिन इलाज की सुविधा उपलब्ध हो जाएगी। विधायक ने ग्रामीणों से कहा कि एडिशनल पीएचसी दरिहट को पीएससी का दर्जा दिलवाने के लिए हर संभव प्रयास करूंगा। क्षेत्र के समस्याओं को दूर कराने के लिए हमेशा तत्पर रहता हूं। मौके पर अनिल कुमार सिंह, अशोक कुमार सिंह, सत्येंद्र पांडेय, विनोद सिंह, मजहर हुसैन, गोलू कुमार, श्रीकांत पाल आदि शामिल थे।

## जानलेवा हमला कर किया जख्मी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** नगर थाना क्षेत्र के ईदगाह मुहल्ला निवासी नगर परिषद के संवेदक जितेश कुमार ने पीसीसी सड़क निर्माण में रंगदारी मांगने नहीं देने पर मार्ग जानलेवा हमला कर बुरी तरह जख्मी करने, सरकारी कार्य में बाधा डालने व दस हजार रुपये पॉकेट से निकालने की प्राथमिकी किया है। पुलिस के अनुसार ईदगाह मोहल्ला निवासी संवेदक ने दर्ज प्राथमिकी में कहा है कि मुहल्ले के पम्मी मेडिकल से आंगनबाड़ी केंद्र तक पीसीसी सड़क का कार्य उनके द्वारा कराया जा रहा है जहां संदीप कुमार, विक्की कुमार समेत कुछ अज्ञात व्यक्तियों द्वारा कुछ दिन पहले रंगदारी के रूप में रूपयों की मांग की जा रही थी जिसे देने से संवेदक ने इनकार किया था।

## प्रत्येक 9 तारीख को गर्भवती महिलाओं की नजदीकी स्वास्थ केंद्र पर डॉक्टर करेंगे सेहत की विशेष जांच : डॉ मणि रंजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** सासाराम प्रखंड क्षेत्र के अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दरीगांव में सुरक्षित मातृव अभियान के तहत गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य जांच किया गया जिसमें बड़ी संख्या में गर्भवती महिलाएं उपस्थित हुईं। महिलाओं का ब्लड प्रेशर व हीमोग्लोबिन जांच की गई तथा आवश्यकता अनुसार आयरन कैल्शियम की दवाइयां दी गई। सिविल सर्जन डॉ मणि राज रंजन द्वारा बताया गया कि प्रत्येक माह के 9,15 और 21 तारीख को पीएमएसए के तहत अपने-अपने स्थानीय स्वास्थ केंद्र में सभी गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ परीक्षण किया जाता है जिससे उनके बच्चे एवं माताओं का स्वास्थ अच्छा रहे। इस अवसर पर जिले के सिविल सर्जन डॉ मणि राज रंजन तथा राज्य से आए प्रतिनिधि डॉ वाहिद जिला कार्यक्रम प्रबंधक अजय कुमार सिंह जिला सामुदायिक उत्प्रेरक संजीव मधुकर एवं प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक प्रवीण कुमार उपस्थित थे।



# रेल अवसंरचना विकास और क्षमता विस्तार की दिशा में निरंतर हो रहा कार्य

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल में रेल अवसंरचना विकास और क्षमता विस्तार की दिशा में निरंतर कार्य हो रहा है। अतिमहत्वपूर्ण सोननगर-सिगसिगी खंड में बनी 90 किमी लंबी तीसरी रेल लाइन पर 20.08.2025 से रेल परिचालन जारी है। नवनिर्मित तीसरी लाइन को शामिल करते हुए पूरा सोननगर-सिगसिगी रेलखंड आधुनिक इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम से लैस किया गया है। नई तीसरी लाइन और उन्नत सिग्नल व्यवस्था से संरक्षा के साथ त्वरित रेल परिचालन हो रहा है। मालगाड़ियों की आवाजाही तेज हुई है और यात्री गाड़ियों के संचालन में भी समयबद्धता और संरक्षा बढ़ी है। यह लाइन सोननगर-पतरातू तृतीय रेल लाइन परियोजना का हिस्सा है जो बिजली घरों तक कोयले की सुचारू आपूर्ति में काफी सहायक है। डीडीयू से सोननगर तक पहले ही तिहरी लाइन मौजूद है। डीडीयू मंडल में इस प्रकार डीडीयू से सोननगर और आगे सिगसिगी तक लगभग 200 किलोमीटर लंबा पारंपरिक रेल नेटवर्क तिहरी लाइन की उच्च क्षमता वाला है। उच्च संरक्षा के साथ त्वरित रेल परिचालन के लिए सोननगर-सिगसिगी रेलखंड पर ऑटोमेटिक ब्लॉक सिगनलिंग सिस्टम प्रस्तावित है। वर्तमान में डीडीयू मंडल के अंतर्गत ग्रैंड कॉर्ड सेक्शन में बघोईकुशा से सासाराम तक लगभग 47 किलोमीटर तथा डीडीयू फ्लाईओवर केबिन से धनेछा तक लगभग 34 किलोमीटर, कुल 81 किलोमीटर क्षेत्र में यह प्रणाली पूरी तरह कार्यरत है। शेष कार्य तेजी से प्रगति पर है। इस लाइन के साथ-साथ इस खंड में स्टेशनों पर भी विकास कार्य किए गए हैं। बगहा बिशुनपुर, अंकोरहा, बड़की सलैया, कजरात नवाडीह, कोसिआरा, सतबहिनी, उंटारी रोड, करकटा, सिगसिगी आदि स्टेशनों पर 3 मीटर चौड़ा फुट ओवर ब्रिज बनाया गया। हैदर नगर और मोहम्मदगंज में फुट ओवर ब्रिज को 6 मीटर चौड़ा किया जा रहा है। बगहा बिशुनपुर, बड़की सलैया, कजरात नवाडीह, कोसिआरा, सतबहिनी, उंटारी रोड, करकटा, सिगसिगी आदि स्टेशन पर प्लेटफार्म ऊंचे किए गए हैं। यात्री सुविधाएं जैसे लाइट, शेड, बैठने की बेंच, यूरिनल और वाटर बूथ आदि भी जरूरत के हिसाब से उपलब्ध कराए गए हैं। पूरे रेलखंड में यात्रियों की सुविधा को लेकर निरंतर समीक्षा के साथ स्टेशनों पर विकास कार्य जारी हैं। इसी क्रम में सुविधा व संरक्षा को देखते हुए मोहम्मदगंज स्टेशन पर प्लेटफार्म 4/5 की लंबाई एवं बढ़े हुए प्लेटफार्म पर पर्याप्त रोशनी की सुविधा प्रदान की जाएगी। यह कार्य पहले से चिन्हित व प्रस्तावित है। कार्य प्रक्रिया जारी है जिसे शीघ्र ही पूरा किया जाना है। इसके साथ ही वहां यात्री सुविधाओं का सुधार भी किया जा रहा है।

## श्रीअरविन्द को महासमाधि दिवस पर श्रद्धा सुमन अर्पित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** श्री अरविन्द सोसाइटी केंद्र में मंगलवार को महर्षि अरविन्द के महासमाधि दिवस पर साधकों ने उषा ध्यान कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। आज के ही दिन 9 दिसम्बर 1950 को संध्या समय महासमाधि दिया गया था। वरिष्ठ साधक कृष्णा प्रसाद, सिधेश्वर प्रसाद, नागेंद्र कुमार सिंह के अनुसार हम सब श्रीअरविन्द के महासमाधि दिवस पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। यह संकल्प लेते हैं कि श्रीअरविन्द ने अतिमानस को पृथ्वी पर उतारने के लिए जो बलिदान दिया है उसे व्यर्थ नहीं जाने देंगे और उनके बताए मार्ग का अनुसरण करते हुए उनके दिव्य कार्य के यंत्र बनेंगे। राजेश तुलस्यान ने कहा कि श्रीअरविन्द ने केवल अपना भौतिक शरीर छोड़ा है। उन्होंने पृथ्वी को नहीं छोड़ा है और सूक्ष्म शरीर में विद्यमान हैं। जड़ता का परिवर्तन करने के लिए वे पृथ्वी के भीतर जाकर अपना कार्य कर रहे हैं जो साधक उन्हें पुकारते हैं और सहायता या मार्ग दर्शन मांगते हैं उन्हें श्रीअरविन्द सूक्ष्म शरीर में दर्शन दे रहे हैं और मार्गदर्शन भी कर रहे हैं। मौके पर भारी संख्या में साधक मौजूद थे।


**कार्यालय—अधीक्षक ,**
**मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल, पलामू**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

निविदा संख्या — 03 /2025—2026

मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल, पलामू अंतर्गत अधीक्षक, मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल, पलामू हेतु बाहयश्रोत से बोलेरो NEO वाहन रखने हेतु निविदा दिनांक 31.12.2025 के अपराहन 05.00 बजे तक आमंत्रित किया जाता है।

| क्रं0 | विवरण | बाहयश्रोत से बोलेरो NEO वाहन रखने हेतु |
|---|---|---|
| 01. | निविदा आमंत्रण करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता | अधीक्षक, मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल, पलामू |
| 02. | कार्यालय से निविदा पेपर प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं शुल्क जो DD के रुप में अधीक्षक, मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल, पलामू के नाम से देय होगा | दिनांक 29.12.2025 / रु0 3000.00 (तीन हजार) मात्र Non-Refundable |
| 03. | कार्यालय में DD एवं निविदा का हार्ड कॉपी में प्राप्ति की अंतिम तिथि | दिनांक 31.12.2025 के अपराहन 05.00 बजे तक |
| 04. | निविदा खोलने का स्थान /तिथि / समय | अधीक्षक, एम0एम0सी0एच0, पलामू का प्रकोष्ठ / दिनांक 04.01.2026 / अपराहन 03.00 बजे |
| 05. | अग्रधन की राशि जो अधीक्षक, मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल, पलामू के नाम से DD के रुप में देय होगा | रु0 50000.00 (पचास हजार) मात्र Refundable |

उक्त निर्धारित स्थान एवं समय पर निविदा खोलते समय निविदादाता अथवा उनके प्राधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते हैं। निविदा के तकनीकी भाग के सफल निविदादाता का ही वितीय भाग खोला जायेगा। निविदा की शर्त आदि की जानकारी www.palamu.nic.in पर देखा/डाउनलोड किया जा सकता है।

**अधीक्षक,**
**मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल,**
**पलामू**

PR 368065 (District)25-26*D


# परानपुर आदर्श आंगनबाड़ी केंद्र ने समाज सेवा में गढ़ी नई कहानी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दिनारा (रोहतास)।** रोहतास जिले के दिनारा प्रखंड का परानपुर गांव इन दिनों पूरे जिले में मिसाल बनकर उभर रहा है जहां कई पंचायतों में आज भी आंगनबाड़ी केंद्र जर्जर भवनों और संसाधनों के अभाव से जूझ रहे हैं, वहीं परानपुर ने जनसहयोग और सामाजिक संवेदना के दम पर वह कर दिखाया जिसकी उम्मीद कम ही लोग करते हैं। यहां का आंगनबाड़ी केंद्र सरकारी सहायता से नहीं, बल्कि गांव के लोगों की भावना और सेवा भावना से आदर्श बना है। कुछ वर्ष पहले तक यह केंद्र एक पुराने सामुदायिक भवन में संचालित होता था। दीवारों में बड़ी-बड़ी दरारें, बारिश में रिसती छत और टूटता फर्श बच्चों की सुरक्षा पर हमेशा सवाल खड़ा करता था। सेविकाएं हर दिन भय और असुविधा के बीच काम करती थीं जबकि अभिभावक अपने बच्चों को भेजने को लेकर लगातार चिंतित रहते थे। ग्रामीणों ने कई बार नए भवन की मांग की, परंतु वर्षों की प्रतीक्षा के बाद भी स्थिति में कोई बदलाव नहीं आया। इसी बीच बालाजी समाज सेवा केंद्र के सचिव एवं वरिष्ठ पत्रकार कमला कान्त दूबे ने पहल करते हुए घोषणा की कि जब तक नया सरकारी भवन स्वीकृत नहीं होता, तब तक उनका संस्थान भवन आंगनबाड़ी केंद्र के लिए निःशुल्क उपलब्ध रहेगा। यह कदम गांव के लिए राहत से अधिक उम्मीद का संदेश था– एक ऐसा उदाहरण जहां समाज ने स्वयं आगे आकर जिम्मेदारी निभाई। दिसंबर 2022 से केंद्र बालाजी समाज सेवा केंद्र के भवन में संचालित है। इन ढाई वर्षों में भवन का कायाकल्प कमला कान्त दूबे की देखरेख में किया गया। भवन की मरम्मत, आकर्षक रंगाई-पुताई, दीवारों पर शैक्षणिक आकृतियां, मजबूत दरवाजे-खिड़कियां, सुरक्षित फर्श, रसोई, साफ-सुथरा शौचालय और बच्चों के लिए शुद्ध पेयजल की व्यवस्था ने इसे जिले के सर्वश्रेष्ठ मॉडल आंगनबाड़ी केंद्रों में शामिल कर दिया।





**NAME CHANGE**

I ANJALI alias ANJALI THAKUR D/O AJAY KUMAR R/O Patahi Roop Pakahi Khas Marwan Muzaffarpur Bihar-843113, have changed my name to ANJALI THAKUR.

**NAME CHANGE**

I SHUBHAM alias SHUBHAM THAKUR S/O VINOD KUMAR R/O Patahi Rup Subhankarpur Patahi Marwan Muzaffarpur Bihar-843113, have changed my name to SHUBHAM THAKUR.

# तेज रफ्तार कार ने दो को रौंदा, मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली**। थाना क्षेत्र के चितरकोली पंचायत के वार्ड संख्या 7 के गोपालपुर स्थित तुरीया टोला में मंगलवार को दो पड़ोसी महिलाओं की अर्थी एक साथ उठी। इस दौरान तुरिया टोला में परिजनों के चीख-पुकार से माहौल गमगीन रहा। मिली जानकारी के अनुसार दोनों महिलाओं की मौत बीते रविवार की देर शाम कोडरमा घाटी क्षेत्र स्थित ललकी मोड़ के समीप एक दर्दनाक सड़क हादसे में हुई है।इस सड़क दुर्घटना में दो मृतकों के अलावे तीन लोग गम्भीर रूप से घायल हैं,जिनका इलाज अस्पताल में चल रहा है।



**कैसे घटी घटना**

बिहार-झारखंड सीमावर्ती क्षेत्र गोपालपुर स्थित तुरीया टोला के दर्जनों लोग मजदूरी करने कोडरमा घाटी जाया करते हैं। वे प्रतिदिन सुबह घर में नाश्ता करके घर से निकलते हैं और कोडरमा घाटी में उतर कर जंगली क्षेत्र में अभ्रक चुनने का काम करते हैं।वहीं शाम को वापस यात्री बस से वापस अपने घर लौट जाते हैं। रविवार की शाम भी मजदूरों का एक जत्था कोडरमा घाटी के ललकी मोड़ पर बस का इंतजार कर रहा था। इसी बीच रांची से बेगुसराय जा रही टाटा कार तेज रफ्तार में अनियंत्रित होकर मजदूरों के जत्थे से जा टकराया। इस दर्दनाक हादसे में एक महिला विजय तुरिया की 40 वर्षीया पत्नी सुनीता देवी की मौत घटनास्थल पर कार से दबने के कारण हो गई, तो दूसरी महिला गोरेलाल तुरिया की 36 वर्षीया पत्नी लैलुनवा देवी की मौत अस्पताल में इलाज के क्रम में हो गई। इसके अलावे राजेंद्र तुरिया के 45 वर्षीय पत्नी लक्ष्वा देवी का कंधा टूट गया और 12 वर्षीय पुत्र सोनू कुमार एवं स्व. कृष्णा तुरीया के 25 वर्षीय नतिनी क्रांति देवी का दाहिना पैर दो-तीन जगह टूट गया।सभी घायलों का इलाज कोडरमा अस्पताल में चल रहा है।

**घटना को लेकर प्राथमिकी हुई दर्ज**

चितरकोली पंचायत के समाजसेवी राजकुमार यादव ने बताया कि घटना रविवार की देर शाम को हुई। घटना के बाद कोडरमा पुलिस द्वारा घायलों और मृतक के शव को कोडरमा अस्पताल ले जाया गया। सोमवार की सुबह जब वे अस्पताल पहुंचे और परिजनों से बातचीत की। इसके बाद दोपहर को लगभग 12 बजे मृतक महिला सुनीता देवी के पति विजय तुरिया ने लिखित आवेदन देकर कोडरमा थाना कांड संख्या 213/25 में प्राथमिकी दर्ज कराई गई।उसके बाद शाम में शव का पोस्टमार्टम कर पुलिस ने शव को परिजनों को सुपुर्द कर दिया। समाजसेवी अर्जुन सुधारी और मुकेश यादव ने कहा कि दुर्घटनाग्रस्त कार में चार लोग सवार थे,जो सुरक्षित हैं वहीं दुर्घटनाग्रस्त कार को पुलिस ने जब्त कर लिया है।

**पीड़ितों को मिले न्याय**

तुरीया टोला के पीड़ित परिजनों ने कहा कि वे मजदूरी करके अपने परिवार का पालन पोषण करते हैं।इस दर्दनाक हादसे से लोगों को बहुत आहत हुआ है। वे पुलिस-प्रशासन से न्याय के साथ पीड़ित परिजनों को सरकार द्वारा उचित मुआवजा दिया जाए,जो मृतक के आश्रितों के जीवन निर्वाह में सहायक हो।

**क्या कहते हैं अधिकारी**

इस संबंध में रजौली बीडीओ संजीव झा ने कहा कि पीड़ित परिजनों से मंगलवार को मुलाकात हुई है।सड़क दुर्घटना को लेकर कोडरमा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। बीडीओ ने पीड़ित परिजनों को कोडरमा प्रशासन से बातचीत कर नियमानुकूल मुआवजा दिलवाने का भी आश्वासन दिया है।

# जिलाधिकारी ने मामलों का किया ऑन स्पॉट समाधान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। जिलाधिकारी रवि प्रकाश द्वारा समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम, 2015 के अंतर्गत द्वितीय अपीलों की सुनवाई की गई। आज कुल छह परिवादी उपस्थित हुए, जिनमें से चार शिकायतों का ऑन स्पॉट निपटारा कर दिया गया।



परिवादी डॉ. प्रेमजीत कुमार, ग्राम–डुमरावां, प्रखंड–पकरीबरावां; मनोज कुमार, ग्राम–समाय, थाना–मुफस्सिल; शालू वर्मा, ग्राम–ढ़ोढ़ा, प्रखंड–पकरीबरावां तथा अरविन्द कुमार शर्मा, मोहल्ला–नवीन नगर, नवादा द्वारा दायर ऑनलाइन द्वितीय अपील एवं शिकायतों पर संबंधित पदाधिकारियों की ओर से प्राप्त जाँच प्रतिवेदन के आधार पर शिकायतों का निष्पादन किया गया।

बिहार लोक शिकायत निवारण अधिनियम, 2015 के तहत किसी भी मामले का दो माह के भीतर निवारण अनिवार्य है। प्रखंड स्तर पर पंचायतों से संबंधित शिकायतें अनुमंडलीय लोक शिकायत निवारण कार्यालय, नवादा सदर एवं रजौली में सुनी जाती हैं, जबकि जिला स्तरीय शिकायतों के निवारण हेतु जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, नवादा का कार्यालय समाहरणालय के मुख्य प्रवेश द्वार के दाहिनी ओर स्थित लोक सेवाओं का अधिकार अधिनियम भवन में संचालित है। सभी मामलों की सुनवाई पूरी तरह पारदर्शी रूप से की जाती है, जिसमें दोनों पक्षों को उपस्थित होकर अपनी बात रखने का अवसर दिया जाता है। अब शिकायत दर्ज करना और भी सरल हो गया है तथा ऑनलाइन माध्यम से भी कोई भी व्यक्ति शिकायत और अपील दायर कर सकता है एवं निर्धारित समय सीमा के भीतर समाधान प्राप्त कर सकता है।

आप भी बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के तहत अपनी शिकायत दर्ज कराएं और निश्चित समय सीमा में समाधान प्राप्त करें।

# विवाहिता की संदिग्ध मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। सारे थाना क्षेत्र के अलीनगर गांव में मंगलवार दोपहर एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। मामले में प्राथमिकी दर्ज करने की प्रक्रिया जारी है।

पुलिस के अनुसार मोबाइल के माध्यम से सूचना मिली थी कि अलीनगर निवासी योगेंद्र चौधरी द्वारा अपनी पतोह की हत्या कर दिए जाने की बात कही गई थी। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम तत्काल घटनास्थल पर पहुंची। मौके पर पहुंचने पर पुलिस को घर में कोई भी परिजन मौजूद नहीं मिला, जबकि एक महिला का शव पलंग पर पड़ा हुआ मिला। इसके बाद थानाध्यक्ष के निर्देश पर एफएसएल टीम को बुलाया गया, जिसने घटनास्थल का वैज्ञानिक तरीके से निरीक्षण कर साक्ष्य संकलित किया। पुलिस ने मृतका के मायके पक्ष के परिजनों को सूचना देकर बुलाया और आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए शव को अंत्य परीक्षण (पोस्टमार्टम) के लिए भेज दिया गया। परिजनों से आवेदन प्राप्त कर एफआईआर दर्ज करने की कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। पुलिस मामले की गहराई से जांच कर रही है। जांच के क्रम में हत्या, आत्महत्या या अन्य किसी कारण की संभावना को ध्यान में रखते हुए अनुसंधान किया जा रहा है।

# जिलाधिकारी ने की योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में आकांक्षी जिला अंतर्गत सभी योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। निदेशक डीआरडीए के द्वारा पीपीटी के माध्यम से आकांक्षी जिला अंतर्गत सभी योजनाओं के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। बैठक में विभिन्न सूचकांकों एवं संबंधित डेटा प्वाइंट की समीक्षा की गई। जिला पदाधिकारी ने नवादा जिला में चल रहे आकांक्षी जिला अंतर्गत विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तृत रूप से जायजा लिया। उन्होंने कहा कि नीति आयोग द्वारा निर्धारित आकांक्षी जिले के विभिन्न मानकों में लगातार सुधार की आवश्यकता है। उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, आपूर्ति सहित विभिन्न क्षेत्रों में सुधार के लिए लगातार प्रयास करने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया। साथ ही



आकांक्षी जिला के मानकों में सुधार को लेकर सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित विभाग सूचकांकों की संतृप्ति के लिए आवश्यक कदम उठाएं। पशु टीकाकरण बढ़ाने के लिए जागरूकता अभियान चलाने एवं कैंप लगाने का निर्देश दिया गया। कृत्रिम गर्भाधान बढ़ाने का भी निर्देश दिया गया। इसके अतिरिक्त जिला पदाधिकारी ने कार्यक्रम पदाधिकारी आईसीडीएस एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी को क्रियान्वित योजनाओं का उचित पर्यवेक्षण करने का निर्देश दिया। सात निश्चय से संबंधित महत्वपूर्ण योजनाओं के आधार पर नवादा जिला की रैंकिंग 11वां स्थान पर है। बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, कुशल युवा कार्यक्रम का कम उपलब्धि रहने के कारण जिला पदाधिकारी ने कहा कि कॉलेजों का रोस्टर बनाकर कैंप लगाना सुनिश्चित किया जाए ताकि योजनाओं की जानकारी सभी स्टूडेंट तक पहुंचे और इसका लाभ उठाएं।जिला पदाधिकारी ने कहा कि धरातल पर योजनाओं का उचित क्रियान्वयन आवश्यक है। उन्होंने यह भी कहा कि कई ऐसी योजनाएं हैं, जिनका क्रियान्वयन आमजन के हित के लिए अति आवश्यक है। ऐसी योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर चयन किया जाएगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि समुचित कार्य प्रारूप तैयार किया जाए ताकि योजनाओं का उचित क्रियान्वयन सुनिश्चित हो पाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को विभागवार लक्ष्य निर्धारित कर काम करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि हमारा मुख्य उद्देश्य है कि आमजन को सुविधा को ध्यान में रखते हुए योजनाओं के माध्यम से सीधे रूप से लाभान्वित किया जा सके। क्रियान्वित योजनाओं को शीघ्र पूर्ण करते हुए नीति आयोग को उपयोगिता भेजने का निर्देश दिया गया

# 20 सूत्री की बैठक 17 दिसम्बर को

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल**। कौआकोल प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय के सभागार भवन में 17 दिसम्बर को प्रखण्ड स्तरीय कार्यक्रम कार्यान्वियन समिति सह 20 सूत्री की बैठक आयोजित की जाएगी। इसकी जानकारी देते हुए बीडीओ सह 20 सूत्री के सचिव डॉ० अखिलेश कुमार ने बताया कि पूर्व में यह बैठक 10 दिसम्बर को ही आयोजित होना था,परन्तु अध्यक्ष, प्रखण्ड 20 सुत्री सह प्रखण्ड स्तरीय कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के द्वारा सूचित किया गया है कि जदयू प्रदेश कार्यालय पटना में बैठक रहने के कारण 17 दिसम्बर 2025 को बैठक रखने का प्रस्ताव दिया गया है। जिसके आलोक में बैठक की संशोधित तिथि 17 दिसम्बर को रखा गया है।

# डीएम ने की जिला स्तरीय सलाहकार एवं समीक्षा समिति की बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। जिलाधिकारी कुंदन कुमार की अध्यक्षता में जिला अग्रणी बैंक के तत्वाधान में जिला स्तरीय सलाहकार एवं समीक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। समीक्षा के क्रम में जिलाधिकारी महोदय ने कहा कि एसएलबीसी के नियमों के अनुसार इस मीटिंग में सभी की उपस्थिति अनिवार्य होनी चाहिए, कुछ बैंकों की अनुपस्थिति पर उन्होंने गहरी नाराजगी जाहिर की तथा भविष्य में सभी को नियमानुसार उपस्थित रहने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में सख्त निर्देश देते हुए कहा गया कि सभी बैंक ऋण देने में किसी भी प्रकार का आनाकानी न करें, अनावश्यक रूप से लाभुकों को परेशान न करे, न ही अनावश्यक दस्तावेज की मांग की जाए,




योग्य लोगों को पहचानकर ऋण दिए जाएं, जरूरतमंद लोगों को अनावश्यक रूप से दौड़ाते नहीं रहें, ताकि वे पलायन के लिए मजबूर न हो जाएं। सभी बैकों निर्देश देते हुए कहा कि बैंक द्वारा किए जा रहे उपल्बधियों से संबंधित सफलता की कहानी बनाएं, जिससे कि दूसरे लोग भी इससे प्रोत्साहित हो सकें। जिला प्रबंधक अग्रणी बैंक को पीएमईजीपी/ पीएमएफएमई जैसे ऋण के लिए एक मानक प्रारूप बनाने तथा आवश्यक दस्तावेज की सूची बनाने हेतु उन्होंने निर्देश भी दिया। कृषि आधारित ऋण पर चर्चा के क्रम में उन्होंने हाई वैल्यू क्रॉप एवं खाद्य प्रसंस्करण पर जोर दिया और किसानों को कृषि उद्यमी बनाने के लिए सभी बैंक से आह्वान किया | साथ ही सभी बैंकों द्वारा केसीसी-पशुपालन एवं मत्स्यपालन के तहत लाभुकों को उचित ऋण उपलब्ध कराने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि सभी संबंधित विभाग एवं संबंधित बैंक आपस में समन्वय स्थापित कर धरातल पर रहने वाले जरूरतमंद, गरीब लोगों तक आसानी से ऋण उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, ताकि उन्हें आर्थिक रूप से सबल बनाया जा सके। इस बैठक में जिले भर के विभिन्न प्रखंडों से आए व्यवसाय करने हेतु ऋण प्राप्त करने वाले आवेदकों द्वारा बैंक द्वारा उत्पन्न समस्याओं को बताया गया, जिसे जिलाधिकारी महोदय ने सभी संबंधित बैंकर्स को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि एक सप्ताह के अंदर संबंधित आवेदकों के समस्याओं को निष्पादन करते हुए आसानी से हर हाल में ऋण उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री जी एवं माननीय मुख्यमंत्री जी का भी यही उद्देश्य है कि जरूरतमंदों के बीच बैंकर्स द्वारा आसानी से ऋण उपलब्ध कराया जाए, ताकि उन्हें आर्थिक रूप से सबल बनाया जा सके। महाप्रबंधक उद्योग विभाग को निर्देश दिया गया कि पीएमईजीपी/पीएमएफएमई के अस्वीकृत आवेदन की लाभुक वार समीक्षा करें तथा इसके लिए लाभुकों के साथ एक मीटिंग निर्धारित करें। नीलाम पत्र वाद पर चर्चा के क्रम में उन्होंने निर्देश दिया कि इसमें तेज़ी लायी जाए जिससे कि बैंक ऋण की वसूली आसानी से हो सके। सभी बैंकों को भी निर्देश दिया गया कि रजिस्टर 9 व 10 का मिलान करें तथा तलवाना शुल्क जमा करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी विभाग एवं बैंक आपस में मिलकर एक टीम की तरह कार्य करें, जिससे कि जिले का समग्र विकास हो सके।

# सीसीटीवी लगने से कम होंगी आपराधिक घटनाएं

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली**। नवसृजित नगर पंचायत को बने तीन वर्ष हो चुके हैं।नगर पंचायत बनने के बाद गली-मोहल्लों और चौक-चौराहों पर को साफ-सफाई के साथ लाइटिंग की व्यवस्था की गई है। नगरवासियों द्वारा होल्डिंग टैक्स, ट्रेडिंग टैक्स, होर्डिंग टैक्स, भवन निर्माण टैक्स समेत कई प्रकार के टैक्स जमा किया जा रहा है।इसके बावजूद नगर क्षेत्र में बाइक चोरी और गृहभेदन से नगरवासी खुद को सुरक्षित महसूस नहीं कर रहे हैं। हालांकि घटनाओं के बाद पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर अनुसंधान भी करती है,किंतु साक्ष्यों के संकलन में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। यदि नगर पंचायत क्षेत्र के चौक-चौराहों पर सीसीटीवी लगा रहे, तो पुलिस-प्रशासन को भी अपराधिक घटनाओं पर रोक लगाने में सहायता मिलेगी। वहीं रजौली नगर पंचायत के जनप्रतिनिधियों और पदाधिकारियों की उदासीन रवैए से सीसीटीवी नहीं लग सका है,जबकि बोर्ड द्वारा सीसीटीवी लगाने का प्रस्ताव पारित हो चुका है। मिली जानकारी के अनुसार अन्य नगर निकाय क्षेत्रों में सीसीटीवी लगाया जा चुका है,किंतु रजौली में सीसीटीवी कब लगेगा यह भविष्य के गर्त में है।

**बाइक चोरी के हॉट स्पॉट**

नगर पंचायत स्थित अनुमंडलीय अस्पताल,प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर,रजौली इंटर विद्यालय व बीआरसी भवन समेत विभिन्न बैंकों के बाहर खड़ी बाइकों की अंधाधुंध चोरी अज्ञात चोरों द्वारा की जा चुकी है।पुलिस भी प्राथमिकी दर्ज कर अनुसंधान में जुटी हुई है,इनमें से कुछ मामलों का उद्भेदन भी हुआ है और बहुत सारे चोरी के मामले लंबित भी हैं।

**क्या कहते नगरवासी**

नगर पंचायत स्थित पुरानी बस स्टैंड के डॉ. के. के. चौधरी ने बताया कि बीते कई माह पूर्व प्राणचक मोड़ के समीप एक बिहार दारोगा के बंद घर से हुई लगभग एक करोड़ रुपए के जेवरातों की चोरी होने पर आज तक नहीं हो पाया है। साथ ही कहा कि उनके क्लिनिक के बगल में स्टेट बैंक में कई बाइकों की चोरी जैसी घटनाएं घटित होते रहती है। बैंक में ग्राहक 10 से 20 हजार रुपए निकालने आता है और लाख रुपयों की बाइक गवां बैठता है। वहीं बभनटोली निवासी सुरेन्द्र कुमार गोलू ने कहा कि नगर पंचायत क्षेत्र में सीसीटीवी लगने से अपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगेगा और पुलिस को भी साक्ष्य संकलन में सुविधा मिलेगी। उन्होंने नगर पंचायत प्रशासन से जल्द से जल्द सीसीटीवी लगाने की मांग की है।

# नमामि गंगे कार्यक्रम की समीक्षा बैठक में जल संरक्षण और विकास कार्यों में तेजी का निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार की अध्यक्षता में नमामि गंगे कार्यक्रम के तहत जिला गंगा समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें पर्यावरण संरक्षण और जल प्रबंधन से जुड़े प्रमुख कार्यों की प्रगति की समीक्षा हुई। वन प्रमंडल नालंदा के अनुसार वर्ष 2025-26 में निर्धारित 36,200 पौधों में से 32,980 पौधे रोपे जा चुके हैं। डीएम ने शेष लक्ष्य को शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया। मनरेगा द्वारा जिले में जल-जीवन-हरियाली अभियान के तहत 5,52,000 पौधे रोपित करने का लक्ष्य है, जिसके लिए सभी प्रखंडों में कार्य प्रारंभ हो चुका है। पौधों



की सुरक्षा हेतु ट्री गार्ड लगाने में तेजी लाने के निर्देश भी दिए गए। नगर निगम क्षेत्र में दो स्थानों—वार्ड 23 सोहनकुओं और वार्ड 5 सलेमपुर—में विद्युत शवदाहगृह का निर्माण जारी है। नालों की निकासी सुधारने के लिए मोगल कुआँ से भत्तु सेठ तक नाला और फोरलेन सड़क निर्माण तेजी से चल रहा है। वहीं, चंडी, नगरनौसा और सरमेरा प्रखंडों में विभिन्न नदियों पर वीयर और चेकडैम निर्माण कार्य प्रगति पर है। टाल क्षेत्र विकास योजना के तहत कई नदियों की उड़ाही, नए स्लूइस गेट और रिवर फ्रंट विकास कार्य शुरू किए जा रहे हैं। इन संरचनाओं से भू-जल स्तर में सुधार और वर्षा जल संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा। बैठक में खनन गतिविधियों की निगरानी और अवैध खनन पर कार्रवाई को भी सख्ती से लागू करने की बात कही गई। कई विभागों के पदाधिकारी बैठक में उपस्थित रहे।

# प्रखंड कांग्रेस कार्यालय में सोनिया गांधी का जन्मदिन धूमधाम से मना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**


**रजौली**। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष श्रीमती सोनिया गांधी का 79वां जन्मदिन 9 दिसंबर 2025 को रजौली प्रखंड कांग्रेस कार्यालय, महादेव नगर में पूरे उत्साह और धूमधाम से मनाया गया। यह आयोजन प्रखंड कांग्रेस कार्यकर्ताओं की एकजुटता और सोनिया जी के प्रति गहरे सम्मान का प्रतीक बना। कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रामरतन गिरी की अध्यक्षता में आयोजित इस समारोह का मुख्य आकर्षण केक काटना रहा, जिसके बाद सभी कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को बधाई दी। इस अवसर पर सोनिया गांधी जी के लंबे, स्वस्थ और खुशहाल जीवन की कामना की गई।रजौली प्रखंड जैसे ग्रामीण क्षेत्र में इस तरह का आयोजन कांग्रेस पार्टी की जमीनी स्तर पर सक्रियता को मजबूत करता है। कार्यकर्ताओं ने कहा कि सोनिया गांधी जी ने हमेशा पार्टी को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, और ऐसे स्थानीय कार्यक्रम मतदाता जुड़ाव और सामुदायिक एकता को बढ़ावा देते हैं।

प्रखंड अध्यक्ष को सभी कार्यकर्ताओं द्वारा इस सफल और शानदार आयोजन के लिए बधाई दी गई। यह उत्सव भारतीय राजनीति में सोनिया गांधी के महत्वपूर्ण योगदान को याद करने का एक अवसर भी बना साथ हीं जय हिंद,जय कांग्रेस का उद्घोष गूंजा।इस आयोजन में प्रखंड और जिला स्तर के कई प्रमुख कार्यकर्ता मौजूद रहे, जिन्होंने सोनिया गांधी जी के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की। उपस्थित कार्यकर्ताओं में प्रखंड उपाध्यक्ष मोहन चौधरी, इंटक जिला महामंत्री कुंदन दीप, पैक्स अध्यक्ष रियाजुद्दीन, मनोबर अंसारी, रंजन कुमार, दीपक कुमार और अन्य सक्रिय कांग्रेसी नेतागण प्रमुख थे।

# राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रति जागरूक हेतु प्रभात फेरी आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

नवादा। नालसा एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निर्देश पर तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा शिल्पी सोनीराज के मार्गदर्शन में 9 दिसम्बर 2025 को प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा धीरेन्द्र कुमार पाण्डेय के निर्देशन में आयोजित किया गया। 13 दिसम्बर 2025 को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रति आमजन को जागरूक करने हेतु आयोजित इस




प्रभात फेरी में जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा के बैनर तले शिक्षा विभाग के संरक्षण में अभ्यास मध्य विद्यालय, नवादा के शिक्षक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रभात फेरी नवादा शहर के विभिन्न चौक-चौराहों से गुजरते हुए प्रजातंत्र चौक तक निकाली गई, जहां जागरूकता संदेश के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य लोगों को राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक मामलों के निवारण हेतु प्रोत्साहित करना एवं विधिक जागरूकता को बढ़ावा देना था।

## एक नजर

### कादिरगंज में होगा चैलेंजर ट्रॉफी का आयोजन

**नवादा**। जिला क्रिकेट संघ नवादा से निबंधित चैलेंजर ट्रॉफी अंडर 14 क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन कल आती उच्च विद्यालय, कदीरगंज के मैदान में किया जाएगा। इस आयोजन में नवादा जिले के युवा खिलाड़ियों को जौहर दिखाने का सुनहरा अवसर दिया जा रहा है। सभी पांच टीमों का गठन ट्रायल के माध्यम से किया गया है एवं सभी टीमों में 16-16 खिलाड़ियों को रखा गया है, इंस्ट्रूमेंट की सभी पांच टीमें (नवादा बैरियर्स, होंडा हीटर्स, लौंध लवर्स,नारदीगंज लायंस कादिरगंज कोब्रास) एक दूसरे से भिड़ेगी तथा प्वाइंट्स टेबल में टॉप पर रहने वाली दो टीमें फाइनल खेलेगी। इसी क्रम में आज खिलाड़ियों के ड्रेस का अनावरण जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष राजेश कुमार मुरारी, सचिव राकेश कुमार, बीसीए मैनेजर मनीष आनंद, सुभाष प्रसाद, बबलू वर्मा के द्वारा किया गया।

### टैब में बच्चों का किया जा रहा रजिस्ट्रेशन

**पकरीबरावां**। सरकारी विद्यालयों में टैब से बच्चों की उपस्थिति दर्ज होगी। इसके लिए विद्यालय के प्रधानों को ऑनलाइन ट्रेनिंग दी गई है। कई विद्यालयों ने बच्चों का रजिस्ट्रेशन भी शुरू कर दिया है। प्राथमिक विद्यालय सुदनपुर उर्दू, उत्क्रमित मध्य विद्यालय रेवार पश्चिमी सहित अन्य विद्यालयों में बच्चों का रजिस्ट्रेशन किया गया है। शिक्षकों का भी रजिस्ट्रेशन किया जा रहा है।

### प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान आयोजित

**नारदीगंज (नवादा)**। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नारदीगंज में मंगलवार को प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षित अभियान आयोजित हुई। इस कार्यक्रम के तहत प्रखंड के विभिन्न गांवों के 211 गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य जांच किया गया। चिकित्सक ने गर्भवती महिलाओं को पौष्टिक आहार लेने की सलाह दिये। लैब टेक्नीशियन जितेंद्र कुमार, आशुतोष कुमार ने उपस्थित महिलाओं को खून, रक्तचाप समेत अन्य जांच किया। मौके पर प्रभारी डा. नवीन कुमार, डा.प्रवीण कुमार, डा. इंद्रदेव कुमार समेत अन्य रहे।

### कृषि विभाग की उर्वरक निगरानी समिति की बैठक

**नारदीगंज (नवादा)**। प्रखंड कार्यालय नारदीगंज के परिसर में स्थित कृषि विभाग कक्ष में मंगलवार को कृषि विभाग का उर्वरक निगरानी समिति की बैठक हुई। अध्यक्षता बीएओ विवेक कुमार गौरव ने की। बीएओ ने कहा रबी फसलों को उत्पादन करने में किसान लगे हुए हैं। किसानों को उर्वरक के लिए भटकना नहीं पड़े। उन्हें कोई परेशानी नहीं हो। यहां पर्याप्त मात्रा में खाद सभी विक्रेताओं के पास उपलब्ध है। खाद सरकारी दर बिक्री करना है। उर्वरक को पाश मशीन के द्वारा किसानों करना है। वैसे खाद विक्रेताओं का लाइसेंस की अवधि समाप्त हो गई है, वे जल्द अपने लाइसेंस को रिन्युअल करा लें। खाद की कालाबाजारी की शिकायत मिलने पर विभागीय कार्रवाई भी होगी। इसके अलावा अन्य बिंदुओं पर चर्चा हुई। मौके पर कृषि समन्वयक संजय कुमार, अजय कुमार, बीटीएम त्रिलोकीपति नाथ, एटीएम सोनम कुमारी, प्रियंका कुमारी, चंदन कुमार, किसान सलाहकार मुन्ना कुमार, विक्रेताओं में पूनम कुमारी, दिलीप कुमार, राधारमण प्रसाद, अजय कुमार, अजीत कुमार, कुंदन कुमार, राजू कुमार समेत अन्य शामिल हुए।

### गर्भवतियों को दी गई ठंढ से बचने की सलाह

**कौआकोल**। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, कौआकोल में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत मंगलवार को गर्भवती माताओं की स्वास्थ्य जांच के लिए शिविर आयोजित हुआ। इस शिविर में 100 से अधिक गर्भवती माताओं की स्वास्थ्य की जांच की गई। शिविर के दरम्यान गर्भवती माताओं की वजन, बीपी, खून आदि की निःशुल्क जांच कर आवश्यक दवाइयां उपलब्ध कराई गई। कैंप में गर्भवती माताओं को खून की कमी से बचने के लिए संतुलित आहार और आयरन की गोली लेने की सलाह देने के साथ ही एक माह तक के लिए दवाईयां निःशुल्क दिया गया। चिकित्सकों द्वारा गर्भवती माताओं को प्रसव के दौरान निर्धारित समय पर जांच कराने, संस्थागत प्रसव, गर्भावस्था के दौरान होने वाले खतरे के गंभीर लक्षणों के बाद चिकित्सीय सलाह लेने, जननी शिशु सुरक्षा योजना की जानकारी दी गई। शिविर में गर्भवती माताओं का रक्त जांच एवं पेशाब जांच का सैंपल लिया गया। इसके अलावा प्रसव महिलाओं को अपने निकटतम बैंक में खाता खुलवाने का निर्देश भी दिया गया। ताकि प्रसव के उपरांत लाभुकों के खाते पर राशि भेजी जा सके। वहीं गर्भवती माताओं को ठंढ से बचने की भी सलाह दी गई। मौके पर पीएचसी के चिकित्सक, एएनएम,एनम व स्वास्थ्य कर्मी आदि मौजूद थे।

### सरकारी आवास जर्जर, किराए के मकान में रहने को विवश अधिकारी

**कौआकोल**। कौआकोल प्रखण्ड सह अंचल मुख्यालय परिसर स्थित बीडीओ आवास को छोड़कर सभी सरकारी आवासीय भवन जर्जर होकर रह गया है। जिससे अधिकारी किराए के मकान में रहने को विवश हैं। वहीं कई अधिकारी जिला मुख्यालय से आवागमन कर ड्यूटी कर रहे हैं। वहीं वर्तमान सीओ प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय भवन में बनें कैंटीन में अस्थाई रूप से रहने को विवश हैं। बता दें कि कौआकोल प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय परिसर में कई आवासीय भवन बनें हैं। परंतु रखरखाव के अभाव में सभी भवन जीर्णशीर्ण व पूरी तरह जर्जर हो गए हैं। जहां सरकार अधिकारियों को मुख्यालय में ही रहकर ड्यूटी करने की चेतावनी दे रखी हैं,वहीं इन अधिकारियों को यहां रहने में खुद की समस्याओं का अंबार लगा है। गौरतलब है कि सीओ, पीओ,बीसीओ, राजस्व अधिकारी, एमओ आदि अधिकारी दिनभर आमजन की समस्याओं का निदान करते रहे है,पर खुद के रहने के लिए मिले सरकार आवास की मरम्मत नहीं करा पा रहे है। वहीं इन अधिकारियों की आवास वाली समस्या को न तो कोई जनप्रतिनिधि और न ही वरीय अधिकारी गंभीरता से ले रहे है। इसी कारण अधिकारी एवं कर्मियों को सरकारी आवास के बजाए किराए के ही मकान में रहना पड़ रहा है। जर्जर सरकारी आवास की मरम्मत के लिए जनप्रतिनिधियों एवं वरीय अधिकारियों का भी ध्यान आकृष्ट कराया गया था,पर किसी ने इस गंभीर समस्या को गंभीर नहीं माना। स्थानीय कर्मियों की माने तो प्रखंड सह अंचल कार्यालय के अस्तित्व में आने के बाद अधिकारी व कर्मियों के लिए आवास बना था,जो समुचित देखरेख व मरम्मत के आभाव में बर्बाद हो गया है।

### बोर्ड की बैठक में विकास योजनाओं पर चर्चा

**बिहारशरीफ**। हरनौत नगर पंचायत कार्यालय में मंगलवार को नगर पंचायत की बोर्ड बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर क्षेत्र के विकास, स्वच्छता व्यवस्था एवं नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने को लेकर विभिन्न प्रस्तावों पर विस्तार से चर्चा की गई। नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी सौरभ सुमन ने बताया कि बैठक में स्वीपिंग मशीन की खरीद, स्प्रिंकलर मशीन की खरीद, बाजार क्षेत्र में तिरंगा लाइट लगाने, आवारा कुत्ता एवं पशु पकड़ने की मशीन की खरीद जैसे प्रस्तावों पर विचार किया गया। इसके साथ ही सभी वार्डों में स्थित सामुदायिक भवन, किसान भवन, पंचायत सरकार भवन एवं अन्य सरकारी भवनों के जीर्णोद्धार एवं रंग-रोगन कराने पर सहमति बनी। सभी वार्डों में कराई जाने वाली योजनाओं पर भी गहन मंथन किया गया। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि नगर क्षेत्र में 1100 लीटर क्षमता वाले लोहे के डस्टबिन लगाए जाएंगे। साथ ही नगर की पहचान को मजबूत बनाने के लिए "आई लव माई हरनौत" डिजिटल लाइट बोर्ड लगाने तथा भारतीय तिरंगा वीर पोल लगाने के प्रस्ताव पर भी चर्चा हुई। इसके अलावा पोरई एवं सबनहुआ छठ घाट पर ओपन जिम स्थापित करने एवं सफाई एजेंसी के चयन हेतु आरएफपी प्रक्रिया पर भी विचार-विमर्श किया गया।

### एएसपी शैलजा ने किया चिकसौरा व नगरनौसा थाने का निरीक्षण

**हिलसा (नालंदा)**। एएसपी सह अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी शैलजा ने सोमवार की देर शाम चिकसौरा थाना एवं नगरनौसा थाना का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने थाना भवन, हाजत, थाना परिसर अभिलेख, थाना दैनिकी, सीसीटीएनएस की कार्यशैली एवं महिला हेल्प डेस्क इत्यादि का अवलोकन कर महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए साथ ही लंबित कांडों की समीक्षा करते हुए उसे त्वरित निष्पादन करने के लिए निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना परिसर की व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए पुलिसकर्मियों को अपने कार्य में अनुशासन और तत्परता बनाए रखने लिए निर्देशित किया गया। अधिकारियों के साथ बैठक कर कांडों की समीक्षा की। अनुसंधान में तेजी लाने का और साथ ही कई दिशा निर्देश भी दिया गया। उन्होंने अपराध पर नियंत्रण करने व ठंड के मौसम मे चोरी रोकने के लिए गश्ति को तेज करने का कहा गया। अपराध व न्यायालय से जुड़े मामलों का त्वरित निष्पादन करने पर जोर दिया। आरोपितों को शीघ्र गिरफ्तार करने व स्टेशन व केस डायरी को अपडेट रखने की भी हिदायत दी। मौके पर चिकसौरा थानाध्यक्ष गौरव सिंधु, नगरनौसा थानाध्यक्ष शशि रंजन मिश्रा आदि मौजूद थे।

# एससी एसटी अत्याचार के तहत 40 पीड़ित लाभुकों को किया गया मुआवजा भुगतान : डीएम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति अत्याचार से पीड़ित व्यक्तियों के लिए सुविधा प्रदान करने के लिए बिहार सरकार अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत मुआवजा प्रदान करना है। जिलाधिकारी शशांक शुभंकर द्वारा आज 40 पीड़ित लाभुकों को 2278600 रुपये मुआवजा भुगतान करने का आदेश दिया है, जो सीधे पीड़ित परिवार के बैंक खाते में जाएगी। उन्होंने बताया कि गया जिला के विभिन्न थानों से प्राप्त प्राथमिकी एवं आरोप पत्र पर भुनसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम 1989 एवं समय-समय पर पीडित/पीड़िता को राहत अनुदान के कुल 40 मामले जिसमें प्रथम किस्त के 24 मामलों में कुल राशि-978600/- एवं द्वितीय किस्त के 16 मामलो में कुल राशि- 1300000/- के भुगतान का आदेश दिया गया। डीएम ने कहा कि अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के सदस्यों को अत्याचार से सुरक्षा प्रदान करने के लिए राज्य सरकार के द्वारा अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम है। इस अधिनियम के के तहत अत्याचार के मामलो में राहत अनुदान की राशि का भुगतान पीड़ित / पीड़िता को उनके आधार से सम्बद्ध बैंक खातों पर डीबीटी के माध्यम से किया जा रहा है। इस अधिनियम के तहत गाली गलौज एवं अपमानित करने के मामले में धारा में कुल राशि 100000/- रू0 जिसमें प्राथमिकी पर 25% (25000/-) न्यायालय में आरोप पत्र भेजे जाने पर 50% (50000/-) तथा दोष सिद्ध होने के उपरांत शेष 25% (25000/-) राशि का भुगतान किया जाता है। मार पीट / गम्भीर चोट के मामलो में इस अधिनियम की धारा 3 (2) के तहत कुल राशि 200000/- जिसमें प्राथमिकी पर 25% (50000/) न्यायालय में आरोप पत्र भेजे जाने पर 50% (100000/-) तथा दोष सिद्ध होने के उपरांत शेष 25% (50000/-) राशि का भुगतान किया जाता है। बलात्संग एवं सामूहिक बलात्संग के मामले में क्रमशः 500000/- एवं 825000/- जिसमें चिकित्सा जांच और पुष्टि के पश्चात 50% तथा न्यायालय में आरोप पत्र भेजे जाने पर 25% तथा दोष सिद्धि के उपरांत शेष 25% का भुगतान पीड़िता को उनके खाते पर डीबीटी के माध्यम से किया जाता है। हत्या या मृत्यु के मामलो में कुल अनुमान्य राशि 825000/- जिसमें शव परीक्षण के उपरांत 50% रू 412500/- तथा न्यायालय में आरोप पत्र भेजे जाने पर 50% 412500/- पीड़ित के आश्रित को रू0 5000/- एवं महंगाई भत्ता के साथ प्रतिमाह पेंशन तथा माननीय न्यायालय में आरोप गठन के उपरांत परिवार के किसी सदस्य को नौकरी दिये जाने का प्रावधान है।

# लंबित मामलों में कठोर कार्रवाई करने का जिलाधिकारी ने दिया निर्देश



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** जिलाधिकारी शशांक शुभंकर के दैनिक जनता दरबार में हर दिन आम जनता अपनी समस्या को लेकर आते हैं और समस्या से अवगत जिला पदाधिकारी को करवाते हैं। जिलाधिकारी द्वारा उन आवेदनों को संबंधित कार्यालय/ विभाग को अनुपालन/ समाधान के लिये भेजते हैं, ताकि आवेदन के आलोक में आवेदक को बुलाकर उनकी पूरी मामला को समझे और समस्याओं का निबटारा करे।

जिलाधिकारी गया ने जनता की समस्याओं को ससमय निबटारा के लिये अलग -अलग तिथिवार रोस्टर बनाया है और जनता के आवेदन किस विभाग से संबंधित था, उनका अलग अलग तिथि में जिला पदाधिकारी स्वयं संबंधित विभागीय पदाधिकारी के समीक्षा कर आवेदनों की निष्पादन संबंधित समीक्षा भी कर रहे हैं।

जिला पदाधिकारी ने रोस्टर की तिथियों के अनुसार जिस विभाग में जनता दरबार का जितना आवेदन भेजा गया है, उसमें से रैंडम कुछ आवेदक (जनता) को सूचित कर, उस रोस्टर के तिथि में उनको बुलाया भी जा रहा है जिससे पता चल सके कि आवेदनों को निबटारा वास्तव में किया जा रहा है अथवा नहीं। अगर आवेदन को लंबित रखा जा रहा है, उसका ठोस कारण की भी समीक्षा की जा रही है। इसी कड़ी में आज रोस्टर के अनुसार अपर समाहर्ता राजस्व कार्यालय में समर्पित जनता दरबार के आवेदनों की निष्पादन की समीक्षा की गई। कुछ आवेदकों को भी उपस्थित करवाया गया जो अपनी समस्या को जिला पदाधिकारी के समक्ष रखे। अपर समाहर्ता राजस्व के यहां प्रेषित जनता दरबार के आवेदनों के निबटारा की समीक्षा में पाया गया कि कुछ मामले राजस्व कर्मचारियों द्वारा जानबूझकर बिना की कारण के लंबित रख रहे हैं, साथ ही अंचलाधिकारी द्वारा भी अपने राजस्व कर्मचारियों की दैनिक समीक्षा नही कर रहे हैं। जिला पदाधिकारी ने अपर समाहर्ता राजस्व को निर्देश दिए हैं कि अगले 7 दिनों में विशेष रूप से स्वयं जांच कि किस स्तर पर आवेदनों को लंबित रखा जा रही, ताकि उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जा सके।

# गोदाम से दो हजार बोतल अंग्रेजी शराब बरामद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**कोंच।** पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर सोमवार शाम करीब 7 बजे कोंच बाजार स्थित ललन शर्मा की दुकान के गोदाम पर छापेमारी कर दो हजार पीस अंग्रेजी शराब की बोतलें बरामद कीं। पुलिस के अचानक पहुंचते ही गोदाम किराए पर लेकर कारोबार कर रहा शराब तस्कर राकेश शर्मा उर्फ कुटुंब जी मौके से फरार हो गया। थानाध्यक्ष सुदेह कुमार ने बताया कि बरामद शराब के सभी कार्टन बड़े पैमाने पर अवैध बिक्री के लिए गोदाम में छुपाकर रखे गए थे। उन्होंने कहा कि राकेश शर्मा लंबे समय से अवैध शराब कारोबार में सक्रिय था और मांग के अनुसार ऊंचे दाम पर शराब सप्लाई करता था। पुलिस ने मंगलवार दोपहर 3 बजे फरार तस्कर और दुकान मालिक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर लगातार छापेमारी की जा रही है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में अवैध शराब कारोबार पर रोक लगाने के लिए अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# मगध विश्वविद्यालय में कुलपति ने किया सितंबर माह का न्यूज लेटर जारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गयाजी।** मगध विश्वविद्यालय में मंगलवार को कुलपति एस. पी. शाही की उपस्थिति में सितंबर माह के न्यूज लेटर का विमोचन किया गया। कुलपति कार्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय की शैक्षणिक उपलब्धियों, अनुसंधान से जुड़े कार्यों तथा विभिन्न विभागों में हुई सह-पाठ्यक्रमीय गतिविधियों का संकलन प्रस्तुत किया गया है। कार्यक्रम में प्राचार्य दीपक कुमार, कुलानुशासक उपेंद्र कुमार समेत विभिन्न संकायों के वरिष्ठ सदस्य उपस्थित रहे। मीडिया प्रकोष्ठ के सदस्यों में जन संपर्क पदाधिकारी परम प्रकाश राय, राजेश कुमार, धर्मेंद्र कुमार, मीनाक्षी प्रसाद और पूनम सिंह विशेष रूप से शामिल हुए। न्यूज लेटर जारी किए जाने के बाद एस. पी. शाही ने कहा कि यह प्रकाशन केवल विश्वविद्यालय की गतिविधियों का दस्तावेज भर नहीं है, बल्कि शोध, नवाचार और शैक्षणिक प्रगति की जीवंत अभिव्यक्ति है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के प्रकाशन से छात्र और शिक्षक के बीच संवाद मजबूत होता है और विश्वविद्यालय की सामूहिक उपलब्धियां सामने आती हैं। कुलानुशासक उपेंद्र कुमार और प्राचार्य दीपक कुमार ने न्यूज लेटर प्रकाशन को पारदर्शिता एवं संस्थागत ऊर्जा बढ़ाने वाला कदम बताया। कार्यक्रम का संचालन जन संपर्क प्रकोष्ठ द्वारा किया गया। अंत में परम प्रकाश राय ने उपस्थित सभी सदस्यों और मीडिया प्रतिनिधियों को धन्यवाद दिया।

# चिकित्सा पदाधिकारी का आकस्मिक निधन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गुरारू।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, गुरारू में पिछले तीस सालों से पदस्थापित आयुष चिकित्सा पदाधिकारी डॉ.अंजारूल हक का सोमवार को आकस्मिक निधन हो जाने से लोग हतप्रभ हैं। इस संबंध में बिहार चिकित्सा जन स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के जिला मंत्री चितरंजन सिंह एवं जिला उपाध्यक्ष सह फर्मासिस्ट मो. मुस्तफा अंसारी ने बताया कि स्व.डॉ.हक फुलवारी शरीफ, पटना प्रखण्ड क्षेत्र के नौसा गांव के निवासी थे। प्रथम पदस्थापना भागलपुर के बाद वर्ष 1995 में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, गुरारू में पदस्थापित किये गये।

# 15 अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर गर्भवतियों की प्रसव पूर्व जांच सुविधा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** जिला में गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य का ध्यान रखने के लिए प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान दिवस संचालित किया जा रहा है। प्रत्येक माह के 9, 15 और 21 तारीख को इस दिवस का संचालन कर गर्भवती की प्रसव पूर्व जांच की जाती है। प्रसव पूर्व जांच में गर्भवती का वजन, रक्तचाप, रक्तपरीक्षण, पेट का माप, यूरीन टेस्ट व हीमोग्लोबिन सहित दूसरी आवश्यक जांच की जाती है। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान दिवस पर मिलने वाली सेवाओं को अधिक से अधिक गर्भवती महिलाओं तक पहुंचाने तथा सेवा की उपलब्धता को आसान बनाने के उद्देश्य से कार्यक्रम का विस्तार किया गया है। अब प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान दिवस का संचालन अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तथा शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर भी किया जायेगा। इसके तहत जिला के 15 अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर इस दिवस के तहत मातृत्व स्वास्थ्य से जुड़ी सेवाएं उपलब्ध होगी। इस क्रम में सिविल सर्जन डॉ राजाराम प्रसाद, डीपीएम जिला स्वास्थ्य समिति नीलेश कुमार, मोहड़ा प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ विजयालक्ष्मी द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर बीएचएम प्रफुल्ल राज तथा यूनिसेफ से संजय कुमार भी मौजूद रहे।

इस संबंध में जिला स्वास्थ्य समिति डीपीएम नीलेश कुमार ने बताया कि बुधवार को मोहड़ा प्रखंड अंतर्गत गहलौर अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत कार्यक्रम का प्रथम बार विधिवत शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर गर्भवती महिलाओं की चिकित्सकों द्वारा गुणवत्तापूर्ण प्रसव पूर्व जांच की गयी। जांच में हीमोग्लोबीन, रक्तचाप, यूरीन एल्बूमिन की जांच की गयी। वहीं उच्च जोखिम वाले प्रसव की पहचान कर आवश्यक परामर्श एवं फॉलो-अप की व्यवस्था सुनिश्चित की गई।

# महिला ने पड़ोसी ग्रामीणों पर मारपीट व तोड़फोड़ का आरोप लगाया

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** आंती थाना क्षेत्र के दौरमा निवासी बेबी देवी पति सुरेंद्र दास ने पड़ोसी गांव अंगरा के छह लोगों पर जातिसूचक गाली देने, घर में जबरन घुसकर मारपीट करने, तोड़फोड़ करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। इस संबंध में उन्होंने आंती थाना में आवेदन देकर कठोर कार्रवाई की मांग की है। आवेदन में बेबी देवी ने बताया कि घटना 1 दिसंबर की शाम करीब 4 बजे तब शुरू हुई जब अंगरा गांव के मिथलेश सिंह, राजकुमार सिंह, रामाशीष सिंह, वरुण कुमार सिंह, कुणाल कुमार सिंह और झुन्नू सिंह खेत में बोझा उठाने को लेकर विवाद करने लगे। उनके अनुसार रात लगभग 11 बजे सभी आरोपित हथियार लेकर उनके घर पहुंचे और गाली-गलौज करते हुए दरवाजा तोड़ने लगे। विरोध करने पर आरोपित घर के अंदर घुस आए और कपड़े, अनाज (चावल, आटा) समेत घरेलू सामान फेंककर बिखेर दिया। पीड़िता ने कहा कि आरोपितों ने पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी तथा उनके पति और बेटे के साथ मारपीट की। पिस्टल दिखाकर डराने-धमकाने का भी आरोप लगाया गया है। उन्होंने बताया कि बोझा उठाने के मामले को लेकर दोनों पक्षों में पूर्व से विवाद चल रहा है और हाल ही में दूसरे पक्ष द्वारा भी थाने में मामला दर्ज कराया गया था जिसके बाद तनाव और बढ़ गया। पीड़िता ने पुलिस से निष्पक्ष जांच कर आरोपितों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। आंती प्रभारी थानाध्यक्ष मीरा कुमारी ने बताया कि मंगलवार को मामले में कांड संख्या 150/25 दर्ज कर ली गई है और अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# ट्रक से भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**डोभी/गयाजी।** डोभी समेकित जांच चौकी की पुलिस ने अवैध शराब तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक ट्रक से भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद की है। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने मौके से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान उदय कुमार, पिता शिवनाथ राय, साकिन-राम मंदिर, इन्द्रप्रस्थनगर, रामपुर, थाना-गोरेसरा, जिला-वैशाली (बिहार), उम्र लगभग 40 वर्ष के रूप में हुई है। जांच के दौरान ट्रक से कुल 2701.800 लीटर विदेशी शराब बरामद की गई। पुलिस के अनुसार मामले में आवश्यक अनुसंधान पूरा होने के बाद आरोप-पत्र न्यायालय में प्रेषित किया जाएगा। छापेमारी दल में शामिल अधिकारी एवं जवान विजय कुमार, सहायक अवर निरीक्षक बंटी यादव, सहायक अवर निरीक्षक हलेन्द्र कुमार, सहायक निरीक्षक, मद्यनिषेध सिपाही (सैप बल) एवं गृह रक्षक जवान शामिल रहे।

# तिनेरी पंचायत में जीपीडीपी को लेकर बैठक, विकास कार्यों पर हुई विस्तृत चर्चा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** ग्राम पंचायत सह कचहरी तिनेरी में मंगलवार दोपहर एक बजे मुखिया प्रतिनिधि मो. इंतेशाब की अध्यक्षता में ग्राम पंचायत विकास योजना (जीपीडीपी) को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में पंचायत क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा की गई तथा आगामी योजनाओं पर विस्तृत चर्चा हुई। मुखिया प्रतिनिधि मो. इंतेशाब ने कहा कि पंचायत स्तर पर सभी जरूरतों को ध्यान में रखते हुए पारदर्शी तरीके से विकास कार्यों को आगे बढ़ाया जाएगा। उन्होंने प्राथमिकता वाले कार्यों की सूची तैयार कर समयबद्ध रूप से पूरा करने पर बल दिया। इस दौरान सरपंच रूबी शाहीन, उनके प्रतिनिधि मो. शाहिद उर्फ साहु, उप मुखिया उपेंद्र यादव, नागेंद्र यादव, पंचायत सचिव प्रीतेश कुमार, तपेश्वर यादव, इंद्रजीत यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# धड़ल्ले से हो रही परवाने में मिली जमीन की खरीद-बिक्री

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गुरारू।** अंचल क्षेत्र के बरोरह पंचायत अंतर्गत तिनेरी गांव के अलावे दर्जनों गांवों में वर्षों से अनुसूचित जातियों को परवाना में मिले जमीनों की खरीद बिक्री का धंधा चल रहा है। ताज्जुब तब हो रही है जब राजस्व कर्मचारियों एवं अंचल अधिकारी द्वारा बगैर उचित जांच पड़ताल किए उक्त भूमि का दाखिल खारिज उक्त भूमि को खरीदने वाले दबंगों के नाम कर दिया जा रहा है और वह अनुसूचित जाति का सदस्य पुनः भूमिहीन हो जा रहा है। ऐसी स्थिति में आने वाले सर्वे में उक्त सरकारी भूमि पर राजस्व रसीद एवं डिमांड के नाम पर उस दबंग का नाम दर्ज हो जाएगा और सरकारी भूमि रैयती बन जाएगा। पंचायतों के अधिकांशतः सरकारी भूमि को करीब दो तीन दशक पूर्व ही भूमिहीनों में वितरित किया जा चुका है और पुनः भूमिहीनों द्वारा भूमिहीन का रोना रोने पर जमीन कहां से आयेगा जो इन्हें पुनः वितरण किया जाएगा। इस ओर न ही स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं अधिकारियों का ध्यान है न ही भूमिहीनों की लड़ाई लड़ने वाले राजनैतिक दलों के नेताओं का। यहां तक कि पंचायतों के सरपंच भी अब इस तरह के भूमि विवाद को धड़ल्ले से सुलझाने में एवं जनता दरबार के पदाधिकारी भी लगे हैं, परन्तु इस ओर ध्यान नहीं दे पा रहे हैं कि विवादित भूमि किस नेचर का रहा है एवं विवादकर्ता को कैसे प्राप्त हुआ। वहीं अंचल क्षेत्र में सरकारी जल के श्रोतों का अवैध कब्जा कर दबंगों एवं भूमिहीन के नाम पर लोगों द्वारा धड़ल्ले से गुरारू बाजार, बरमा आहार, तरौंची आहार, महिमापुर पोखर, मथुरापुर बाजार, घटेरा आहर- पोखर, बाजुविगहा पोखर एवं दर्जनों गांवों के जल श्रोतों पर अतिक्रमण एवं कब्जा कर आधुनिक भवनों एवं दुकानों का निर्माण कर सैकड़ों रूपए प्रति माह अर्जन किया जा रहा है, परन्तु अंचल अधिकारी एवं पदाधिकारियों को दृष्टिगोचर नहीं हो रहा है जबकि जिला पदाधिकारी द्वारा हाल ही में भूमि एवं राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक में अंचल अधिकारियों एवं इससे जुड़े कर्मचारियों को इस तरह के भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने का निर्देश दिया जा चुका है।

# शेरघाटी के ऐतिहासिक तालाब निर्माण में अनियमितता उजागर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**शेरघाटी।** मुगलकालीन व ऐतिहासिक तालाब के पुनर्निर्माण कार्य में बड़े पैमाने पर अनियमितता की बात सामने आने के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश व्याप्त है। जानकारी के अनुसार तालाब की सीमा दीवार का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा था, लेकिन हाल ही में बनी दीवार अचानक गिर गई। इस घटना ने कार्य की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। ग्रामीणों व स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि निर्माण कार्य में घटिया सामग्री का उपयोग किया गया तथा मानकों का पालन नहीं किया गया। उनका कहना है कि दीवार की मोटाई और मजबूती सामान्य निर्माण मानकों से भी कम थी जिसके कारण हल्के दबाव में ही वह धराशायी हो गई। घटना की सूचना मिलते ही नगर प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और गिर चुकी दीवार के अवशेषों का निरीक्षण किया। अधिकारियों के अनुसार प्रारंभिक जांच में निर्माण सामग्री की गुणवत्ता बेहद खराब पाई गई है। सीमेंट, गिट्टी और रेत के अनुपात में गड़बड़ी के संकेत मिले हैं जिससे स्पष्ट होता है कि निर्माण के दौरान गंभीर लापरवाही बरती गई थी। अधिकारियों ने यह भी कहा कि ठेकेदार द्वारा निर्धारित तकनीकी मानकों का पालन नहीं किया गया जिसके कारण नई बनी संरचना ने मजबूती नहीं पकड़ी। स्थानीय लोगों ने इसकी कड़ी निंदा करते हुए दोषी ठेकेदार और संबंधित अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की है। उनके अनुसार ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहर वाले इस तालाब का पुनर्निर्माण महत्वपूर्ण था, लेकिन लापरवाही के कारण सरकारी राशि की बर्बादी हुई है। अधिकारियों ने आश्वासन दिया है कि जांच रिपोर्ट आने के बाद दोषी पाए जाने वालों पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी और निर्माण कार्य में सुधार के साथ पुनः मजबूत दीवार खड़ी की जाएगी। प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया कि अब आगे हर चरण में निगरानी बढ़ाई जाएगी ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं दोबारा न हों।

# युवक की तबीयत जहरीला पदार्थ खाने से बिगड़ी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** सोमवार की देर रात टिकारी थाना की पुलिस ने कॉलेज मोड़ के समीप लावारिस हालात में पड़े एक युवक को बरामद कर अनुमण्डल अस्पताल पहुंचाया। युवक की तबियत जहरीला पदार्थ खाने से बिगड़ी थी। युवक की पहचान मंगलवार की सुबह हुई। युवक की पहचान अरवल जिला के उमेराबाद के रहने वाले रामबचन चौधरी के पुत्र रामजी कुमार के रूप में हुई। स्वजनों के आने के बाद पुलिस व चिकित्सकों ने राहत की सांस ली। चिकित्सकों ने युवक के बेहतर इलाज के लिए मगध मेडिकल भेज दिया जहां से पटना रेफर किया गया। स्वजनों ने बताया कि युवक की हालत स्थिर है। घटना को लेकर पुलिस के समक्ष कोई शिकायत नही दर्ज की गई है।

**प्रेम प्रसंग में युवक ने खाया था जहरीला पदार्थ**

अनुमण्डलीय अस्पताल पहुंचे युवक के बहनोई श्रवण कुमार ने बताया कि रामजी के भाई की शादी टिकारी में हुई है व रामजी का प्रेम प्रसंग भाई की साली के साथ था। साली का विवाह अन्य जगह ठीक होने की सूचना पर रामजी घर के सदस्यों को बिना बताये टिकारी पहुंचा था जहां नाराज होकर जहर खा लिया था जिसके बाद कॉलेज मोड़ के समीप लावारिस छोड़ दिया गया था। पुलिस को मामले की सूचना मिलते ही तत्काल युवक को अनुमण्डलीय अस्पताल में भर्ती करा इलाज शुरू कराया गया था।


## कन्या उच्च विद्यालय भदवा (औरंगाबाद)

### आवश्यकता

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कन्या उच्च विद्यालय भदवा, प्रखण्ड-रफीगंज, जिला-औरंगाबाद अन्तर्गत बिहार विद्यालय परीक्षा समिति (उच्च माध्यमिक) संबद्धता विनियमावली 2011 अध्याय 1 की कंडिका -1 में वर्णित प्रावधान के अनुसार विद्यालय में गठित शासी निकाय एवं प्रबंध समिति के निर्णयानुसार विद्यालय में शिक्षक-शिक्षकेतर कर्मचारियों की नियुक्ति की जानी है जो निम्न प्रकार है।

| | |
|---|---|
| शिक्षक भाषा -1 | अंग्रेजी-01 |
| मानविकी - 01 | स. विज्ञान-01 |
| विज्ञान 01- | विज्ञान - 01 |
| उर्दू- 01 | उर्दू- 01 |
| शिक्षकेतर कर्मचारी - | (1) -लिपिक- 1 |
| | 2-पुस्तकालयाध्यक्ष-01 |
| | 3-परिचारी- 02 |

नोटः- शैक्षणिक योग्यता संबंधित सभी मूल प्रमाण पत्र की छायाप्रति आवेदन के साथ संलग्न कर निर्धारित तिथि - 20-12-2025 से 25-12-25 तक कन्या उच्च विद्यालय के कार्यालय में जमा करना सुनिश्चित करें। आरक्षण एवं मानक मण्डल का अनुपालन करते हुए महिला आवेदक को प्राथमिकता देते हुए नियुक्ति बिहार सरकार के नियमानुसार होगी।

आवेदन दाखिल करने का समय सुबह 10 बजे से संध्या-4 बजे तक

मेधा सूची - 27-12-2025 को प्रातः 10 बजे से 3 बजे तक

28-12-25-को मेधा सूची का प्रकाशन

मेधा सूची में आये अभ्यर्थियों के सभी मूल प्रमाण पत्र का सत्यापन - 30-12-2025 तक प्रातः 11 बजे से 3 बजे तक किया जाएगा।

**प्रभारी प्रधानाध्यापक सह अध्यक्ष**
**कन्या उच्च वि. भदवा**
**औरंगाबाद**

संपादकीय

# बदइंतजामी की सजा यात्रियों को क्यों

देश की दूसरी सबसे बड़ी और घरेलू उड़ानों के हिसाब से पहली विमान कंपनी इंडिगो में कुप्रबंधन के कारण देश भर उड़ानों के लगातार कैंसिल होने, विमान यात्रियों के परेशान होने और इस मौके का फायदा दूसरी विमान कंपनियों द्वारा उठाने के ताजा और गंभीर घटनाक्रम ने साबित कर दिया है कि इस क्षेत्र को पूरी तरह निजी क्षेत्र के भरोसे छोड़ने का क्या अंजाम होता है। सरकार ने भी इस मामले में तब हस्तक्षेप किया, जब समूचे देश में हाहाकार मच गया और सरकार की साख पर आंच आने लगी। इंडिगो की यह बदहाली भी एक सरकारी आदेश एफडीटीएल के कारण हुई बताई जाती है, जिसके तहत पायलटों को हर हफ्ते 48 घंटे का विश्राम देना जरूरी कर दिया गया। मोदी सरकार ने यह आदेश भी दिल्ली हाईकोर्ट के एक फैसले के बाद दिया था और वो भी पिछले साल। जाहिर है कि इस आदेश के पीछे मंशा बिल्कुल सही थी और इंडिगो जैसी विमान कंपनियां पायलटों का शोषण कर रही थीं। लेकिन आदेश जारी करते समय या तो सरकार ने निजी विमान कंपनियों के तंत्र को ठीक से नहीं समझा या फिर कंपनियों ने सरकार के आदेश को गंभीरता से नहीं लिया, इसी कारण यह अफरातफरी की स्थिति बनी कि लोगों का विमान कंपनियों पर से विश्वास उठने लगा है। इससे भारत की विमान सेवाओं के बारे में पूरी दुनिया में गलत संदेश गया है। इंडिगो का कहना है कि नया आदेश लागू होने के बाद से उसके पास स्टाफ की भारी कमी हो गई है और वह कम स्टाफ में इतने फ्लाइटें नहीं चला सकती। यहां प्रश्न यह है कि जब आदेश पिछले साल ही लागू हो गया था तो कंपनी ने समुचित संख्या पायलटों और क्रू मेंबर्स की भर्ती क्यों नहीं की। कंपनी अब तक क्या कर रही थी। दूसरी तरफ पायलट इस बात से नाराज है कि डीजीसीए मानकों के तहत 13 घंटे की ड्यूटी अवधि से ज़्यादा काम करने, 7 हजार करोड़ रू. के मुनाफ़े के बावजूद वेतन वृद्धि न होना और एयरलाइन द्वारा नए पायलट ड्यूटी मानदंडों की व्याख्या अपने हित में की जा रही है। गौरतलब है कि इंडिगो के स्वामित्व वाली कंपनी इंटरग्लोब एंटरप्राइज की स्थापना 2005 में राहुल भाटिया और राकेश गंगवाल ने की थी। बाद में गंगवाल की हिस्सेदारी कंपनी में कम हो गई। आज कंपनी के पास 1 लाख 16 हजार करोड़ की सम्पतियां हैं। कंपनी में 37 हजार से अधिक कर्मचारी काम करते हैं और इंडिगो प्रतिदिन देश और विदेश के 137 स्थानों के लिए 2 हजार 400 फ्लासइट्स रन करती है। कंपनी लाभ में चल रही है। बावजूद इसके इंडिगो अगर नए आदेश के अनुसार काम करना मैनेज नहीं पर पाई तो यह न केवल कंपनी के स्तर पर खामी है बल्कि उड़ानों की नियामक एजेंसी डीजीसीए की भी कमजोरी है कि समय रहते इस समस्या पर ध्यान नहीं दिया गया। इंडिगो ने जहां एक तरफ मनमाने ढंग से उड़ानें रद्द करना शुरू कीं वहीं दूसरी यात्रियों की मजबूरी का उठाना बेतहाशा किराया वसूलना शुरू किया। हालात बिगड़ने के बाद सरकार ने इसमें हस्तक्षेप किया और विमान टिकटों की अधिकतम दरें तय कीं तथा कैंसिल होने वाली सभी फ्लाइटों के यात्रियों के टिकटों की पूरी राशि लौटाने के निर्देश दिए। हालांकि कंपनी जैसा दावा कर रही है, हकीकत में वैसा सुधार नहीं दिखाई नहीं दे रहा है। आलम यह है कि छः-चार दिन में 2000 से ज़्यादा फ्लाइट कैंसल हो चुकी हैं। रोज़ाना औसतन 500 फ्लाइट लेट हो रही हैं। हजारों यात्री एयरपोर्ट पर फंसे हैं। कंपनी की बदइंतजामी की सजा यात्रियों को भुगतना पड़ रही है।

# न्यूयार्क चुनावः भारतीय राजनीति की तासीर अलग

**न्यूयॉर्क के मेयर के चुनाव में श्री जोहरान ममदानी की जीत को कई प्रकार से देखा गया और प्रतिक्रियाएं व्यक्त की जा रही हैं। इसमें कोई संदेह नहीं है कि श्री ममदानी की जीत ट्रंप की नीतियों के प्रति एक प्रकार का अविश्वास तो है ही, विशेषतः इसलिए भी कि श्री ट्रंप ने श्री ममदानी का नाम लेकर चुनाव के दौरान जो व्यक्तिगत विरोध सार्वजनिक रूप से व्यक्त किया था और न्यूयॉर्क के मतदाताओं को धमकी भी दी थी कि यदि ममदानी जीत कर मेयर बने, तो वह स्टेट फंड बंद कर देंगे। उनकी इस धमकी और विरोध को न्यूयॉर्क के मतदाताओं ने एक चुनौती के रूप में लिया और ममदानी को जिताया। यह भी बताया गया कि न्यूयॉर्क के उस इलाके से भी श्री ममदानी जीते हैं जो वहां के संपन्न लोगों का इलाका है। वैसे तो न्यूयॉर्क के साथ-साथ दो अन्य राज्य वर्जीनिया, न्यू जर्सी में भी श्री ट्रंप की रिपब्लिकन पार्टी हारी है। ट्रंप के विरोध के बाद स्वाभाविक था कि न्यूयॉर्क के चुनाव की चर्चा ज्यादा हो। इन तीनों मेयर के चुनाव में श्री ट्रंप की पार्टी की हार से इतना तो निष्कर्ष निकलता ही है कि अमेरिका के मतदाताओं ने ट्रंप की शैली और नीतियों को नकारा है।**

**रघु ठाकुर**

श्री ममदानी की जीत को भारत के कुछ लोग जो मोदी के खिलाफ हैं और बहुत हद तक व्यक्तिगत खिलाफ हैं, वे भी ममदानी की जीत और ट्रंप की हार को मोदी की हार जैसा मान रहे हैं। भारत के कुछ मार्क्सवादी एनजीओ वादी इसे मार्क्सवादी साम्यवाद और कुछ लोग समाजवाद की जीत मान रहे हैं।

क्योंकि श्री ममदानी भारतीय मूल के हैं। उनकी मां श्रीमती मीरा नायर और उनके पिता के पूर्वज अतीत में भारत से युगांडा गए थे। अतरू भारतीय समाज का एक हिस्सा भी श्री ममदानी की जीत से अति उत्साहित है। श्री ममदानी की विचारधारा क्या है कोई विचारधारा है या नहीं है, वे मार्क्सवादी है या समाजवादी हैं, या दोनों नहीं है, यह कहना अभी कठिन है। परंतु ऐसा अवश्य प्रतीत होता है कि वह दुनिया में पूंजीवाद ने जो विचारधाराओं को पीछे करने के लिए एक नया प्रयोग शुरू किया है की विचारधाराओं की कोई आवश्यकता नहीं है, बल्कि जब प्यास लगे तब कुआं को खोदो या पाइप या बाल्टी से या मशीन से या हाथ से जिस प्रकार समस्या का हल हो जैसे भी हल हो करो। उनके प्रवर्तक यह पूंजीवाद का एक नया विचार लाए है जो विचारधाराओं को पीछे करने और पूंजी तथा संपत्ति को सुरक्षित करने में एक कारगर हथियार है। जो कुछ समय सरकारी सुविधाएं देता है समाज के मतदाता वर्ग को इसका अभ्यस्त और रोगी बनाता है ऐसे कुछ प्रयोग हम लोगों ने पिछले वर्षों में देश और देश के बाहर देखे हैं।

श्री ट्रंप की रिपब्लिकन पार्टी में उनके कैरियर की शुरुआत हुई थी। उन्होंने उनके क्षेत्र के किराएदारों का किराया न बढ़ाने और मकान खाली न कराने की पहल की थी। इसके लिए 2017 में श्री जोहरान ममदानी ने न्यूयॉर्क की एक संस्था के साथ काम शुरू किया था और 2020 में वे इसी आधार पर असेंबली का चुनाव जीते थे। श्री ट्रंप ने अपनी पार्टी के प्रत्याशी की हार के कई कारण बताए हैं, जिनमें शटडाउन जिसके चलते लाखों कर्मचारी वेतन नहीं पा रहे या काम नहीं कर रहे भी एक मुख्य कारण बताया है। हालांकि विशिष्ट मजाकिया शैली में उन्होंने यह भी कहा है कि उनकी फोटो नहीं लगी इसलिए उनका प्रत्याशी हार गया। श्री ममदानी ने जहां किराएदारों का किराया दोगुना करने से राहत दिलाने की पहल की, वही टैक्सी ड्राइवरों को कर्ज से राहत दिलाने के लिए 15 दिन की भूख हड़ताल भी की थी। यह उनके गांधी के तरीकों को अपनाने का भी संकेत था। उन्होंने अपने पहले भाषण में स्व नेहरू का नाम लिया जिससे भारत के कांग्रेस जन अति उत्साहित हैं। अपने भाषण के बाद उन्होंने कहा कि मैं मुसलमान हूं इससे मुस्लिम भाई भी उत्साहित हैं। हालांकि उनकी इस प्रतिक्रिया एक तबके में कुछ आशंकाएं प्रकट हुई है व कुछ विरोध भी हुआ है।

हम भारतीय लोगों का स्वभाव विचित्र है कि हमारे मूल का कोई व्यक्ति विदेश में जाकर जीतता है तो उसे भारत की जीत मानने लगते हैं श्री ऋषि सुनक जब ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बने तब भारत ऐसा उत्साहित था जैसे भारत ने ब्रिटेन को जीत लिया हो। अब यही स्थिति ममदानी की जीत के बाद भी है। श्री ममदानी की जीत पर मैं भी खुश हूं कि शायद इससे ट्रंप की मनमानी और तानाशाही नीतियों पर रोक लग सके। भारतीय वैधानिक प्रवासियों को राहत मिले और ट्रंप की नीतियों और भारत विरोध में कुछ बदलाव हो। हालांकि न्यूयॉर्क में 90 लाख मतदाता हैं उनमें से भी आधे ने ही मतदान किया है ममदानी को मिले मत भारत के एक संसदीय क्षेत्र के मतदाताओं से भी कम हैं और उन्हें अभी काफी दूर जाना है।

हम भारतीय लोगों और मतदाताओं का,शाब्दिक सोच व्यापक है परन्तु आम मानस, क्षेत्रीय संकीर्णता का है। हम कहते हैं कि संपूर्ण विश्व एक परिवार के समान है, वसुदेव कुटुंकम,पर जब अपने देश के भीतर के लोगों से रिश्तों का प्रश्न होता है तो, फिर मानसिक सिकुड़न के शिकार हो जाते हैं। श्री सुनक यद्यपि अब ब्रिटिश नागरिक हैं पर भारतीय मूल के हैं। श्री ममदानी,अब अमेरिकी नागरिक हैं पर भारतीय मूल के हैं, तब भी ब्रिटेन के लोगों ने और अमेरिकी मतदाताओं ने उन्हें स्वीकारा या उनके मूल या जन्म के आधार पर, उनके धर्म के आधार पर कोई भेद नहीं किया। पर क्या हम भारतीय अपने देश में इस चीज का पालन करते हैं। शायद नहीं। अगर पूर्व ब्रिटिश प्रधानमंत्री श्री सुनक के घर में यानी उनके सरकारी आवास 10 डाउनिंग स्ट्रीट में भारतीय व हिंदू त्योहार मनाए जाते हैं तो हम भारतीय व हिंदुस्तानी खुश हो जाते हैं, अगर अमेरिका के व्हाइट हाउस में, अमेरिकी राष्ट्रपति जो ईसाई है ,हिंदू त्यौहार या पर्व मनाते हैं तो हम न केवल खुश होते हैं बल्कि इसे हमारी सांस्कृतिक जीत मानने लगते हैं, और अगर भारत में प्रधानमंत्री निवास में रोजा अफ्तार का आयोजन हो जाए, या राष्ट्रपति भवन में ईसाई मत का त्यौहार हो जाए तो तत्काल उसे राष्ट्र द्रोह कह देते हैं। यह छिपी सांप्रदायिकता व संकीर्णता है जो भारतीयता, भारतीय संस्कृति व दर्शन के खिलाफ है।

हम भारत में आए अवैधानिक अप्रवासियों को घुसपैठिए कहकर निकालने को चुनाव का मुद्दा बनाते हैं, और राष्ट्रीय सुरक्षा का मुद्दा बनाते हैं और जब अमेरिका अवैधानिक अप्रवासियों को निकालता है जिनमें भारत से गए हुए लोग भी हैं तो उसे बुरा मानते हैं। एक देश के रूप में और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी भूमिका में हमें इन प्रश्नों पर विचार करना होगा, इनका उत्तर देना होगा, तथा सुधार भी करना होगा।

भारत के मतदाता भाइयों से इतना अवश्य कहना चाहता हूं कि ब्रिटेन में श्री सुनक का प्रधानमंत्री बनना हो या न्यूयॉर्क में ममदानी की जीत इसमें जहां उनकी योग्यता तो शामिल है पर उससे अधिक ब्रिटेन और अमेरिका के मतदाताओं की उदार प्रगतिशील और लोकतांत्रिक मानस की भूमिका है, जिन्होंने देश-नस्ल-धर्म सीमाओं के आधार पर कट्टरता का चश्मा नहीं पहना बल्कि अपने राष्ट्रीय हितों पर मत दिया और उसको ही प्राथमिकता दी। पर हम भारतीय मतदाताओं के रूप में व्यक्ति की योग्यता और नीतियों को चुनने की बजाय, जाति, धर्म, धन, शराब, क्षेत्र और विज्ञापन प्रचार के आधार पर दलों या व्यक्ति का चयन करते हैं, गुण या नीतियों के आधार पर नहीं। वर्ष 2004 में, जब कांग्रेस केंद्र में बहुमत से सरकार बनाने जा रही थी, तब कांग्रेस की ओर से श्रीमती सोनिया गांधी का नाम प्रधान मंत्री पद की चर्चा में आया था और शायद जनसमृति में, अब यह विस्मृत होगा कि तत्कालीन भाजपा नेत्री श्रीमती सुषमा स्वराज ने, बयान दिया था कि अगर श्रीमती सोनिया गांधी की शपथ कराई गई तो वे सिर मुंडा लेगी, जमीन पर सोएगी आदि आदि।यह ममदानी की जीत भारतीय मतदाताओं को भी अपने लिए एक कसौटी प्रस्तुत करती है।

श्री ममदानी की न्यूयॉर्क के मेयर पद पर जीत में, जो मित्र भारत में अति उत्साहित हैं, और इसे श्री ट्रंप और मोदी की जोड़ी की हार के रूप में देखकर खुश हो रहे हैं उन्हें भी, मैं, सावधान करना चाहूंगा कि ऐसी घटनाएं कई बार अपवाद स्वरूप होती है। श्री सुनक को, वापिस होना पड़ा। इसके पहले फिजी में भारतीय मूल के प्रधानमंत्री श्री चौधरी को बेइज्जत होकर हटना पड़ा था। इतना तो अवश्य है कि भारतीय व भारतीय मूल के, न्यूयॉर्क व अमेरिका के निवासियों को संतुष्ट करने के लिए तथा फिर उनका वापस समर्थन पाने के लिए, ट्रंप की नीतियों और विशेषता शाब्दिक भाषा में भी बदलाव करने की वाधता इस ममदानी की जीत से होगी।

भारत के साथ जो रिश्तों में तल्खी पिछले दिनों पैदा हुई, उसे कम करने के लिए,कुछ सकारात्मक संदेश भी देंगे। पर भारत में, इतने मात्र से न सत्ता बदलेगी न व्यवस्था कुछ दिनों, सड़कों पर चर्चा होगी और फिर शांति हो जाएगी। भारतीय राजनीति की तासीर कुछ अलग प्रकार की है और पिछले दो दशकों में उसे कुछ अलग प्रकार के मोड दे दिए गए हैं। इसलिए, भारत में परिवर्तन के लिए, जेन जी, ममदानी, सुनक आदि, बहुत उपयोगी या दूर तक कारगर नहीं होंगे। भारत में,तो बदलाव के लिए गांधी-लोहिया-भारतीयता-समता-उदारता आदि मूल्य ही आधार व कारगर हथियार होंगे। विदेशिक घटनाओं ने, भारत को न पहले कभी बहुत प्रभावित किया, और न अभी प्रभावित करते प्रतीत हो रहा हैं।

अध्यात्म

## सिय राम मय सब जग जानी



तुलसीदास जी जब रामचरितमानस लिख रहे थे, तो उन्होंने एक चौपाई लिखीः

सिय राम मय सब जग जानी,
करहु प्रणाम जोरी जुग पानी ॥

अर्थातः पूरे संसार में श्री राम का निवास है, सबमें भगवान हैं और हमें उनको हाथ जोड़कर प्रणाम कर लेना चाहिए। चौपाई लिखने के बाद तुलसीदास जी विश्राम करने अपने घर की ओर चल दिए। रास्ते में जाते हुए उन्हें एक लड़का मिला और बोलाः अरे महात्मा जी, इस रास्ते से मत जाइये आगे एक बैल गुस्से में लोगों को मारता हुआ घूम रहा है। और आपने तो लाल वस्त्र भी पहन रखे हैं तो आप इस रास्ते से बिल्कुल मत जाइये।

तुलसीदास जी ने सोचाः ये कल का बालक मुझे चला रहा है। मुझे पता है। सबमें राम का वास है। मैं उस बैल के हाथ जोड़ लूँगा और शान्ति से चला जाऊंगा।

लेकिन तुलसीदास जी जैसे ही आगे बढे तभी बिगड़े बैल ने उन्हें जोरदार टक्कर मारी और वो बुरी तरह गिर पड़े।

अब तुलसीदास जी घर जाने की बजाय सीधे उस जगह पहुंचे जहाँ वो रामचरित मानस लिख रहे थे। और उस चौपाई को फाड़ने लगे, तभी वहाँ हनुमान जी प्रकट हुए और बोलेः श्रीमान ये आप क्या कर रहे हैं? तुलसीदास जी उस समय बहुत गुस्से में थे, वो बोलेः ये चौपाई बिल्कुल गलत है। ऐसा कहते हुए उन्होंने हनुमान जी को सारी बात बताई। हनुमान जी मुस्कुराकर तुलसीदास जी से बोलेः श्रीमान, ये चौपाई तो शत प्रतिशत सही है। आपने उस बैल में तो श्री राम को देखा लेकिन उस बच्चे में राम को नहीं देखा जो आपको बचाने आये थे। भगवान तो बालक के रूप में आपके पास पहले ही आये थे लेकिन आपने देखा ही नहीं। ऐसा सुनते ही तुलसीदास जी ने हनुमान जी को गले से लगा लिया। दोस्तों हम भी अपने जीवन में कई बार छोटी छोटी चीज़ों पर ध्यान नहीं देते और बाद में बड़ी समस्या का शिकार हो जाते हैं। ये किसी एक इंसान की परेशानी नहीं है बल्कि ऐसा हर इंसान के साथ होता है। कई बार छोटी-छोटी बातें हमें बड़ी समस्या का संकेत देती हैं आप उनपर विचार करिये फिर आगे बढ़िए।

# 'सुजलम भारत' यानी पानी से भविष्य का पुनर्निर्माण

**भारत की विकास यात्रा हमेशा से जल की धारा जितनी ही गहरी और जटिल रही है। जिस धरती पर सभ्यता का उदय भी नदी-घाटियों से हुआ, उसी देश ने समय के साथ जल-संकट का ऐसा दौर भी देखा जहां लाखों लोग रोज़ाना सुरक्षित पानी के लिए संघर्ष करते रहे। लेकिन 2025 का भारत एक निर्णायक मोड़ पर खड़ा है। एक ऐसा मोड़ जहाँ पानी अब संकट की कहानी नहीं, बल्कि परिवर्तन का माध्यम बन रहा है। इसने देश के जल-प्रबंधन को जन-आंदोलन में बदल दिया। 'जल जीवन मिशन' इसकी सफलता का सबसे सशक्त उदाहरण है। 2019 में जब यह मिशन शुरू हुआ, तब मात्र 3.23 करोड़ ग्रामीण घरों में नल से पानी उपलब्ध था। यह आंकड़ा न केवल जल की कमी का, बल्कि उन करोड़ों जीवनों के संघर्ष का भी प्रतीक था।**


**अजित लाड़**

आज, 6 वर्षों में, यह संख्या 15 करोड़ से ऊपर पहुंच गई। यह परिवर्तन पाइपलाइन का नहीं, प्राथमिकताओं का है; यह संख्या का नहीं, संवेदना का है। हर नल कनेक्शन के पीछे एक परिवार की गरिमा, एक महिला की मुक्ति, एक बच्चे का उजला भविष्य और एक किसान की आशा जुड़ी है।

सरकार ने जल को केवल अवसंरचना का प्रश्न नहीं माना; इसे सामाजिक न्याय और समानता का मूलाधार माना। ग्रामीण भारत में जल का अभाव हमेशा से महिलाओं के श्रम, समय और सुरक्षा पर सबसे अधिक चोट करता आया है। कई राज्य ऐसे थे जहाँ महिलाएँ दिन के चार-पाँच घंटे सिर्फ पानी भरने में लगा देती थीं। वे शिक्षित होना चाहतीं, कुछ कमाना चाहती, परिवार को आगे बढ़ाना चाहती थी, लेकिन उनके समय पर पानी का अधिकार था, उनका नहीं। नल-जल कनेक्शन ने पहली बार इन महिलाओं को समय दिया है और समय से बड़ा सशक्तिकरण कोई नहीं। इसलिए 'जल जीवन मिशन' को केवल विकास कार्यक्रम कहना उसकी आत्मा के साथ अन्याय होगा; यह वास्तव में महिलाओं के सामुदायिक और आर्थिक उत्थान की ठोस नींव है। केंद्र सरकार यह अच्छी तरह समझती है कि विकास ऊपर से थोपा नहीं जाता। विकास तब टिकाऊ होता है जब उसमें जनता की साझेदारी हो। यही कारण है कि जल संचयन, वर्षा जल संरक्षण और भू-जल पुनर्भरण जैसी पहल को सरकारी परियोजनाओं की भाषा में सीमित नहीं रखा गया।

कैच द रेन, जल शक्ति अभियान और प्रधानमंत्री द्वारा बार-बार दोहराया गया मंत्र। कम उपयोग करें, पुनः उपयोग करें, पुनर्भरण करें और रीसायकल करें ने जल संरक्षण को जनभागीदारी का रूप दिया। यह पहली बार हुआ कि पानी पर चर्चा सिर्फ विशेषज्ञों की नहीं रही, बल्कि साधारण लोग, पंचायतें, स्वयंसेवी समूह, किसान, महिलाएँ और विद्यार्थी सभी इसके सक्रिय सहभागी बन गए। यही जनभागीदारी सुजलम भारत विजन 2025 का हृदय है। यह सम्मेलन केवल आधिकारिक भाषणों का मंच नहीं था; यह वह जगह थी जहां गांवों के प्रतिनिधि, वैज्ञानिक, नीति-विशेषज्ञ, तकनीकी नवप्रवर्तन और सामाजिक कार्यकर्ता एक साथ बैठे और भविष्य की जल-नीति की दिशा तय की। सरकार के इस मॉडल में नीति का प्रवाह ऊपर से नीचे नहीं, नीचे से ऊपर भी है यानी नीति-निर्माण में जनता अनुभव-साझीदार भी है और नीति की सफलता में भागीदार भी। भारत जैसे विशाल और विविधतापूर्ण देश में जल प्रबंधन केवल समाधान का नहीं, बल्कि रणनीति का सवाल है।

जलवायु परिवर्तन से मोर्चा लेने के लिए सामूहिक सोच और स्थानीय समझ जरूरी है। इस सरकार में इस बात की समझ दिखाई देती है कि हर राज्य के अपने जल-चैलेंज हैं। कहीं आंध्र और तेलंगाना की तरह भू-जल दोहन, कहीं राजस्थान और गुजरात की तरह सूखा, कहीं पूर्वोत्तर की तरह बाढ़, और कहीं पंजाब-हरियाणा जैसे राज्यों में जल-प्रदूषण। यही कारण है कि 'सुजलम भारत विजन' में छह विषयगत क्षेत्र नदी पुनरुद्धार, ग्रे वाटर प्रबंधन, जल संरक्षण, तकनीक नवाचार, पेयजल की स्थिर आपूर्ति और सामुदायिक भागीदारी सिर्फ कार्यक्रम नहीं, बल्कि स्थानीय आवश्यकता के अनुरूप ढाले गए स्तंभ हैं। सरकार की जल-दृष्टि की सबसे बड़ी ताकत यह है कि इसमें परंपरा और तकनीक दोनों को समान स्थान मिला है। भारत की जल-सभ्यता कभी बावड़ियों, तालाबों, कुओं, नदियों और झीलों पर आधारित थी। ये सिर्फ संरचनाएं नहीं थीं, यह समुदायों की जीवन-रेखा थीं। आधुनिक भारत ने इन परंपराओं को पीछे छोड़ दिया। अब नई सोच यह मानती है कि जल का भविष्य आधुनिक तकनीक और पारंपरिक बुद्धिमत्ता के संगम से ही सुरक्षित है। यह सामाजिक विज्ञान और विज्ञान दोनों के संतुलन की मिसाल है।



इसके अलावा इन सबके बीच, सबसे महत्त्वपूर्ण यह है कि जल सुरक्षा को सरकार ने स्वास्थ्य, स्वच्छता, शिक्षा, कृषि, पोषण और आर्थिक सशक्तिकरण से जोड़ा है। जल जीवन मिशन के साथ स्वच्छ भारत मिशन, पोषण अभियान, कृषि विविधीकरण और ग्रामीण इंफ्रास्ट्रक्चर का तालमेल एक एकीकृत सरकारी दृष्टिकोण की पुष्टि करता है। इससे स्पष्ट है कि केंद्र सरकार विकास को केवल योजनागत उपलब्धियों में नहीं मापती, बल्कि जीवन-गुणवत्ता में हुए सुधार से मापती है। 'नमामि गंगे' इस सोच का सबसे बड़ा प्रमाण है। गंगा भारतीय मानस का केंद्र है, और वर्षों तक गंगा की सफाई केवल राजनीतिक वादों में उलझ कर रह गई। लेकिन, इस सरकार ने गंगा को एक जीवित पारिस्थितिकी के रूप में देखा नदी, उसकी सहायक नदियां, तट, जल-प्रवाह, शहरी सीवेज-प्रबंधन, औद्योगिक उत्सर्जन और जैव-विविधता सभी को एक साथ लेकर काम किया गया। यह दृष्टि केवल प्रशासनिक नहीं, सभ्यतागत भी है। इसी से सबका विश्वास पनपता है और यह विश्वास कि सरकार सिर्फ घोषणा नहीं करती, करके दिखाती है।

सुजलम भारत का सपना तब पूरा होगा, जब नागरिक इसे अपना सपना समझें। यही इस सरकार का सबसे बड़ा योगदान है। उसने जल-सुरक्षा को लोक केंद्रित बना दिया। आज गांव का किशोर भी 'रिचार्ज पिट' का अर्थ समझता है; किसान माइक्रो इरिगेशन अपनाता है, महिलाएं जल समितियों में सदस्य बन रही हैं; विद्यार्थी वर्षा जल संचयन का अभियान चला रहे हैं और उद्योग अपनी पानी उपयोग क्षमता घटाने को तैयार हैं। यह माहौल किसी आदेश से नहीं बनता, यह तब बनता है जब लोग सरकार की नीयत और प्रयास पर भरोसा करते हैं। सरकार की जल-नीति का सार यही है कि विकास का वृक्ष तभी फलता है, जब जड़ें समाज में और पत्तियां शासन में हों, और दोनों में जल का प्रवाह बराबरी से चलता रहे। सुजलम भारत विजन, जल जीवन मिशन और जल संरक्षण की पहल इसी संबंध को पुर्नस्थापित कर रही हैं। यह देश को उस भविष्य की ओर ले जा रही हैं जहां जल-संकट इतिहास होगा और जल-सुरक्षा नई पहचान। ऐसे में एक शब्द में कहें तो सरकार ने पानी को संसाधन नहीं, संबंध बनाया है; समस्या नहीं, समाधान बनाया है; और शासन नहीं, जनभागीदारी का प्रतीक बनाया है। इसीलिए, सुजलम भारत केवल सरकारी योजना नहीं, यह भारत के भविष्य की नींव है।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
आज उधार लेने से आपको बचना चाहिये। अपने खर्चों में कटौती करें वरना बजट गड़बड़ा सकता है। साहित्य के प्रति रुचि उत्पन्न होगी।

**वृषभ**
पुराने निवेश से धन लाभ होगा। आज आप पूरी मेहनत से काम करेंगे। बिना माँगे किसी को राय देने से अपमान हो सकता है। नौकरी में आपके अधिकार बढ़ेंगे।

**मिथुन**
उधार धन के लेन-देन में सावधानी रखें। कार्यक्षेत्र में आपका मन नहीं लगेगा। तात्कालिक निर्णय लेने में जल्दबाजी करना उचित नहीं है।

**कर्क**
शेयर मार्केट से धन लाभ होगा। प्रेम सम्बन्धों में मधुरता बढ़ेगी। लोग आपसे परामर्श लेना पसन्द करेंगे। कारोबार को लेकर यात्रा हो सकती है।

**सिंह**
रिश्तों में मधुरता का आनन्द लेंगे। कारोबार में कठिनाई हो सकती है। आपके कार्य धीमी गति से पूर्ण होंगे। पड़ोसियों के साथ विवाद उभरने की आशंका है।

**कन्या**
मतभेदों का निवारण हो सकता है। महत्वपूर्ण कार्यों के लिये दिन शुभ है। दाम्पत्य सम्बन्धों में उठापटक हो सकती है। धर्म-कर्म में रुचि कम होने की सम्भावना है।

**तुला**
आज नये कार्यों की शुरुआत न करें। अत्यधिक कार्यभार के कारण थकान महसूस होगी। स्वास्थ्य थोड़ा कमजोर हो सकता है।

**वृश्चिक**
आपके सभी कार्य अच्छी तरह से पूर्ण होंगे। जीवनसाथी के साथ रोमान्टिक समय का आनन्द उठायेंगे। बेरोजगार लोगों को नौकरी मिलने की सम्भावना है।

**धनु**
आपको कोई शुभ सूचना मिल सकती है। कार्यक्षेत्र में आपका वर्चस्व बढ़ेगा। पुराना उधार चुकाने में सफलता मिलेगी। कानूनी मामलों के लिये आज का दिन शुभ है। कोई कठिन कार्य आज पूरा हो सकता है।

**मकर**
अपनी कार्यक्षमता पर विश्वास करें। प्रतियोगी परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन कर सकते हैं। मार्केटिंग से जुड़े कारोबार में धन लाभ मिलेगा। नव विवाहित लोग कहीं घूमने के लिये जा सकते हैं।

**कुंभ**
दाम्पत्य सम्बन्धों में कड़वाहट हो सकती है। व्यर्थ के खर्चे बढ़ सकते हैं। सरकारी कार्यों में रुकावटें आने की सम्भावना है। सर्दी-जुकाम को हल्के में न लें।

**मीन**
दाम्पत्य सम्बन्धों में भावनात्मक लगाव में वृद्धि होगी। कानूनी मामलों में आपको विजय मिलने के योग बन रहे हैं। रिश्तेदारों के साथ आप अच्छा समय बितायेंगे।

संक्षिप्त समाचार

## दानापुर सडक किनारे दुकान लगाने से जाम

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अतिक्रमण अभियान बंद होने के बाद शाम होते ही दुकानदारों सडक किनारे अपने दुकाने के आगे स्टॉल लगा



देने से सडक जाम हो रहा है. जिससे आम लोगों को भारी परेशानी झेलना पड रहा है. सोमवार को देर शाम मार्शल बाजार मोड पर दुकान के आगे स्टॉल लगाकर बिक्री करने लगे और दुकान के आगे ग्राहकों ने अपनी बाइक खडा कर दिया. जिससे थोरी देर के लिए सडक जाम हो गया . जाम के कारण आवागमन बाधित हो गया . अतिक्रमण अभियान से अतिक्रमणकारियों दुकानदारों को कोई फर्क नही पड रहा है. अभियान समाप्त होते ही दुकानों पुनः पुराने स्थिति में दुकानों को खोल दे रहे है. पुलिस कारवाई करने के बजाय चुप्पी साधे हुई है.

## बाढ़ में बांध रोड के चौड़ीकरण के लिए मापी का कार्य शुरूः हटाया जायेगा अतिक्रमण

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर परिषद् के द्वारा राज्य योजना के तहत बाढ़ के बांध रोड के चौड़ीकरण का कार्य हेतु मापी प्रारंभ कर दी गई है। नगर परिषद् उपाध्यक्ष प्रतिनिधि रवि विद्यार्थी ने लगभग 12 बजे बताया कि सड़क की भूमि की मापी कराई जा रही है। सड़क के चौड़ीकरण का कार्य होना है। सात मीटर चौड़ी सड़क बनाई जाएगी। इसके लिए सड़क के दोनों साइड सरकारी भूमि की मापी की जा रही है। मापी के बाद लोगों को नोटिस दिया जाएगा। नोटिस देने के बाद अतिक्रमित भूमि को मुक्त कराकर सड़क निर्माण का कार्य शुरू किया जाएगा। आपको बता दें कि मापी के दौरान यह देखा गया कि कई मकान सड़क की भूमि पर निर्मित है, जिसे हटाया जाएगा। फिलहाल जो बांध सड़क बनी हुई है, वह 3 मीटर की है, जिसे चौड़ा करके 7 मीटर कर दिया जाएगा। वहीं नगर परिषद् के चेयरमैन संजय कुमार उर्फ गाय माता ने कहा कि नोटिस देने के बाद 72 घंटे का समय दिया जाएगा। 72 घंटे के अंदर स्वयं से भूमि को खाली करना होगा। नहीं तो 72 घंटे बाद नगर परिषद् के द्वारा उसे खाली कराया जाएगा। मौके पर नगर परिषद् के लगभग 1 दर्जन कर्मी, अमीन तथा इंजीनियर उपस्थित थे।

## रसेल वाइपर सांप निकलने से इलाके में दहशत का माहौल, वन विभाग ने किया रेस्क्यू

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अलखनाथ रोड स्थित एक घर के पास से मंगलवार के दिन एशिया का सबसे जहरीला रसेलस वाइपर सांप निकलने से इलाके में दहशत का माहौल है । सांप को देखकर इसकी जानकारी वन विभाग को दी गई इसके बाद वन विभाग उसे पड़कर अपने साथ पटना ले गए जहरीले सांप निकलने से इलाके में दहशत का माहौल है।

## शराब की तीन भट्ठियों को पुलिस ने किया ध्वस्त, एक सौ लीटर शराब जब्त।

**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मनेर के गंगा और सोन नदी के पार चल रहे बड़े पैमाने पर देसी शराब की भठ्ठियों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई लगातार चल रही है। मनेर थाना अध्यक्ष रजनीश कुमार के नेतृत्व में हल्दी छपरा बदल टोला गंगा नदी के पास शराब के खिलाफ अभियान चलाकर तीन देसी शराब की भठ्ठियों को ध्वस्त किया गया। इस दौरान पुलिस ने 10,000 लीटर अर्ध निर्मित शराबों को नष्ट करते हुए आग के हवाले कर दिया। पुलिस की कार्रवाई को देखकर शराब के कारोबारी और भट्ठी के संचालक मौके से फरार हो गए। पुलिस ने इस दौरान 100 लीटर देसी शराब को बरामद करते हुए शराब भट्ठी के संचालकों को चिन्हित कर मामला दर्ज किया



है। इस संबंध में थाना अध्यक्ष ने बताया कि तीन शराब की भट्ठियों को ध्वस्त करते हुए शराब को नष्ट किया गया है। इसके अलावा बड़े पैमाने पर विशेष टीम का गठन कर नदियों के किनारे छापेमारी की जाएगी। इसके अलावा मनेर नगर और ग्रामीण इलाकों में बेची जा रहे देसी और विदेशी शराब के खिलाफ भी छापेमारी चलेगी। शराब विक्रेता और शराब कारोबारी किसी भी सूरत में नहीं बक्शा जायेगा। शराब के कारोबार से जुड़े मामले में कोई भी व्यक्ति संलिप्त होगा उसके खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी।

## दाह संस्कार में आए लोगों के साथ मारपीट, आधा दर्जन से अधिक लोग घायल,एक गिरफ्तार

बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। सोमवार की देर रात बाढ़ के सती स्थान में दाह संस्कार में आए लोगों के साथ मारपीट की घटना को अंजाम दिया गया, जिसमें आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। सूत्रों से जानकारी मिली कि घटना होटल संचालक एवं शव जलाने आए लोगों के बीच हुई है। सभी घायलों को बाढ़ के अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है। ग्रामीणों ने बताया कि वे लोग अथमलगोला थाना क्षेत्र के सरिस्तापुर गांव के रहने वाले हैं और वे एक शव का दाह संस्कार करने के लिए बाढ़ थाना क्षेत्र के सती स्थान घाट पर आए थे। दाह संस्कार के बाद लोग एक होटल में खाना खाने के लिए बैठे। खाना खाने के बाद कुछ लोगों ने खाना खराब होने की शिकायत की, जिसके बाद होटल संचालक एवं शव जलाने के लिए आए लोगों के बीच कहासुनी हो गई। इस कहासुनी के बीच दुकानदार ने अन्य लोगों के साथ मिलकर शव जलाने के लिए आए लोगों के साथ जमकर मारपीट किया, जिसमें कई लोगों का सर फटा है और कई लोगों के शरीर में भी चोटें आई है। जबकि गंभीर रूप से घायल दो से तीन लोगों को बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया गया है। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची तथा मामले की छानबीन में जुट गई है। इस मामले में होटल संचालक को गिरफ्तार कर पुलिस पूछताछ कर रही है।

# 'समेकित कृषि प्रणाली समय की मांग' विषय पर चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का पूर्वी अनुसंधान परिसर, पटना में दिनांक 09 से 12 दिसंबर 2025 तक चलने वाले चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 'समेकित कृषि प्रणाली : समय की मांग' का आज शुभारंभ किया गया। बिहार कृषि प्रबंधन विस्तार प्रशिक्षण संस्थान (बामेती), पटना द्वारा प्रायोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में राज्य के प्रगतिशील किसानों और सहायक तकनीकी प्रबंधकों ने भाग लिया। प्रतिभागियों ने अपने-अपने क्षेत्र की समस्याओं से वैज्ञानिकों को अवगत कराया और साथ



की प्रशिक्षण से जुड़ी से अपनी अपेक्षाओं पर भी प्रकाश डाला। संस्थान के निदेशक डॉ. अनुप दास ने प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए अपने संबोधन में कहा कि किसान स्वयं से प्रश्न करने करें कि उन्हें अनाज के अतिरिक्त अन्य प्रकार की खेती क्यों करनी है, अपनी आय को दोगुना या चारगुना क्यों बढ़ाना है, किसान स्वयं को 5 लाख प्रति एकड़ के शुद्ध लाभ का लक्ष्य दे, तो उसे इन प्रश्नों और लक्ष का उत्तर मिलेगा समेकित कृषि प्रणाली डॉ. दास ने बताया कि आज जरूरत है कि किसान भी सब के साथ मिल कर आने वाली पीढ़ियों के हित में खाद्य आपूर्ति, गुणवत्ता, पोषण सुरक्षा, सुनिश्चित रोजगार, सतत विकास और पर्यावरणीय सुरक्षा के मुद्दों पर विचार करे और एकजुट होकर कार्य करे। आवश्यकता है कि किसान मिश्रित खेती और समेकित कृषि के अंतर को समझें, और अपने समाज, जलवायु, बाजार एवं संसाधनों की उपलब्धता के आधार पर ही घटकों का चुनाव कर अपना समेकित कृषि प्रणाली का मॉडल तैयार करे, ताकि उसे अधिक से अधिक लाभ मिल सके। इससे पूर्व, कार्यक्रम की शुरूआत डॉ. शिवानी, प्रधान वैज्ञानिक के स्वागत भाषण से हुई। इसके बाद, पाठ्यक्रम निदेशक एवं प्रभागाध्यक्ष, फसल अनुसंधान प्रभाग, डॉ. संजीव कुमार, डॉ. आशुतोष उपाध्याय, प्रमुख, भूमि एवं जल प्रबंधन प्रभाग, डॉ. कमल शर्मा, प्रमुख, पशुधन एवं मात्स्यिकी प्रबंधन प्रभाग, समन्वयक एवं प्रधान वैज्ञानिक, डॉ. पी. सी. चन्द्रन ने विचार साझा किए। कार्यक्रम के अंत में डॉ. अभिषेक कुमार, पाठ्यक्रम समन्वयक एवं वैज्ञानिक ने सभी प्रतिभागियों तथा वैज्ञानिकों के प्रति आभार व्यक्त किया। चार दिनों तक चलने वाले इस कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को समेकित कृषि प्रणाली के विभिन्न पहलुओं जैसे सिद्धांत, मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन, खरपतवार प्रबंधन, पशुधन प्रबंधन, मशरूम उत्पादन, चारा उत्पादन, मत्स्य प्रबंधन, मुर्गी पालन, बत्तख पालन, तालाब और सिंचाई प्रबंधन, केंचुए की खाद, अपशिष्ट पुनर्चक्रण, फसल विविधीकरण और पोषक वाटिका, आदि का मॉडल क्षेत्र पर व्यवहारिक ज्ञान एवं प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

# एक कार से अपराध की योजना बनाते हुए एक अमेरिकन राइफल, 20 गोली सहित एक अपराधी गिरफ्तार, तीन फरार

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अपराध की योजना बनाते हुए पुलिस ने बीते देर रात शाहपुर पुलिस ने दियारा के माधोपुर तीनमुहानी के पास छापेमारी कर एक कार से एक अमेरिकन राइफल, 20 गोली व एक अपराधी को गिरफ्तार किया गया है. जबकि अंधेरे के फायदा उठाकर तीन अपराधियों फरार हो गया है. गिरफ्तार हरशामचक निवासी बंद्री राय के पुत्र जितेंद्र कुमार के रूप में पहचान किया गया है. कार को जब्त कर लिया है. सिटीएसपी पश्चिमी ममता कल्याणी ने पत्रकारों को बताया कि शाहपुर पुलिस को सोमवार की रात गुप्त सूचना मिला था कि अपराध की योजना बनाने के लिए एक कार सवार अपराधियों हेतनपुर की ओर से आ रहे है. सूचना पर शाहपुर थानाध्यक्ष मनीष कुमार आनंद दल बल के साथ दियारा के माधोपुर तीनमुहानी के पास कार को रोकने का प्रयास किया तो पुलिस को देखकर कार चालक गाडी को कुछ दूरी पर जाकर रोका और कार सवार तीन लोगों भागने लगे तो पुलिस ने पीछा किया तो अंधेरे का फायदा उठाते हुए फरार हो गया . जबकि कार चालक जितेंद्र को पुलिस ने पकड लिया. थानाध्यक्ष मनीष कुमार आनंद ने बताया कि कार का तलाशी लेने के दौरान पिछली सीट पर कपडे में लिपटे एक अमेरिकन राइफल , 20 गोली , तीन मैंगजीन , एक बैरल साफ करने वाला ब्रश , दो मोबाइल व तीन चार्जर क्लिप बरामद किया गया है.थानाध्यक्ष ने बताया कि फरार तीन युवकों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी किया जा रहा है. गिरफ्तार जितेंद्र से पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है.





## दानापुर में ई रिक्शा सवार चार युवक गिरफ्तार, एक पिस्तौल, दो गोली, एक मैगजीन, दो खोखा, तीन मोबाइल बरामद

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुलिस ने गुप्त सूचना पर गोला रोड तीखी मोड के पास से ई रिक्शा सवार चार युवकों को गिरफ्तार किया है. जिसमें दो नाबालिग लडका है. गिरफ्तार युवकों के पास से एक देसी पिस्तौल, दो गोली, एक मैंगजीन , दो खोखा व तीन मोबाइल बरामद किया गया है. गिरफ्तार मोनू कुमार ब्यापुर मनेर व मणि कुमार गोला रोड डा डीराम डीएवी पब्लिक स्कूल के समीप निवासी है और दो नाबालिग है. ई रिक्शा को जब्त किया गया है. सिटी एसपी पश्चिमी ममता कल्याणी ने पत्रकारों को बताया कि सोमवार को दानापुर पुलिस को गुप्त सूचना मिला कि गोला रोड तीखी मोड के पास ई रिक्शा सवार चार युवकों अपराध की योजना बना रहे है. सूचना पर पुलिस टीम ने छापेमारी कर ई रिक्शा सवार चार युवकों को गिरफ्तार किया और युवकों के तलाशी लिया तो उसके पास से एक देसी पिस्तौल, दो गोली, एक मैंगजीन , दो खोखा व तीन मोबाइल बरामद किया गया है. गिरफ्तार मोनू व मणि से पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है.

## बिल्डर से 5 करोड रंगदारी मांगने वाले नामजद आरोपित को गिरफ्तार करने में पुलिस नाकाम

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिल्डर अनुपम कुमार से पांच करोड रंगदारी मांगने व जान से मारने की धमकी देने वाले को तीन दिन बाद भी पुलिस नामजद आरोपी लाली सिंह उर्फ वेद निधि को सुराग लगाने में नाकाम साबित हुई है. जिससे बिल्डर अनुपम डर-सहमे हुए है. बिल्डर अनुपम ने अपनी और विवेक की सुरक्षा करने की मांग किया है. बता दे कि रूपसपुर थाने के जलालपुर सिटी फ्लैट संख्या 603 निवासी व बिल्डर अनुपम कुमार ने स्थानीय थाना में राजापुल गेट नंबर 28 निवासी उमेश शर्मा के पुत्र लाली सिंह उर्फ वेद निधि के विरूद्ध मामला दर्ज कराया था. दर्ज प्राथमिकी में बिल्डर अनुपम ने बताया कि 4 दिसंबर रात 8.10 बजे मेरे मोबाइल पर कॉल आया था और नाम पूछने पर लाली सिंह बताते हुए कहा कि विवेक उर्फ छोटू शाहपुर निवासी से रूपसपुर नहर पर जमीन खरीद रहे हो तो 5 करोड रंगदारी देना होगा. नही तो जान मारने की धमकी दिया था. इस घटना के बाद पूरे परिवार डर-सहमे हुए है. थानाध्यक्ष शशि भूषण सिंह ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है और मामला का एसएसपी अपने स्तर से जांच पडताल कर रहे है.

## सीसीटीवी फुटेज में कार की तस्वीर आने के बाद भी पुलिस सुराग लगाने में नाकाम

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाने के झखडी महादेव के बासु मित्रा मैरेज हॉल के पास रविवार की देर शाम तेज रफ्तार कार ने आधा दर्जन को रौंदने के सीसीटीवी फुटेज आने के बाद भी पुलिस कार चालक व कार को बरामद करने में नाकाम रही है. इस हादसे में वृद्ध चांदसी राय की मौत हो गई थी और अमन व अंशु समेत चार जख्मी हो गये थे. इसके बाद भी पुलिस ने 48 घंटे बाद भी कार को बरामद नही कर सकी है और नही कार चालक का सुराग लगा सकी है. जिसको लेकर नगर में चर्चा का विषय बना हुआ है. यातायात थानाध्यक्ष सुमन कुमार सिंह ने बताया कि कार मालिक पर मामला दर्ज कर छानबीन किया जा रहा है. उन्होंने बताया कि जल्द ही कार को बरामद कर लिया जायेगा और चालक को गिरफ्तार किया जायेगा.

## बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के विद्यार्थी डॉ. रूपनारायण भारतीय सेना में कैप्टन पद पर चयनित

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना के अंगीभूत बिहार पशुचिकित्सा महाविद्यालय के छात्र डॉ. रूपनारायण ने भारतीय सेना की प्रतिष्ठित रिमाउंट वेटरनरी कॉर्प्स (आर.वी.सी.) में कैप्टन पद पर चयनित होकर विश्वविद्यालय, राज्य और समाज का नाम रोशन किया है। वे वर्तमान में इसी संस्थान से पोस्ट ग्रेजुएशन (एम.वी.एस.सी.) कर रहे हैं, जबकि बी.वी.एस.सी. एंड ए.एच. की डिग्री भी उन्होंने यहीं से प्राप्त की है। उनके पिता धनंजय कुमार आईटीबीपी में सब-इंस्पेक्टर हैं और माता बबिता देवी गृहिणी हैं। उनकी इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. इन्द्रजीत सिंह ने उन्हें बधाई देते हुए कहा कि यह



उपलब्धि संस्थान के लिए गौरव का विषय और भावी पीढ़ियों के लिए प्रेरणादायी है। महाविद्यालय के डीन डॉ. जे. के. प्रसाद ने भी डॉ. रूपनारायण को शुभकामनाएँ दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# विशेष अभियान में फुलवारी और सम्पत चक में वाहन जांच में पकड़ी गई देसी शराब एक गिरफ्तार

**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पटना में मद्य निषेध कानून के तहत अलग-अलग थाना क्षेत्रों में चलाए गए विशेष अभियान के दौरान सम्पत चक के गोपालपुर थाना पुलिस और फुलवारी शरीफ थाना पुलिस ने बड़ी मात्रा में देसी शराब बरामद की है. दोनों थानों ने अपने-अपने क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाते हुए कुल 110 लीटर से अधिक देसी शराब पकड़ी है, जबकि एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया है. गोपालपुर थाना अध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर की गई वाहन चेकिंग एवं छापामारी में एक होंडा मोटरसाइकिल पर लदा करीब 40 लीटर देसी चुलाई शराब बरामद किया गया. पुलिस ने मौके से दिलीप कुमार (25 वर्ष), पिता संजय यादव, ग्राम मानपुर बैरिया को गिरफ्तार कर लिया. थाना अध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त के खिलाफ मद्य निषेध अधिनियम के तहत उचित कार्रवाई की जा रही है. हीरो होंडा को भी जप्त कर लिया गया है. फुलवारी शरीफ थानेदार मोहम्मद गुलाम शाहबाज आलम के मुताबिक फुलवारी शरीफ थाना क्षेत्र में सहायक अवर निरीक्षक साकीर हुसैन अपने दलबल के साथ गश्ती पर थे. सुबह लगभग 09:45 बजे गोविंदपुर मुसहरी के पास पुलिस बल को देखकर एक ब्लैक स्कूटी पर सवार युवक अचानक मुड़कर भागने लगा. भीड़भाड़ का फायदा उठाते हुए वह स्कूटी छोड़कर गली में फरार हो गया. स्कूटी की तलाशी में दो प्लास्टिक बोरे और डिक्की से कुल 70 लीटर देसी महुआ शराब बरामद हुई. स्वतंत्र गवाह नहीं मिलने पर साथ के गृहरक्षक सिपाही देवीलाल कुमार और बिरजु पासवान को साक्षी बनाकर विधिवत जप्ती सूची तैयार की गई. बरामद शराब एवं स्कूटी को थाने लाया गया. इस मामले में फुलवारी शरीफ थाना में कांड संख्या 1982/25, दिनांक 08/12/25, धारा 15/30(ए) बिहार मद्य निषेध अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है.





## खाद बीज सही समय और सही कीमत पर किसानों को मिले, निगरानी समिति की बैठक में निर्णय

**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के किसानों को खाद एवं बीज सही समय और सही कीमत पर मिले इसको लेकर मंगलवार को खाद विक्रेताओं के साथ निगरानी समिति की बैठक हुई। प्रखंड बीस सूत्री के अध्यक्ष अनिल सिंह की अध्यक्षता में हुई। बीज निगरानी समिति की बैठक में मुख्य रूप से किसानों को सही दाम, समय पर और पर्याप्त मात्रा में खाद-बीज उपलब्ध कराने, कालाबाजारी रोकने और विक्रेताओं को स्टॉक रजिस्टर व मूल्य सूची लगाने जैसे निर्देशों पर चर्चा हुई, ताकि किसानों को किसी तरह की परेशानी न हो और फसलों की बुवाई सुचारू रूप



से हो सके। प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष ने सभी विक्रेताओं को सरकार द्वारा निर्धारित दरों पर ही खाद-बीज बेचने और किसानों को समय पर आपूर्ति सुनिश्चित करने को कहा। वही प्रखंड कृषि पदाधिकारी अमरेन्द्र बहादुर सिंह ने अधिक दाम वसूलने या जमाखोरी करने वाले दुकानदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी। खाद बीज दुकानों पर स्टॉक रजिस्टर और मूल्य सूची (मूल्यांकन तालिका) प्रदर्शित करना अनिवार्य किया गया, ताकि किसान जानकारी ले सकें। बैठक में मिलावट वाली या गलत खाद-बीज बेचने से बचने और गुणवत्ता बनाए रखने पर जोर दिया गया।

## दो पक्षों में जमकर मारपीट, ईंट- पत्थर चलाए गए, फायरिंग का वीडियो वायरल, सात लोग गिरफ्तार

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के शहरी पंचायत अंतर्गत ढकवाहा चक गांव में मंगलवार की दोपहर सरकारी जमीन पर कब्जा के नाम पर दो पक्ष आमने-सामने हो गए जिसमें जमकर दोनों पक्ष के बीच इट पत्थर चलाए गए जिसमें एक पक्ष के पप्पू राम और सुनील राम गंभीर रूप से जख्मी हो गए। पप्पू राम का कहना है कि उनके हाथ में गोली लगी है। वहीं दूसरे पक्ष के भी कुछ लोग जख्मी हुए हैं। दूसरे पक्ष के कुंदन कुमार और उनके पुत्र के ऊपर मारपीट करने का आरोप लगाया जा रहा है। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंचकर घटना का जायजा लिया वहीं दूसरी तरफ अनुमंडल अस्पताल में भी पुलिस ने घायल का इलाज करवाया। घटना को लेकर एक वीडियो भी वायरल हो रहा है जिसमें गोली चलने की आवाज और हाथ में हथियार लहराते वीडियो वायरल हुआ। पुलिस वीडियो की जांच कर रही है अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बाढ़ 01 आनंद कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है ।

## दानापुर में तीसरे दिन छावनी प्रशासन का बुलडोजर अतिक्रमण पर चला, वसूला जुर्माना

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** तीसरे दिन मंगलवार को अनुमंडल व छावनी परिषद प्रशासन ने बस पडाव से थाना मोड तक अतिक्रमण पर बुलडोजर चलाया. अतिक्रमण अभियान से नगर में अतिक्रमणकारियों के बीच हडकंप मचा रहा .अतिक्रमण अभियान के बाद संकीर्ण सडकों चौडी नजर आने लगी. फुटपाथी दुकानदारों का आरोप है कि अतिक्रमण के नाम पर गुमटी , झोपडियों व पक्का ओटा को ध्वस्त किया जा रहा है. जबकि परिषद के परती जमीन पर अवैध रूप से कब्जा किये हुए अतिक्रमणकारियों को कुछ नही किया जा रहा है. अतिक्रमण अभियान में भेदभाव किया जा रहा है. डीएम व एसडीओ आदेश के बाद छावनी परिषद प्रशासन की टीम ने पुलिस बलों के सहयोग बस पडाव से थाना मोड तक टाउन क्लिन ऑपरेशन चलाया. घंटो तक चले व्यापक रूप से अभियान में. बुलडोजर से झोपडियों , गुमटी व पक्का ओटा को ध्वस्त किया गया है प्रशासन ने बस पडाव से अवैध रूप से लगाये गये 12 फल वाले ठेले जब्त किया है. अतिक्रमणकारियों से 33 हजार रुपए जुमार्ना वसूला गया है. जबकि यातायात पुलिस ने 43 हजार रुपए जुमार्ना वसूला गया है. दंडाधिकारी सह सीओ चंदन कुमार व नप के प्रबंधक अमरेंद्र कुमार के नेतृत्व में चलाया गया. अभियान में परिषद के प्रधान लिपिक मो फिरोज, कन्हैया लाल व सुदाम कुमार पुलिस पदाधिकारी व पुलिस बल के साथ सडक के किनारे से अतिक्रमणकारियों





से मुक्त कराया गया. सीओ बताया कि सडक किनारे अवैध रूप से अतिक्रमण कर सडक किनारे स्थायी व अस्थायी रूप से झोपडी , गुमटी अतिक्रमण के कारण आए दिनों जाम लगने से आम लोगों समेत स्कूली बच्चों को परेशानी झेलनी पडती है. जिसको देखते हुए अनुमंडल व छावनी प्रशासन ने अभियान चलाया गया है. उन्होंने बताया कि पूरे छावनी परिषद क्षेत्र को अतिक्रमणकारियों से मुक्त कराया जायेगा और नगर को स्वच्छ व सुंदर बनाया जायेगा. यह अभियान आगे भी जारी रहेगा और दोबारा अतिक्रमण करने वालों से जुमार्ना वसूला जायेगा. साथ ही कानूनी कारवाई की जायेगी.

# गांधी मैदान से वॉकथॉन, पटना में फेफड़ों के बढ़ते खतरे पर नेपकॉन 2025 का बड़ा जागरूकता अभियान

**पटना/फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पटना में लगातार बढ़ रहे प्रदूषण स्तर और उससे पैदा हो रहे फेफड़ों की बीमारियों को लेकर मंगलवार की सुबह गांधी मैदान से एक सशक्त स्वास्थ्य संदेश दिया गया. नेपकॉन 2025 के बैनर तले देशभर के दर्जनों नामचीन डॉक्टरों ने वॉकथॉन निकालकर राजधानी की जनता को यह चेताया कि फेफड़ों का स्वास्थ्य अब गंभीर खतरे में है और समय रहते सावधानी आवश्यक है. डॉक्टरों ने लोगों को बताया कि हवा में बढ़ते कण, धुआं, धूल और मौसम परिवर्तन की वजह से दमा, एलर्जी और फेफड़ों के संक्रमण के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं.नेपकॉन 2025 कमेटी ने कहा कि यह कार्यक्रम न केवल बिहार की स्वास्थ्य व्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि आने वाले समय में राज्य





को फेफड़ा रोग अनुसंधान और प्रशिक्षण का केंद्र बनाने की दिशा में भी मदद करेगा. वॉकथॉन में शामिल डॉक्टरों ने लोगों से अपील की कि वे खुले में प्रदूषण से बचें, मास्क का उपयोग करें, धूम्रपान से दूरी बनाएं तथा नियमित स्वास्थ्य जांच करवाते रहें, ताकि गंभीर बीमारियों का खतरा कम किया जा सके. इंडियन चेस्ट सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ. सुधीर कुमार ने बताया कि इस कदर गंभीर स्थितियों के बीच नेपकॉन का 27वां राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन पहली बार बिहार की धरती पर आयोजित हो रहा है, जो राज्य के लिए बड़ी उपलब्धि है. यह सम्मेलन 11 से 14 दिसंबर तक पटना के ज्ञान भवन में चलेगा. उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में पूरे भारत से लगभग 3 हजार विशेषज्ञ डॉक्टर, फेफड़ा रोग विशेषज्ञ, मेडिकल शोधकर्ता और शिक्षाविद् हिस्सा लेंगे, जिससे बिहार को फेफड़ा रोगों के आधुनिक उपचार और शोध की दिशा में बड़ी प्रेरणा मिलेगी. उन्होंने कहा कि इस अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम में करीब 15 देशों से विशेषज्ञों की टीमें आ रही हैं, जिनमें अमेरिका, ब्रिटेन, जापान, ऑस्ट्रेलिया, रूस और यूरोपीय देशों के ख्यातिप्राप्त डॉक्टर शामिल हैं. कुल 25 अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञ डॉक्टर अपने विशेष व्याख्यान में आधुनिक शोध, नई दवाओं, उभरती बीमारियों और फेफड़ों की जटिलताओं पर महत्वपूर्ण जानकारी साझा करेंगे. सम्मेलन के उद्घाटन समारोह में 11 दिसंबर को बिहार के राज्यपाल मुख्य अतिथि और स्वास्थ्य मंत्री विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे. इस सम्मेलन से पहले तैयारी के रूप में राज्य के लगभग 12 बड़े चिकित्सा संस्थानों—पीएमसीएच, आइजीआइएमएस, एम्स पटना, मेदांता, पारस, रूबन हॉस्पिटल सहित अन्य प्रमुख केंद्रों—में फेफड़ा रोगों पर विशेष वर्कशॉप आयोजित की जा रही हैं. इन वर्कशॉप में डॉक्टरों को नवीनतम शोध, मशीनों की उपयोगिता, फेफड़ों के टेस्ट, ब्रॉन्कोस्कोपी, आईसीयू प्रबंधन और अन्य आधुनिक पद्धतियों की प्रशिक्षण दिया जा रहा है, ताकि बिहार के चिकित्सकों को बड़े स्तर पर विशेषज्ञता प्राप्त हो सके.

CMYK

## संक्षिप्त समाचार

### पर्यटकों के आकर्षण का नया केंद्र बना सरेया मन

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पश्चिम चंपारण की सरैयामन रामसर झील अब पर्यटकों के लिए आकर्षण का प्रमुख केंद्र बन गई है। यहां हाल ही में बोटिंग की सुविधा शुरू की गई है, जिससे केवल तीन दिनों में 1 लाख रुपये की आय हुई है। बोटिंग के लिए 200 रुपये (व्यक्ति), 100 रुपये (पैडल बोटिंग), और बच्चों के लिए 50 रुपये शुल्क लिया जा रहा है।पर्यटक यहां ई-रिक्शा से चारों ओर बने पर्यटन मार्ग पर यात्रा कर सकते हैं, जहां वे विभिन्न प्रजातियों के वन्य जीवों का दीदार कर सकते हैं। शिकारा नाव पर 20 मिनट की सवारी करते हुए पर्यटक झील की प्राकृतिक सुंदरता का आनंद ले सकते हैं।सरैयामन रामसर झील को प्रवासी पक्षियों के लिए भी महत्वपूर्ण माना जाता है, और यह स्थान फ्लोरा और फॉना के लिए प्रसिद्ध है। बेतिया से केवल 6 किलोमीटर दूर स्थित यह झील अब एक प्रमुख पर्यटन स्थल बन चुका है। वन प्रमंडल पदाधिकारी पंकज कुमार ने बताया कि इस झील को पर्यटकों के लिए खोला गया है और यहां ईको पर्यटन की सुविधाएं विकसित की गई हैं।

### रामनगर में वॉलीबॉल टूनार्मेंटः लखनऊ ने नेपाल को 3-0 से हराया

**रामनगर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एपीजे अब्दुल कलाम डिग्री कॉलेज, पकड़ी देवराज में आयोजित वॉलीबॉल टूनार्मेंट का फाइनल मुकाबला रोमांचक रहा। लखनऊ (यूपी) की टीम ने नेपाल को 3-0 से हराकर खिताब जीता। उद्घाटन एसडीपीओ रागिनी कुमारी ने किया और खिलाड़ियों को खेल के प्रति समर्पण का संदेश दिया। फाइनल मैच में लखनऊ ने शुरूआत से ही दबदबा बनाए रखा। टूनार्मेंट में कुल 10 टीमों ने भाग लिया था।

### स्वच्छता कर्मियों के साथ बैठक

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड में स्वच्छता कार्यों को नियमित रूप से चलाने के लिए पंचायत वार स्वच्छता कर्मियों, पर्यवेक्षकों और सचिवों के साथ बैठक आयोजित की गई। बीडीओ ने कर्मियों को निर्देश दिया कि घर-घर कचरा उठाव नियमित करें और जो कर्मी कोताही करेगा, उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। साथ ही, शौचालयों और वेस्ट प्रोसेसिंग यूनिट की सफाई पर जोर दिया गया।

### डब्लूपीवाई में खामियां बीपीआरओ का निरीक्षण

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बीपीआरओ विवेक आर्या ने सुगौली पंचायत में विभिन्न योजनाओं का निरीक्षण किया। डब्लूपीयू में कचरे के बजाय अन्य सामग्री पाई गई, और मापी पुस्तिका भी नहीं मिली। बीपीआरओ ने कड़ी नाराजगी जताते हुए अधिकारियों को सभी अभिलेख अपडेट रखने का निर्देश दिया।

### अतिक्रमण और जाम की समस्या : एसडीएम से मिला मंच

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शहरी क्षेत्र में अतिक्रमण और जाम की समस्या को लेकर शहरी एवं ग्रामीण विकास मंच का शिष्टमंडल एसडीएम से मिला। मंच ने गन्ना लदे वाहनों की वजह से जाम की समस्या पर ध्यान आकर्षित किया और अतिक्रमण हटाने की मांग की।

### बुलडोजर राज्य के खिलाफ भाकपा का विरोध प्रदर्शन

**गौनाहा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भाकपा माले ने बुलडोजर राज्य के खिलाफ विरोध मार्च निकाला। मार्च में वक्ताओं ने गरीबों को उजाड़ने और भूमि अधिकारों पर सवाल उठाया।

### प्राकृतिक खेती पर कार्यशाला

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** कृषि कार्यालय में प्राकृतिक खेती पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन हुआ। इसमें किसानों को जैविक खाद और प्राकृतिक खेती के फायदे बताए गए, और रबी फसलों की बुवाई पर भी चर्चा हुई।

### मझौलिया में सड़क हादसा एक की मौत

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** तेज रफ्तार बाइक सड़क से फिसलकर पेड़ से टकरा गई, जिसमें एक युवक की मौत हो गई और दो गंभीर रूप से घायल हो गए। तीनों युवक एक शादी से लौट रहे थे।

### मझरिया शेख विद्यालय से चोरी

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय मझरिया शेख से अज्ञात चोरों ने 65 इंच का एलईडी टीवी सहित कई सामग्रियां चुरा लीं। स्कूल के प्रभारी प्रधानाध्यापक ने घटना की शिकायत पुलिस से की है।

### बंद घर से 5 लाख की चोरी

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रतनमाला में बंद पड़े एक घर से चोरों ने लगभग 5 लाख रुपये की संपत्ति चुरा ली। घर के मालिक बेतिया में रह रहे थे, और चोरों ने घर के ताले तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू की है।

### बिजली चोरी के आरोप में 17 लोगों पर कार्रवाई

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिजली विभाग ने बिजली चोरी के खिलाफ सघन छापामारी अभियान चलाया और 17 लोगों को बिजली चोरी करते हुए पकड़ा। जेई पंकज कुमार यादव ने बताया कि छापामारी के दौरान बुढ़वा चंपापुर और अन्य स्थानों पर मीटर बाईपास कर चोरी की जा रही थी। पकड़े गए आरोपियों पर शिकारपुर थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है और उनके खिलाफ करीब 3.53 लाख रुपये का जुमार्ना भी लगाया गया है।

### रबी फसल के लिए उर्वरक निगरानी समिति की बैठक

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड कृषि कार्यालय में उर्वरक निगरानी समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें रबी फसलों के लिए खाद की उपलब्धता और वितरण की सख्त निगरानी की बात की गई। बीडीओ सूरज कुमार सिंह ने कहा कि किसानों को निर्धारित मूल्य पर समय से खाद मिलनी चाहिए और खाद विक्रेताओं को सख्ती से यह सुनिश्चित करना होगा। बैठक में एसडीएओ संतोष कुमार ने अनुमंडल स्तर पर कंट्रोल रूम बनाने की बात की, ताकि किसानों की समस्याओं का त्वरित समाधान किया जा सके।

### कर्मियों को चयनमुक्त करने का आदेश

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बीडीओ सूरज कुमार सिंह ने सात पंचायतों के स्वच्छता कर्मियों और पर्यवेक्षकों के साथ बैठक की और निर्देश दिया कि अब सभी पंचायतों में घर-घर कचरा उठाव नियमित रूप से शुरू हो। स्वच्छता कार्य में लापरवाही बरतने वाले कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी और उन्हें चयनमुक्त किया जाएगा। इसके अलावा, पंचायत सचिव को खराब ठेले की मरम्मत और सामुदायिक शौचालयों की सफाई करने के निर्देश दिए गए।

### पंचायत समिति की बैठक स्थगित

**रामनगर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रामनगर पंचायत समिति की 08 दिसंबर को प्रस्तावित बैठक प्रमुख निहारिका नूतन के स्वास्थ्य कारणों के चलते स्थगित कर दी गई। प्रमुख ने बीडीओ को स्वास्थ्य संबंधी समस्या की जानकारी देते हुए बैठक स्थगित करने का अनुरोध किया था। बीडीओ अजीत कुमार ने बैठक को अगले आदेश तक स्थगित करने की पुष्टि की और नई तिथि की घोषणा शीघ्र करने की बात कही।

### रबी सीजन की तैयारी के लिए विशेष समीक्षा बैठक

**रामनगर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रामनगर किसान भवन में रबी फसलों के लिए एक विशेष समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अधिकारियों ने किसानों को समय पर खाद और बीज की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। डीएपी खाद की आपूर्ति, उचित मूल्य पर वितरण और गुणवत्ता के मानकों पर कड़ी निगरानी रखने की बात की गई। बैठक में बीडीओ अजीत कुमार और अन्य अधिकारियों ने किसानों को सभी कृषि संबंधित संसाधन समय पर उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया।

# व्यावसायिक हित में मोतिहारी चैंबर सदैव तत्पर : अंगद सिंह

## अध्यक्ष के द्वारा चैंबर के बहुप्रतीक्षित पारिवारिक कार्यक्रम वनभोज की प्रोग्रेस रिर्पोट बताई गई



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** चैंबर ऑफ कॉमर्स के 25 वीं कार्यकारिणी की ग्यारहवीं संयुक्त बैठक कार्यकारिणी सदस्य अरविंद श्रॉफ के निजी आवास हरि उर्मिला कॉम्प्लेक्स के सभागार में चेंबर अध्यक्ष अंगद सिंह की अध्यक्षता में आयोजित हुई। सभा की शुरूवात महासचिव आलोक कुमार ने गत बैठक के कार्यवाही की रिपोर्ट और गतिविधियों की रिपोर्ट सभा के समक्ष रखी। बैठक में धर्मेंद्र स्वर्णकार तथा राकेश गुप्ता विशेष आमंत्रित सदस्य का तालियो के साथ अभिनंदन करते हुए परिचय कराया गया। अध्यक्ष अंगद सिंह के द्वारा चैंबर के बहुप्रतीक्षित पारिवारिक कार्यक्रम वनभोज का प्रोग्रेस रिर्पोट बताया गया। उसके बाद चैंबर का बहुप्रतीक्षित सामाजिक कार्य "नवबर्ष की उमंग गांव के बच्चों के संग" इसी महीना के 25 दिसंबर होने वाला है उसका रिर्पोट कार्यक्रम प्रभारी चंदू मिश्रा ने दिया। उल्लेखनीय है कि चैंबर का पदस्थापना समारोह 11 जनवरी या 18 जनवरी को होगी इसके लिए एक कमिटी का गठन किया गया। जिसका कार्यक्रम प्रभारी उपाध्यक्ष सुधीर गुप्ता होंगे । उल्लेखनीय है कि चैंबर पदस्थापना समारोह में चार सम्मान सर्वश्रेष्ठ नागरिक, सर्वश्रेष्ठ सरकारी पदाधिकारी, सर्वश्रेष्ठ पुलिस अधिकारी और सर्वश्रेष्ठ वॉर्ड पार्षद का सम्मान करेगी। वहीं सभा को संबोधित करते हुए अध्यक्ष अंगद सिंह ने वर्ष 2025 के सभी कार्यकारिणी सदस्य और पदाधिकारियों का धन्यवाद दिया। तत्पश्चात पद का हस्तांतरण कराया गया। अध्यक्ष अंगद सिंह ने कहा कि व्यावसायिक हित में मोतिहारी चैंबर सदैव तत्पर है और व्यावसायिक हित के कार्य पूरे जोर-शोर से अगले साल भी किए जाएंगे। बैठक में पूर्व अध्यक्ष रवि कृष्ण लोहिया, सुधीर अग्रवाल, संयोजक मनीष कुमार, सत्यव्रत जायसवाल नई कार्यकारिणी के उपाध्यक्ष सुरेश चंद्र सुधीर गुप्ता - सह सचिव विनय देवकुलियार, डॉ. कमलेश कुमार, हेमंत कुमार, चंदू मिश्रा, अरविंद श्रॉफ, मेहुल लाल, अनिल अग्रवाल उपस्थित रहे ' सभा का धन्यवाद ज्ञापन वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य सुधांशु रंजन के द्वारा किया गया ' तथा राष्ट्रगान के साथ सभा समाप्ति की घोषणा किया गया ' उक्त जानकारी महासचिव - सह मीडिया प्रभारी आलोक कुमार ने दिया।

# राष्ट्रीय लोक अदालत के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए मोतिहारी से 13 प्रचार रथ रवाना



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आसन्न राष्ट्रीय लोक अदालत 13 दिसंबर 2025 को अधिक प्रभावी एवं सफल बनाने के उद्देश्य से आज जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मोतिहारी द्वारा 13 प्रचार रथों को हरी झंडी दिखाकर जिले के दूरदराज क्षेत्रों के लिए रवाना किया गया। इन प्रचार रथों के माध्यम से आम जन - मानस को यह संदेश दिया जाएगा कि वे अपने लंबित वादों का निःशुल्क समाधान राष्ट्रीय लोक अदालत में कराकर समय, धन एवं श्रम की बचत के साथ सहज न्याय प्राप्त कर सकते हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, अभिषेक कुमार दास तथा नितिन त्रिपाठी, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मोतिहारी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। 'राष्ट्रीय लोक अदालत न्यायपालिका और नागरिकों के मध्य भरोसे का जीवंत सेतु है, जहाँ विवाद का समाधान संवाद एवं सौहार्द के साथ होता है।' इस अवसर पर उपस्थित न्यायाधीशगण एवं अधिकारियों ने नागरिकों से अपील की कि-

- बैंक ऋण
- बिजली, पानी एवं टेलीफोन बिल
- मोटर दुर्घटना दावा वाद
- पारिवारिक एवं वैवाहिक विवाद
- भूमि एवं राजस्व संबंधी वाद

आदि का निस्तारण राष्ट्रीय लोक अदालत की प्रक्रिया से कराते हुए न्याय तक पहुँच को सरल एवं सुलभ बनाएं। कार्यक्रम में सुरेंद्र प्रसाद, मुकुंद कुमार, अरुण कुमार सिन्हा, ब्रजेश कुमार, श्रीमती रेशमा वर्मा, अवधेश कुमार, विद्या प्रसाद, रमेश रंजन, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सहित अनेक न्यायिक पदाधिकारी , राजेंद्र पांडे एल डी एम बैंक प्रतिनिधि एवं ज्ञान प्रकाश जिला जन संपर्क सूचना पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# बीस सूत्री की बैठक में छाई रही किसानों की समस्या

**बनकटवा (पूर्वी चम्पारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड मुख्यालय के ई किसान भवन के सभागार मे मंगलवार को उमाकांत प्रसाद की अध्यक्षता मे बीस सूत्री सदस्यों की बैठक हुई संचालन उपाध्यक्ष चंद्रभान मिश्रा ने किया उपस्थित सभी सदस्यों ने किसान सी जुड़ी समस्याओं के बारे मे जानकारी दी उन्हीने कहा की उर्वक निगरानी समिति की बैठक मे किसानों को उचित मूल्य पर खाद मुहैया कराने पर चर्चा की गई कालाबाजारी पर रोक लगाने की बात कही सभी खाद दुकानदारों को कहा गया की खाद वितरण के समय किसान सलाहकार की उपस्थिति मे ही खाद का वितरण किया जाये उनकी उपस्थिति अनिवार्य रहेगी. मौके पर प्रखंड कृषि पदाधिकारी राम कुमार पासवान, रणबीर सिंह,जिलापार्षद लालबाबू यादव, सुरेन्द्र कुमार, रामभूपेश साह, सुरेन्द्र प्रसाद गुप्ता, अनहोती साह, जीतेन्द्र कुमार, अरुण कुमार, श्यामबाबू प्रसाद सहित दर्जनों किसान व जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।



# बाल विवाह मुक्त भारत बनाने को लेकर ली गई शपथ

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** 'बाल विवाह मुक्त भारत अभियान' के तहत गुरुवार को प्रखंड के सभाकक्ष में एसडीएम सूर्य प्रकाश गुप्ता की अध्यक्षता गुरूवार को एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ एसडीएम सूर्य प्रकाश गुप्ता, सीओ सुधांशु शेखर, एसडब्ल्यूओ ओमप्रकाश नारायण सिंह, एसडब्ल्यूओ सुमंत राज समेत अन्य पदाधिकारियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इसके पश्चात अनुमंडल, प्रखंड और अंचल के उपस्थित कर्मियों को बाल विवाह पर रोक लगाने और महिला सुरक्षा सुनिश्चित करने की शपथ दिलाई गई। इसके साथ ही समाज में जागरूकता लाने का प्रयास करने को कहा गया। एसडीएम श्री गुप्ता ने कहा कि बाल विवाह की पूर्ण रोकथाम से बच्चों का भविष्य अधिक सुरक्षित होगा।

# 13 दिसंबर को रक्सौल दौड़ेगाः एसएसबी स्थापना दिवस पर होगा भव्य मैराथन का आयोजन



**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सशस्त्र सीमा बल (रइ) के स्थापना दिवस (20 दिसंबर) से पूर्व रक्सौल में माहौल ऊर्जा से भरने वाला है। 47वीं वाहिनी एसएसबी रक्सौल की ओर से 13 दिसंबर की सुबह 7:30 बजे भव्य मैराथन दौड़ का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों, युवाओं तथा खिलाड़ियों के शामिल होने की उम्मीद है।दौड़ महिला और पुरुष दोनों वर्गों के लिए आयोजित की जाएगी। कुल 5 किलोमीटर दूरी की यह मैराथन एसएसबी हवाई अड्डा कैंप से शुरू होकर आईसीपी (पंटोका) होते हुए पुनः एसएसबी कैंप में समाप्त होगी। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर एसएसबी कैंप में जोर-शोर से कार्य चल रहा है। द्वितीय कमांडेंट संजय रावत ने बताया कि मैराथन को सफल बनाने के लिए सभी व्यवस्थाएँ पूरी कर ली गई हैं। उन्होंने स्थानीय लोगों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर फिटनेस व जागरूकता के इस आयोजन को सफल बनाने की अपील की। स्थापना दिवस के मुख्य कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय, रइ महानिदेशक संजय सिंघल, स्थानीय विधायक और सांसद समेत कई गणमान्य अतिथियों के शामिल होने की संभावना है, जिसके मद्देनजर समारोह को भव्य बनाने की तैयारियाँ जारी हैं। एसएसबी का यह आयोजन न केवल सीमा सुरक्षा बल की उपलब्धियों को दर्शाएगा, बल्कि शहर को फिटनेस व एकजुटता का संदेश भी देगा।

# एकमा बाजार में अवैध अतिक्रमण हटाने की 16 दिसंबर से नगर पंचायत प्रशासन चलाएगा विशेष अभियान




**एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर पंचायत एकमा बाजार ने ब्लॉक रोड व स्टेशन रोड सहित बाजार स्थित सरकारी रास्तों, गलियों व नालों पर किए गए अवैध अतिक्रमण को लेकर सख्त रुख अपनाते हुए अतिक्रमणकारियों को अंतिम चेतावनी जारी की है। सोमवार को नगर पंचायत एकमा बाजार के कार्यपालक पदाधिकारी रमण राज के द्वारा जारी सूचना में स्पष्ट कहा गया है कि जिन लोगों ने अस्थायी या स्थायी निर्माण कर सार्वजनिक मार्गों पर कब्जा कर लिया है, वे अपने स्तर से अतिक्रमित हिस्सों को तुरंत हटा लें, अन्यथा नगर प्रशासन द्वारा बलपूर्वक अतिक्रमण हटाया जाएगा। नगर पंचायत प्रशासन ने बताया है कि इससे संबंधित तीन नोटिस पहले ही जारी किए जा चुके हैं। निर्धारित समयसीमा में अतिक्रमण नहीं हटाने पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के साथ-साथ नियमों के तहत जुमार्ना भी वसूला जाएगा। प्रशासन ने अतिक्रमण हटाने की अंतिम तिथि 16 दिसंबर 2025 के पहले तय की है। 16 दिसंबर से नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी रमण राज के अनुसार स्थानीय पुलिस की सहायता से अतिक्रमण हटाया जाएगा। अभियान के दौरान उल्लंघनकताओं से नियम के तहत जुमार्ना वसूला जाएगा और हटाए गए हिस्सों को पुनः अतिक्रमित करने पर कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी। नगर प्रशासन का कहना है कि यह कार्रवाई केवल एक दिन की नहीं होगी, बल्कि नियमित अंतराल पर यह अभियान जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि नगर पंचायत क्षेत्र के अन्य स्थानों पर भी अतिक्रमण की सूचना मिलते ही तुरंत कार्रवाई की जाएगी। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों को रोजाना लगने वाले जाम से राहत दिलाना व आवागमन को सहज बनाना है। उन्होंने आम जनता से सहयोग की अपील करते हुए कहा है कि सार्वजनिक मार्गों को सुचारू व बाधारहित रखना सभी की जिम्मेदारी है। उल्लेखनीय है कि स्टेशन रोड एवं ब्लॉक रोड में सड़क किनारे अतिक्रमण के कारण एकमा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सड़क दुर्घटना अथवा अन्य इमरजेंसी मरीज को लेकर आने वाले एंबुलेंस एंबुलेंस वाहनों सहित एकमा रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों को पकड़ने जाने वाले यात्रियों के वाहनों जाम में फंसने से काफी परेशानी उठानी पड़ती है।

# पुरंदरा में अतिक्रमण पर प्रशासन सख्त, पोखर की जमीन खाली कराने की तैयारी

**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुरंदरा पंचायत में स्थित पोखर से अतिक्रमण हटाने को लेकर प्रशासन ने कड़ा रुख अख्तियार कर लिया है। अंचल कार्यालय, रक्सौल की ओर से बिहार सार्वजनिक भूमि अनधिकार अधिनियम 1956 के तहत आठ लोगों को नोटिस जारी किया गया है। नोटिस में साफ निर्देश दिया गया है कि सभी को 22 दिसंबर दोपहर 1 बजे तक अंचल कार्यालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखना होगा। अंचल प्रशासन ने चेतावनी दी है कि निर्धारित समय सीमा में जवाब नहीं मिलने की स्थिति में सख्त प्रशासनिक कार्रवाई की जा सकती है। बताया जा रहा है कि पोखर क्षेत्र में वर्षों से किए गए अतिक्रमण को हटाकर जल संरक्षण के उद्देश्य से पोखर की सफाई एवं नाले निर्माण का काम प्रस्तावित है। स्थानीय प्रशासन के अनुसार, सार्वजनिक भूमि पर किसी भी तरह का अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। नोटिस मिलने के बाद क्षेत्र में हलचल तेज है और ग्रामीणों में चर्चा है कि यदि जवाब नहीं दिया गया तो जल्द ही प्रशासन जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए कार्रवाई शुरू कर सकता है। पूरा मामला अब 22 दिसंबर को होने वाली सुनवाई पर निर्भर करेगा।

# लड़की अपहरण में नौ पर केस

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भंगहा थाना क्षेत्र से शादी की नियत से नाबलिग लड़की अपहरण कर लेने के मामले में नौ लोगों पर केस दर्ज की गई है। थानाध्यक्ष रौशन कुमार ने बताया कि लड़की की पिता ने आवेदन में बताया है कि बिते सात दिसंबर को रात घर में खाना खाए सोयी थी। बहुत खोजबीन करने पर पता चला कि कमलेश महतो का पुत्र अजीत मंडल उसे बहला फुसलाकर भगा ले गया है।

# 'राष्ट्रनिर्माण में युवाओं की भूमिका' विषयक विचार गोष्ठी का सफल आयोजन





**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** साहित्यिक एवं सांस्कृतिक परिषद, महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालयीन छात्र कार्य ईकाई, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, मोतिहारी के संयुक्त तत्वावधान में 'राष्ट्रनिर्माण में युवाओं की भूमिका' विषयक पर विशिष्ट विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता रामदत्त चक्रधर, सह सरकार्यवाह, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ थे। अध्यक्षता कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव ने की। अध्यक्षीय उद्बोधन में कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव ने कहा कि आज का दौर तीव्र वैश्विक परिवर्तनों का है, जिससे संस्कृतियों का पारस्परिक प्रभाव बढ़ा है। ऐसे समय में आवश्यक है कि भारतीय समाज उन सांस्कृतिक मूल्यों को न भूले, जिन्होंने भारत को महान बनाया और विश्व को दिशा दी। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, भारतीय मूल्य-प्रधान शिक्षा,संस्कृत और संस्कृति की विशेषताओं के संरक्षण, अनुशासन, आध्यात्मिकता और मानसिक उपनिवेशवाद से मुक्ति की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि युवा यथार्थवादी हों, पर अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़े रहें, यही राष्ट्र की दीर्घकालिक शक्ति है। मुख्य वक्ता रामदत्त चक्रधर, सह सर कार्यवाह ने अपने उद्बोधन में भारतीय राष्ट्र की ऐतिहासिक यात्रा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत एक प्राचीन सांस्कृतिक राष्ट्र है, जिसकी एकात्मता अनेक संतों, मनीषियों और परंपराओं द्वारा समय-समय पर प्रमाणित की गई है। उन्होंने गुरु नानक, शंकराचार्य, कबीर आदि संत परंपरा का उल्लेख करते हुए कहा कि भले ही भाषाएँ भिन्न हों, पर भारतीय समाज में निहित भाव एक ही है, जो राष्ट्रीय एकता का आधार है।उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि राष्ट्रनिर्माण का आधार अंततः मनुष्य-निर्माण ही है। नैतिकता, चरित्र, अनुशासन और कर्तव्य-बोध से युक्त युवा ही मजबूत राष्ट्र की नींव रख सकते हैं। गांधी परिसर के निदेशक और सांस्कृतिक एवं साहित्यिक परिषद के अध्यक्ष प्रो. प्रसून दत्त सिंह ने कहा कि राष्ट्रनिर्माण का प्रश्न न केवल राजनीति तक सीमित है और न ही केवल भावनात्मक आवेग पर आधारित है। यह इतिहास, संस्कृति, सत्ता-संरचना, लोकतांत्रिक चेतना, असहमति के नैतिक साहस और वैचारिक स्वतंत्रता, इन सभी के समन्वित अनुभव से निर्मित विषय है। उन्होंने कहा कि भारत वर्तमान में संक्रमणकालीन दौर से गुजर रहा है, जहाँ युवा अब निष्क्रिय दर्शक नहीं, बल्कि सामाजिक-राजनीतिक परिवर्तन के सक्रिय कारक बन रहे हैं। अतः यह अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाता है कि युवाओं को किस वैचारिक दिशा की ओर प्रेरित किया जा रहा है तथा इससे भारत के दीर्घकालिक राष्ट्रीय चरित्र पर क्या प्रभाव पड़ेगा । विद्यार्थी उद्दीय नारायण ने एकल गीत 'निमार्णो के पावन पथ पर ... गया और श्रोताओं के बीच राष्ट्र भावना का संचार किया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने स्पष्ट किया कि भारत के भविष्य का निर्धारण युवा शक्ति के दिशा-निर्देशन और उसके मूल्याधिष्ठित विकास पर निर्भर करता है। भारतीय संस्कृति, शिक्षा, सभ्यता, संवेदनशीलता और चरित्र-निर्माण को राष्ट्रनिर्माण की आधारशिला के रूप में स्थापित करने की आवश्यकता पर सभी ने सामूहिक सहमति व्यक्त की।विचार गोष्ठी का संचालन डॉ. अनुपम कुमार वर्मा, सह जिला महाविद्यालयीन छात्र कार्य प्रमुख, मोतिहारी, सहायक आचार्य, समाजकार्य विभाग द्वारा किया गया। गोष्ठी में छात्रों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया और राष्ट्र के प्रति अपनी भूमिका, कर्तव्य और जिम्मेदारियों पर चर्चा की। कार्यक्रम में अनेक महाविद्यायलों एवं विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के छात्र, प्राध्यापगण तथा शहर के गणमान्यजनों ने सक्रिय उपस्थिति दर्ज की।

# हाई स्कूल नवादा में इको क्लब की ओर से जल संरक्षण विषयक प्रतियोगिता आयोजित

## छात्र-छात्राओं की रचनात्मक प्रस्तुति ने जीता दिल





**एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड क्षेत्र के नवादा, चैनवा स्थित हाईस्कूल में सोमवार को इको क्लब की ओर से जल संरक्षण विषय पर जागरूकता के उद्देश्य से प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में पानी के महत्व, उसके संरक्षण व समुचित उपयोग को लेकर संवेदनशीलता विकसित करना था। प्रतियोगिता में सभी कक्षाओं के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और पोस्टर मेकिंग, निबंध लेखन तथा भाषण प्रतियोगिता के माध्यम से जल बचाने के नवीन व सार्थक उपाय प्रस्तुत किए। वर्षा जल संचयन, जल व्यर्थता को रोकने व जल संसाधनों के बेहतर प्रबंधन जैसे विषय छात्रों द्वारा सुंदर ढंग से चित्रित व व्यक्त किए गए। विद्यालय के इको क्लब के प्रभारी सत्याकेश कुमार व राम बालक सहनी ने कार्यक्रम को सुव्यवस्थित ढंग से संचालित किया, वहीं मंच संचालन की जिम्मेदारी गौरव सिंहा ने निभाई। प्रतियोगिता के बाद आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में विद्यालय के प्रधानाचार्य हरदन बाबू सिंह ने छात्रों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि जल संरक्षण आने वाली पीढ़ियों के भविष्य से जुड़ा विषय है और बच्चों की जागरूकता समाज में सकारात्मक संदेश फैलाएगी। विजेताओं को प्रमाण पत्र व स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए, जबकि सभी प्रतिभागियों को भागीदारी प्रमाण पत्र देकर प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में सोनम मिश्रा, विनोद कुमार सिंह, रणधीर प्रताप सिंह, पुष्पा कुमारी, अभिनाश कुमार मिश्रा, मयंक कुमार सिंह सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं व शिक्षकेत्तर कर्मचारी शामिल रहे। बहरहाल, यह आयोजन विद्यालय की पर्यावरणीय पहलों में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में दर्ज हुआ।

**Affidavit**

I Mohmmad Gulroz Khan, S/o Mohmmad Nurul Hoda Khan, Mohalla-Ganj No. 1 Naya Tola, P.S.-Bettiah, Distt.-West Champaran. I declare through Affidavit No. 37619, Date: 18.09. 2025 that in my son Md. Tanweer Khan's matriculation Document, my name is wrongly mentioned as Md. Gulroz Khan. My Correct name is Mohmmad Gulroz Khan. That from now I will be know as Mohmmad Gulroz Khan for All future purpose.

CMYK

# जहानाबाद की बेटियों का रग्बी फुटबॉल प्रतियोगिता में रहा जलवा

## असम गुवाहाटी में जीता गोल्ड मेडल





**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जिले की दो प्रतिभाशाली बेटियों ने रग्बी फुटबॉल में शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम रोशन किया है। असम के गुवाहाटी में आयोजित राष्ट्रीय स्तर की रग्बी फुटबॉल प्रतियोगिता में दोनों खिलाड़ियों ने अपने-अपने वर्ग में गोल्ड मेडल जीतकर जहानाबाद को गौरवान्वित किया है। प्रतियोगिता में अंशु कुमारी ने सीनियर वर्ग में बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया, जबकि तमन्ना कुमारी ने अंडर-15 वर्ग में शानदार खेल दिखाकर गोल्ड मेडल अपने नाम किया। दोनों खिलाड़ी जहानाबाद के ग्रामीण इलाकों से आती हैं और सीमित संसाधनों के बावजूद कठिन मेहनत के बल पर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने में सफल हुई हैं। खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन से उत्साहित कोच विकास कुमार ने बताया कि दोनों बच्चियों ने अभ्यास के दौरान लगातार मेहनत की और मैदान पर जमकर पसीना बहाया। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों की लग्न और उनके अभिभावकों का समर्थन इस उपलब्धि की सबसे बड़ी वजह है।वहीं दूसरे कोच प्रकाश कुमार, जो स्वयं नेशनल खिलाड़ी रह चुके हैं, ने बिहार सरकार की 'मेडल और नौकरी' योजना की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस योजना से खिलाड़ियों में आत्मविश्वास बढ़ता है और खेल को लेकर रुचि भी बढ़ती है। काश यह योजना हमारे समय में भी होती, तो शायद आज हम भी किसी सरकारी नौकरी में होते। हालांकि खुशी इस बात की है कि अब सरकार खिलाड़ियों को एक मजबूत प्लेटफॉर्म दे रही है। दोनों बच्चियों की इस सफलता से पूरे जहानाबाद जिले में खुशी की लहर है। ग्रामीण क्षेत्र से निकलकर राष्ट्रीय स्तर पर गोल्ड मेडल जीतना न केवल उनके लिए बल्कि जिले के युवाओं और खिलाड़ियों के लिए भी प्रेरणादायक है। यह उपलब्धि युवा पीढ़ी के खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा का काम करेगी।

# अधूरे कामों को पूरा करेंगे विधायक ललन राम



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** कुटुंबा से हम पार्टी के विधायक ललन राम ने एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि विधानसभा के विकास और जनता की समस्याओं का समाधान को पूरी गंभीरता से करेंगे। परिवार से आने के बावजूद पार्टी ने उन पर भरोसा जताया है। अब उनकी पहली प्राथमिकता गरीब-गुरबा का काम करना है। पिछले कार्यकाल के अधूरे विकास कार्यों को तेजी से पूरा किया जाएगा। इस दौरान उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी, सीएम नीतीश कुमार और केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि हड़ियाही डैम को किसानों के सपनों का प्रोजेक्ट बताते हुए कहा कि अधिकारियों से बातचीत कर इसे हर हाल में पूरा करवाया जाएगा। कुटुंबा क्षेत्र काफी पिछड़ा हुआ है। यहां की सड़कें जर्जर स्थिति में हैं। 10 वर्षों तक प्रतिनिधित्व से दूर रहने के कारण कई काम अधूरे रह गए, लेकिन अब सभी जर्जर सड़कों, पुल-पुलियों के निर्माण को प्राथमिकता दी जाएगी। स्कूल और स्वास्थ्य विभाग में गड़बड़ियों की समीक्षा कर सुधारात्मक कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि हर पंचायत में चौपाल आयोजित कर जनता की समस्याओं को सीधे सुना जाएगा। विपक्ष मुद्दा विहीन है। बुलडोजर कार्रवाई पर कहा कि यह न्यायालय का विषय है, लेकिन प्रशासन को पहले गरीबों के लिए रहने की व्यवस्था सुनिश्चित करनी चाहिए। इसी संदर्भ में उन्होंने जिलाधिकारी से मुलाकात कर कुटुंबा के प्रभावित परिवारों के लिए उचित व्यवस्था करने की मांग की है। 15 दिसंबर को प्रखंड कार्यालय में समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी जिसमें विकास कार्यों की प्रगति पर विशेष चर्चा होगी।

## एक नजर

### चाकूबाजी में युवक जख्मी

**औरंगाबाद।** चाकूबाजी में एक युवक जख्मी हो गया जिसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना नगर थाना क्षेत्र के टिकरी रोड की है। जख्मी की पहचान चैनपुर गांव निवासी अभिषेक कुमार के रूप में की गई है। फिलहाल, वह महाराणा प्रताप नगर वार्ड-11 में रहता है। जख्मी ने बताया कि सोमवार की रात मिनी बिगहा निवासी आकाश गुप्ता उर्फ टुन्ना और सागर कुमार के बीच विवाद हो रहा था। शांत कराने के लिए बीच-बचाव करने गया था। मारपीट में एक व्यक्ति घायल हुआ था। दोनों पक्षों के बीच बहस भी हुई थी। तब मामला शांत हो गया। मंगलवार की सुबह उसी सड़क से गुजर रहा था। अचानक आकाश गुप्ता ने चाकू से हमला कर दिया। सीना और कंधे पर पांच बार चाकू से मारा। स्थानीय लोगों की मदद से परिजनों ने अस्पताल पहुंचाया। जहां से चिकित्सकों ने हायर सेंटर रेफर कर दिया। थानाध्यक्ष उपेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि सोमवार रात दोनों पक्षों में मारपीट हुई थी। उसी विवाद के चलते सुबह फिर से चाकू से हमला किया गया है। दोनों पक्षों की ओर से आवेदन मिला है जिसके आधार पर एफआइआर दर्ज की जाएगी। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### चोरी में दो युवक को पुलिस ने भेजा जेल

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** हसपुरा पुलिस ने मोटर पंप व साईकिल चोरी के मामले हसपुरा बाजार आदर्शनगर मोहल्ला निवासी अर्पित कुमार व मंगरविगहा के सौरभ कुमार को गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि गिरफ्तार युवक के पास से चोरी की मोटर पंप व साइकिल भी बरामद हुआ है। थानाध्यक्ष ने बताया कि कांड संख्या 354 / 25 दिनांक 8 - 12 - 25 दर्ज करते हुए गिरफ्तार दोनों युवक को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया।

### खलिहान में लगी आग, लाखों का नुकसान

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** प्रखंड के पीरू पंचायत अंतर्गत डिहुरी गांव में सोमवार की देर संध्या किसान कृपाल महतो के खलिहान में आग लगने का मामला सामने आया है। जिसमें चार बीघा खेती की लगभग 600 धान का बोझा जल कर पूरी तरह बर्बाद हो गया। आग की लप्टें इतनी तेज थी की दुसरे दिन सुबह तक लौ निकल रहा था। हालाकि बुझाने में ग्रामीण पूरी नाकाम रहे तो बुझाने के लिए अग्नि शामक विभाग को सूचना देकर दमकल बुलाया गया तब जाकर आग पर काबू पाया गया। जबकि आग पर काबू पाते - पाते धान का सभी बोझा जल गया। अगलगी की घटना का जानकारी मिलते पीरू पंचायत मुखिया गोपाल सिंह, पंचायत समिति प्रतिनिधि जय प्रकाश कुमार सहित सरपंच अरविंद सिंह, पैक्स अध्यक्ष विनोद सिन्हा के अलावा कई लोग डिहुरी गांव पहुंचे और पिड़ित किसान कृपाल महतो को दुःख की घड़ी में सांत्वना दी। मुखिया गोपाल सिंह व पंसस प्रतिनिधि जय प्रकाश कुमार ने बताया की अगलगी की जानकारी हसपुरा सीओ व थानाध्यक्ष को दिया गया है। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार को दिए गए आवेदन में कृपाल महतो आग लगाने का देवकुंड थाना क्षेत्र कै हथियारा गांव निवासी बैजनाथ महतो, श्रवण कुमार व रवि साव कै खिलाफ मामला दर्ज कराते हुए आरोपितों कै खिलाफ आवश्यक कारवाई करनै मांग किया है। बताया जाता है कि उक्त जमीन पर पहले से कोर्ट में मामला चल रहा है। पीड़ित किसान एक लाख बेहतर हजार का नुकसान होने का अनुमान लगाया है।

### राजद नेता के निधन पर शोक

**मखदुमपुर (जहानाबाद)।** मखदुमपुर प्रखंड के मोहम्मदपुर गांव निवासी राजद जिला अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के ज़िला अध्यक्ष फत्तो खान का निधन हृदय गति रुक जाने से हो गया। उनके निधन की खबर सुनते ही उनके गांव तथा राजद समर्थकों में शोक की लहर दौड़ गई। उनका इलाज पटना आईजीएमएस में चल रहा था। शोक व्यक्त करने वालों में पूर्व विधायक सतीश कुमार ने कहा कि वे राजद के सच्चे सिपाही के साथ-साथ सच्चे इंसान थे। उनके निधन पर पार्टी के साथ-साथ उनकी व्यक्तिगत क्षति हुई है। शोक व्यक्त करने वालों में राजद नेत्री शाहीन तारिक एवं तारिक फतह ने कहा कि फत्तो खान साहब से उनका पारिवारिक संबंध है उनके अचानक निधन से उन्हें गहरा दुख पहुंचा है। साथ ही उन्होंने कहा कि पार्टी में भी इनकी भरपाई निकटतम भविष्य में संभव नहीं है।

# अगलगी में दो लाख की संपत्ति जलकर राख

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जिले के रतनी प्रखंड क्षेत्र के ओइना लाखापुर गांव में देर रात भीषण आग की घटना से पूरे इलाके में दहशत फैल गई। प्राप्त जानकारी के मुताबिक परसबिगहा थाना क्षेत्र के इस गांव में मिट, मुर्गा–मछली और फास्ट फूड की कई दुकानों में अचानक आग लग गई, जिससे कुछ ही देर में दुकानें राख में तब्दील हो गईं। पीड़ित दुकानदारों ने इस आगजनी को सुनियोजित साजिश करार देते हुए असामाजिक तत्वों पर आग लगाने का आरोप लगाया है। पीड़ित दुकानदार गिरजा कुमार, सोनू कुमार एवं फास्ट फूड विक्रेता गजेन्द्र कुमार ने बताया कि रात में सभी दुकानें बंद थीं, तभी किसी ने आग लगा दी। आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही मिनटों में सबकुछ जलकर खत्म हो गया। दुकानदारों ने बताया कि आगलगी में करीब दो लाख रुपये की संपत्ति का नुकसान हुआ है। इसमें दुकान का सामान, नकदी, काउंटर, बर्तन और अन्य जरूरी सामग्री शामिल है। आगजनी की घटना से हुए नुकसान से परेशान दुकानदारों ने कहा कि यह घटना पूरी तरह से सोची-समझी प्रतीत होती है।

# जहानाबाद सदर अस्पताल में पुरुष नसबंदी पखवारा आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जिले के सदर अस्पताल में मिशन परिवार विकास अभियान के तहत पुरुष नसबंदी पखवाड़ा का आयोजन किया गया। इस विशेष पहल का उद्देश्य परिवार नियोजन के प्रति लोगों को जागरूक करना और पुरुषों को भी बराबर की जिम्मेदारी निभाने के लिए प्रेरित करना है।अस्पताल को मिले लक्ष्य के अनुसार कुल 50 महिला बंध्याकरण और 15 पुरुष नसबंदी कराई जानी हैं। अभियान की प्रगति बताते हुए अस्पताल प्रशासन कि ओर से बताया गया कि 22 नवंबर से 8 दिसंबर 2025 के बीच 21 महिलाओं का बंध्याकरण सफलतापूर्वक पूरा किया जा चुका है। स्वास्थ्य मेला में आए मरीजों और उनके परिजनों को



नसबंदी, गर्भनिरोधक साधन, टीकाकरण और अन्य परिवार नियोजन उपायों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। विशेषकर महिलाओं को नसबंदी के लाभ, गर्भधारण में अंतर रखने की आवश्यकता और मां व बच्चे के स्वास्थ्य को सुरक्षित रखने से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं से अवगत कराया गया।अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि स्वस्थ परिवार के लिए माता-पिता दोनों की भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि बच्चों के बीच कम से कम तीन वर्ष का अंतर रखना आवश्यक है, जिससे दोनों बच्चे स्वस्थ रह सकें और मां का स्वास्थ्य भी सुरक्षित रहे। वहीं परिवार नियोजन अधिकारी मंजुला सहाय ने बताया कि पखवाड़ा के दौरान महिलाओं को खुलकर जानकारी दी जाती है। कई महिलाएं अपने पति से बात करने में संकोच करती हैं, ऐसे में वे सीधे हमारे पास आती हैं और हम पूरी गोपनीयता के साथ उनका मार्गदर्शन करते हैं। यह सरकार की महत्वपूर्ण योजना है, जिसमें नसबंदी कराने वाले पुरुषों और महिलाओं को प्रोत्साहन राशि भी दी जाती है।अस्पताल प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की टीम ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य अधिक से अधिक दंपतियों को सुरक्षित, जागरूक और स्वस्थ परिवार नियोजन के लिए प्रेरित करना है। कार्यक्रम को सफल बनाने में सदर अस्पताल की मैनेजर रितिका कुमारी की भूमिका भी सराहनीय रही। उन्होंने पूरे आयोजन का सुचारू प्रबंधन किया और मरीजों को अस्पताल में उपलब्ध सुविधाओं के बारे में विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई।

# वार्षिक जिला स्तरीय फुटबॉल मैच का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज।** शहर के आरबीआर खेल मैदान में टाउन टीम रफीगंज द्वारा आयोजित 23वां वार्षिक जिला स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता मंगलवार को उत्साहपूर्ण माहौल में शुरू हुई। उद्घाटन समारोह में रफीगंज विधानसभा से नवनिर्वाचित विधायक प्रमोद कुमार सिंह तथा ओबरा विधानसभा के विधायक प्रकाश चंद्रा मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। पहला मुकाबला औरंगाबाद जिले की पड़रिया टीम तथा गया जिले की चाकंद टीम के बीच खेला गया। निर्धारित 30-30 मिनट के खेल में दोनों टीमों ने शानदार प्रदर्शन किया, लेकिन मैच बिना गोल के ड्रॉ रहा। तत्पश्चात पेनाल्टी शूटआउट कराया गया, जिसमें पड़रिया ने 5-5 गोल किए, जबकि चाकंद 5-4 गोल ही कर सकी। रेफरी गुड्डू चौरसिया ने पड़रिया को एक गोल के अंतर से विजेता घोषित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एवं संचालन



कमेटी के कार्यवाहक विनोद कुमार ने किया। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता का अगला मुकाबला रविवार को दोपहर 2 बजे बोधगया और भास्कर देव टीम के बीच खेला जाएगा। उद्घाटन के दौरान विधायक प्रमोद कुमार सिंह ने खिलाड़ियों से हाथ मिलाया और फुटबॉल को किक मारकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि टाउन टीम रफीगंज क्षेत्र में फुटबॉल को बढ़ावा देने का सराहनीय कार्य कर रही है और वे हर संभव सहयोग प्रदान करेंगे। साथ ही उन्होंने खेलो इंडिया के तहत संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी लोगों को दी। विधायक प्रकाश चंद्रा ने कहा कि खेल आपसी सद्भाव और भाईचारे को मजबूत बनाता है। उन्होंने खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य और सहयोग का आश्वासन दिया। इस अवसर पर कैप्टन गुड्डू चौरसिया, उपकप्तान सदन सिपाही, संतोष कुमार साहू, दिलीप प्रसाद, बबलू गुप्ता, निर्देशक संजय अंबेडकर, हरेंद्र कुमार सिंह, मुकेश कुमार, किशु गुप्ता, हरिकिशन गुप्ता, अरविंद शाह, शुभम कुमार, पंकज कुमार सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# विधायक प्रमोद कुमार सिंह का जोरदार स्वागत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज।** शहर के कलाली मोड़ पर मंगलवार दोपहर क्षेत्र में विकास की नई उम्मीद का अनोखा उत्सव देखने को मिला, जब विधायक प्रमोद कुमार सिंह का समर्थकों ने लड्डू से तौलकर भव्य स्वागत किया। अंगवस्त्र, माला और गुलदस्ते से किए गए सम्मान के बीच माहौल पूरा उत्साह से भर उठा।

विधायक प्रमोद कुमार सिंह ने जनता के विश्वास को सलाम करते हुए कहा कि वे उम्मीदों पर पूरी तरह खरा उतरने का प्रयास करेंगे और क्षेत्र में अधिक से अधिक विकास कार्यों को गति देंगे। उन्होंने बताया कि एनडीए सरकार में चौतरफा विकास तेजी से हो रहा है तथा युवा क्लब के गठन से युवाओं को रोजगार के नए अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे।

इस मौके पर कई राजनीतिक और सामाजिक संगठनों के नेता मौजूद



रहे।जिनमें भाजपा के वरिष्ठ नेता सह कोषाध्यक्ष अवधेश कुमार सिंह, भाजपा नगर अध्यक्ष संतोष कुमार साहू, कासमा मंडल अध्यक्ष मनोज कुमार यादव, भदवा मंडल अध्यक्ष रामकुमार सिंह,ग्रामीण मंडल अध्यक्ष बबलू सिंह, हम से प्रखंड अध्यक्ष संजय यादव, लोजपा प्रखंड अध्यक्ष राजेश पासवान, पूर्व नगर अध्यक्ष संतोष गुप्ता, विपीन सिंह निखिल सिंह, भोला चौधरी,

## लड्डू से किया गया तौल



अरविंद राज, वैश्य समाज के अध्यक्ष विनय कुमार गुप्ता, अजीत चौरसिया, मंटू शर्मा ज़सुधीर कुमार चंद्रवंशी, शुभम सिंह के साथ सैकड़ों कार्यकर्ता व स्थानीय लोग शामिल थे। कार्यक्रम की रौनक, उत्साह और अनोखे सम्मान ने पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बना दिया।


**पूर्व मध्य रेल**

**डीडीयू डिविजन में दुर्गावती (डीजीओ), मानपुर (एमपीओ) और पुसौली (पीएसई) स्टेशन पर यार्ड रिमॉडलिंग का कार्य**

खुली ई–निविदा सूचना सं.– टीआरडी–ओ.टी.–11–वाईडीआर–पीटी–4–25–26

नीचे दिये कार्य के लिए प्रमाणित अनुभवी वैद्युतिक लाईसेंस रखने वाले और वैध दस्तावेज द्वारा समर्थित सुदृढ़ वित्तीय क्षमता रखने वाले ख्यातिलब्ध ठेकेदारों से ई–निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं :

**क्र.सं. : 1, कार्य का नाम और स्थान :** डीडीयू डिविजन में दुर्गावती (डीजीओ), मानपुर (एमपीओ) और पुसौली (पीएसई) स्टेशन पर यार्ड रिमॉडलिंग का कार्य, **क्र.सं. : 2, अनुमानित रकम :** ₹ 4,98,08,280.41, **क्र.सं. : 3, बयाना राशि :** ₹ 399100.00, **क्र.सं. : 4, निविदा जमा करने की अंतिम तिथि व समय :** दिनांक 29.12.2025 को 12:00 बजे तक।, **क्र.सं. : 5, वेबसाईट का विवरण जहाँ ई–निविदा की पूर्ण जानकारी उपलब्ध है : www.ireps.gov.in**

**वरीय मंडल बिजली इंजीनियर/क.वि., पूर्व मध्य रेल, डीडीयू**

पीआर/1416/डीडीयू/टीआरडी/टी/25–26/32


# रफीगंज में विधायक प्रकाश चन्द्रा का गाजे-बाजे के साथ स्वागत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** शहर के बस स्टैंड, कारगील गैस एजेंसी सहित कई स्थानों पर नवनिर्वाचित विधायक प्रकाश चन्द्रा का भव्य स्वागत किया गया। बस स्टैंड पर वैश्य समाज के प्रखंड संयोजक शंकर शौंडिक, नगर पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि दिलीप उर्फ़ कारू प्रसाद, वैश्य समाज के जिला संयोजक जितेंद्र गुप्ता समेत समाज के सदस्यों ने उन्हें चांदी का मुकुट, अंगवस्त्र, बुके और मालाओं से सम्मानित किया। कारगील गैस एजेंसी पर भी शिवदयाल गुप्ता के नेतृत्व में गाजे-बाजे के साथ जोरदार स्वागत कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस दौरान प्रकाश चन्द्रा ने कहा कि वे समाज के लोगों की अपेक्षाओं पर खरा उतरने के लिए हर संभव सहयोग को तत्पर रहेंगे। उन्होंने बताया कि केंद्र और बिहार में एनडीए सरकार



को जनता का भरपूर समर्थन मिला है, जिसके कारण विकास की गति और तेज हुई है। औरंगाबाद जिले से पटना आने वाले लोगों के ठहरने और भोजन की व्यवस्था उनके निजी बंगले पर रहेगी। उन्होंने आश्वासन दिया कि क्षेत्र में अधिक से अधिक विकास कार्यों को गति दी जाएगी। कार्यक्रम में वैश्य समाज के शंकर शौंडिक, सूरज, मयंक, शुभम सिंह, संगीता प्रसाद, भाजपा नेता सह कोषाध्यक्ष अवधेश कुमार सिंह, भाजपा नगर अध्यक्ष संतोष कुमार साहू, कासमा मंडल अध्यक्ष मनोज कुमार यादव, भदवा मंडल अध्यक्ष रामकुमार सिंह, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष बबलू सिंह, हम प्रखंड अध्यक्ष संजय यादव, लोजपा प्रखंड अध्यक्ष राजेश पासवान, पूर्व नगर अध्यक्ष संतोष गुप्ता, विपीन सिंह, निखिल सिंह, भोला चौधरी, अरविंद राज, विनय कुमार गुप्ता, राजू जैन, प्रदीप उर्फ़ बाबू प्रसाद, अशोक शौंडिक, गिरिजा प्रसाद, अजीत चौरसिया, पंसस मंटू शर्मा, सुधीर कुमार चंद्रवंशी, विजय विश्वकर्मा सहित सैकड़ों कार्यकर्ता और स्थानीय लोग उपस्थित थे।

# जिलाधिकारी ने शिविर स्थल का किया निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जिलाधिकारी अलंकृता पाण्डेय द्वारा मंगलवार को आमस-दरभंगा राष्ट्रीय राजमार्ग 119डी के निर्माण कार्य को गति देने एवं भूमि उपलब्धता सुनिश्चित कराने हेतु काको अंचल में देवी स्थान महमदपुर ,पंचायत सुलेमानपुर में आयोजित शिविर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण का उद्देश्य एन. एच. 119 डी परियोजना की कार्य प्रगति, स्थलगत बाधाएं, एवं भूमि अधिग्रहण से संबंधित बधाओ का निष्पादन करते हुए निर्माण कार्य में आ रही अड़चनों को चिन्हित कर संबंधित विभागों के साथ त्वरित समाधान निकालना था।इस अवसर पर जिला पदाधिकारी ने अंचल अधिकारी काको को निर्देश दिया कि वे लंबित एल.पी सी. को शीघ्र निर्गत करें ताकि कार्य में अनावश्यक विलंब न हो। निरीक्षण मे अंचल अधिकारी, काको को निर्देश दिया गया कि 13 दिसम्बर, 2025 तक सभी संबंधित रैयतो/ भू स्वामी का शतप्रतिशत दाखिल खारीज करे। साथ ही,जितने भूमि संबंधी वाद न्यायालय में लंबित हैं, उनका



शीघ्र निष्पादन करें ताकि संबंधित लाभुकों को समय पर मुआवजा भुगतान सुनिश्चित किया जा सके। जिला भू-अर्जन पदाधिकारी चन्द्र किशोर सिंह को निर्देशित किया गया कि वे संबंधित कागजात एवं दस्तावेजों को शीघ्र संकलित करें। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि कैंप मोड में स्थानीय स्तर पर विशेष शिविर आयोजित कर रैयतों से दस्तावेज प्राप्त करें, उनकी समस्याओं का समाधान करते हुए नियमानुसार भुगतान करें तथा परियोजना की प्रगति में सक्रिय सहयोग दें।बैठक में उपस्थित अपर समाहर्ता, राजस्व अनिल कुमार सिन्हा को निर्देश दिया गया कि वे उन स्थलों पर स्थलीय निरीक्षण करें जहां निर्माण कार्य अपेक्षित गति से नहीं हो रहा है। वहां की स्थानीय समस्याओं का विश्लेषण कर यथाशीघ्र समाधान करें तथा एनएचएआई के अधिकारियों को हर संभव प्रशासनिक सहयोग प्रदान करते हुए निर्माण कार्य को सुचारु रूप से पूर्ण कराएं।निरीक्षण के अवसर पर परियोजना निदेशक, एनएचएआई एवं संबंधित अंचल कार्यालय के अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी भी उपस्थित थे।


**पूर्व मध्य रेल**

**निविदा सूचना**

**ई–निविदा सूचना संख्या : ECR_VSS_OT-05_25-26, दिनांकः 05.12.2025**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, वरीय मंडल विद्युत अभियंता/मेमू, झाझा, पूर्व मध्य रेलवे, दानापुर, मेमू कार शेड, झाझा, निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए फार्म/एजेंसी/ठेकेदार जिन्हें किसी भी राज्य/केन्द्र सरकार के पास से वैध लाइसेंस तथा पर्याप्त अनुभव एवं वित्तीय क्षमता है, से ऑनलाइन (ई टेंडरिंग) खुली निविदा आमंत्रित की जाती है।

**01. कार्य का नाम एवं कार्यस्थलः** आरडीएसओ के विनिर्देश संख्या आरडीएसओ/एसपीएन/टीसी/106/2025 संस्करण 3.1 या नवीनतम के अनुसार एमईएमयू कोचों में आईपी आधारित वीडियो निगरानी प्रणाली (वीएसएस) की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग, 3 वर्ष की वारंटी अवधि की समाप्ति के बाद 5 वर्ष की सीएएमसी के साथ।, **02. कार्य अवधि की पूर्णता अवधि :** 108 महीने।, **03. कार्य का अनुमानित लागत :** रू 427208419.46/– (रूपये बयालीस करोड़ बहत्तर लाख आठ हजार चार सौ उन्नीस एवं छियालीस पैसे मात्र), **04. अग्रधन राशिः** रू 22,86,100/– (रूपये बाईस लाख छियासी हजार एक सौ मात्र), **05. निविदा जमा करने एवं खुलने की तिथि व समय :** निविदा ऑन लाइन **https:// www.ireps.gov.in** वेबसाइट पर प्रस्तुत की जानी है। निविदादाताओं द्वारा निर्धारित तिथि 26.12.2025 को 15:00 बजे तक निविदा प्रस्तुत कर दिया जाय एवं उसी दिन 15:30 बजे निविदा खोली जाएगी।, **06. वेबसाइट विवरण और सूचना बोर्ड का स्थान, जहां पूरा टेंडर नोटिस का विवरण मिले। :** विस्तृत निविदा सूचना, पात्रता मानदंड और निविदा दस्तावेज CRIS'S वेबसाइट **https:// www.ireps.gov.in/** से देखा जा सकता है। नोटिस का पूरा विवरण वरीय मंडल विद्युत अभियंता/मेमू, झाझा, मेमू कार शेड झाझा पूर्व मध्य रेलवे, दानापुर के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है। सभी शुद्धि (corrigendum) इसी वेबसाइट पर अपलोड की जाएगी यदि आवश्यक हो।

**वरीय मंडल विद्युत अभियंता/मेमू, झाझा**

पीआर/1408/एमसीएस/जेएजे/वि./टी/25–26/56


# 11 माह में दो पुरुषों ने कराई नसबंदी, अबतक 312 महिलाओं ने कराया बंध्याकरण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** बंध्याकरण व पुरुष नसबंदी को लेकर राज्य सरकार पूरे सूबे में अभियान चला रही है। इस अभियान को सफल बनाने के लिए समय-समय पर जागरूकता कार्यक्रम भी स्वास्थ्य केंद्रों के माध्यम से चलाए जाते हैं। इसके बावजूद यह योजना धरातल पर फिसड्डी साबित हो रही है। मॉडल अस्पताल के रूप में विकसित सदर अस्पताल की स्थिति इस मामले में बेहद दयनीय है जबकि यहां इसके लिए सभी आवश्यक संसाधन उपलब्ध हैं। बता दें कि सदर अस्पताल में पदस्थापित महिला स्त्रीरोग विशेषज्ञ इस अभियान में रुचि नहीं ले रही है। सरकार द्वारा बंध्याकरण या नसबंदी कराने वाली महिलाओं और पुरुषों को तीन-तीन हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि भी दी जाती है। यदि जनवरी से नवंबर तक के आंकड़ों पर गौर करें तो इस अवधि में 312 महिलाओं ने बंध्याकरण कराया है जबकि मात्र




दो पुरुषों ने नसबंदी कराई है। सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डा. अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि महिलाओं को बंध्याकरण दो तरह से किया जाता है। प्रसव के सात दिन के अंदर किए जाने वाले बंध्याकरण को स्टरलाइजेशन कहा जाता है जिसमें महिलाओं को तीन हजार रुपये दिए जाते हैं। प्रसव के सात दिन बाद किए जाने वाले बंध्याकरण को टयबलाइजेशन कहा जाता है जिसमें दो हजार रुपये प्रदान किए जाते हैं उन्होंने यह भी बताया कि किसी भी व्यक्ति द्वारा प्रेरित कर महिला या पुरुष को नसबंदी या बंध्याकरण के लिए अस्पताल लाया जाता है तो प्रेरक को 400 रुपये दिए जाते हैं। उपाधीक्षक ने बताया कि स्त्रीरोग विशेषज्ञ द्वारा उदासीनता बरते जाने के कारण अस्पताल अपने लक्ष्य को हासिल नहीं कर पा रहा है। बता दें कि बंध्याकरण के दौरान किसी गड़बड़ी पर होने वाले हंगामे और विवाद के डर से चिकित्सक इस प्रक्रिया से दूरी बना रहे हैं। कुछ दिन पहले बंध्याकरण के लिए बेड पर ले जाने के दौरान एक मरीज की मौत हो गई थी जिसके बाद मामला तुल पकड़ लिया था। समझौते के बाद विवाद शांत हुआ था। इसके बाद से यह प्रक्रिया लगभग ठप हो गई है।

# बिजली के जर्जर तार व पोल के सहारे हो रही विद्युत आपूर्ति

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** राज्य सरकार के ऊर्जा विभाग द्वारा निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। नबीनगर नगर पंचायत के मुख्य बाजार बस स्टैंड से मंगल बाजार तक घनी आबादी के बीच जर्जर बिजली के तारों के नीचे लोग जान जोखिम में डालकर जीवन यापन कर रहे हैं। इन तारों के कारण न केवल बिजली की आपूर्ति प्रभावित होती है बल्कि हादसों का खतरा भी बना रहता है। नगर पंचायत क्षेत्र के कई इलाकों में लटकते जर्जर तारों के कारण पूर्व में कई हादसे हो चुके हैं फिर भी बिजली विभाग के अधिकारियों पर इसका कोई असर नहीं पड़ा है। वार्ड नं- 7 और 8 के न्यू एरिया, बस स्टैंड, मंगल बाजार, सब्जी मंडी और पुरारी स्टेट बैंक रोड जैसे क्षेत्र में जर्जर तार कभी भी बड़ी दुर्घटना को आमंत्रित कर सकते हैं। वहीं वर्तमान स्थिति यह है कि लगभग आधा किमी की दूरी में कई स्थानों पर बांस की पट्टी बांधकर तारों को सुरक्षित



करने का प्रयास किया जा रहा है। तेज हवा और बारिश के मौसम में इन तारों के आसपास रहने वाले दुकानदारों को हमेशा खतरे का सामना करना पड़ता है। स्थानीय निवासी संतोष सोनी, भोला भगत, भूषण जायसवाल ने बताया कि जर्जर तारों और पालों को बदलने की शिकायत विभाग को की है परंतु विभाग का इस ओर ध्यान नहीं जा रहा है। नगरवासियों का हर शिकायत और मांग के बावजूद बिजली विभाग इस समस्या को हल करने की दिशा में कोई कदम नहीं उठा रहा है।

# एनटीपीसी कहलगांव में नि:शुल्क मोतियाबिंद जांच एवं उपचार शिविर का शुभारम्भ

## ग्रामीण इलाके से आए 842 मरीजों की हुई जांच

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**कहलगांव।** एनटीपीसी लिमिटेड के कहलगांव सुपर थर्मल पावर स्टेशन में नैगम सामाजिक दायित्व के अंतर्गत जीवन ज्योति चिकित्सालय एवं सृष्टि समाज के सहयोग से नि:शुल्क मोतियाबिंद जांच एवं उपचार शिविर 2025 का शुभारम्भ किया गया। शिविर का उद्घाटन रबीन्द्र पटेल, परियोजना प्रमुख (कहलगांव) द्वारा किया गया। इस अवसर पर अर्चना पटेल, अध्यक्ष- सृष्टि समाज (कहलगांव) की गरिमामयी उपस्थिति रही। उद्घाटन अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए श्री पटेल, परियोजना प्रमुख ने कहा कि एनटीपीसी कहलगाँव ऊर्ज़ा उत्पादन के साथ-साथ सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रभावी निर्वहन हेतु भी पूर्णतः प्रतिबद्ध है। यह नेत्र शिविर जरूरतमंद एवं वंचित वर्गों तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएँ पहुँचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। हमारा उद्देश्य परियोजना के आसपास के क्षेत्रों को मोतियाबिंद से मुक्त समाज की ओर अग्रसर करना है। उन्होंने इस पुनीत सेवा कार्य में सृष्टि समाज, एनटीपीसी चिकित्सालय तथा सभी चिकित्सकीय एवं पैरा-मेडिकल कर्मचारियों के योगदान की सराहना की। नैगम सामाजिक दायित्व के तहत एनटीपीसी कहलगाँव द्वारा प्रत्येक वर्ष नि:शुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया जाता है। इसी क्रम में वर्ष 2025 में परियोजना प्रभावित क्षेत्रों एवं निकटवर्ती ग्रामीण इलाकों से आए कुल 842 मोतियाबिंद रोगियों का पंजीकरण किया गया, जिनमें 499 महिला एवं 343 पुरुष शामिल हैं। चिकित्सकीय परीक्षण उपरांत कुल 525 रोगियों को शल्य चिकित्सा (ऑपरेशन) के लिए उपयुक्त पाया गया। इस शिविर में डीबीआई फाउंडेशन, कोलकाता की अनुभवी विशेषज्ञ टीम द्वारा आधुनिक तकनीक के माध्यम से मोतियाबिंद ऑपरेशन किए जा रहे हैं। इस महत्त्वपूर्ण कार्य में एनटीपीसी के चिकित्सकों, पैरा-मेडिकल स्टाफ तथा सृष्टि समाज के स्वयंसेवकों का सक्रिय एवं सराहनीय सहयोग प्राप्त हो रहा है। शिविर के अंतर्गत सभी रोगियों को नि:शुल्क आई.ओ.एल. (इंट्रा ऑकुलर लेंस) उपलब्ध कराई जा रही है। इसके साथ ही सृष्टि समाज द्वारा शिविर में आए रोगियों एवं उनके सहयोगियों के लिए नि:शुल्क भोजन की समुचित व्यवस्था की गई है। शिविर के समापन अवसर पर सभी रोगियों को नि:शुल्क चश्मा, आवश्यक दवाइयां एवं कंबल वितरित किए जाएंगे। एनटीपीसी की इस संवेदनशील एवं मानवीय पहल से लाभान्वित मरीजों तथा उनके परिजनों ने अंधेपन से ग्रस्त लोगों को नई दृष्टि प्रदान करने के इस सराहनीय प्रयास के लिए एनटीपीसी प्रबंधन के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मनोरंजन पारिदा, महाप्रबंधक (ओ एंड एम), श्रीनाथ मारिसेट्टी, महाप्रबंधक (मेंटेनेंस एवं), डॉ. सुष्मिता सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी (जीवन ज्योति चिकित्सालय), मनोरंजन सारंगी, विभागाध्यक्ष (मानव संसाधन) सहित विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, यूनियन एवं एसोसिएशन के प्रतिनिधिगण, सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में लाभार्थी एवं उनके परिजन उपस्थित थे।

# घर से अंग्रेजी शराब बरामद, एक गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शिवाजीनगर।** शिवाजीनगर थाना पुलिस ने दहियार गांव में छापेमारी कर एक घर से अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की है। पुलिस द्वारा की गई इस कार्रवाई में एक युवक को मौके से गिरफ्तार किया गया। थानाध्यक्ष रविंद्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि दहियार गांव में एक व्यक्ति द्वारा अवैध रूप से शराब का भंडारण और बिक्री की जा रही है। सूचना की पुष्टि करने के बाद पुलिस टीम तुरंत गांव पहुंची और संदिग्ध घर में तलाशी ली। तलाशी के दौरान घर के अंदर से विभिन्न ब्रांड की अंग्रेजी शराब की कई बोतलें बरामद हुईं। पुलिस ने मौके से युवक सूरज कुमार को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि शराब बरामदगी के मामले में आरोपित के खिलाफ उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर उसे जेल भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। उन्होंने कहा कि शिवाजीनगर क्षेत्र में अवैध शराब बिक्री और तस्करी के खिलाफ अभियान जारी रहेगा। पुलिस ने इस प्रकार की गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए स्थानीय लोगों से सहयोग करने की अपील की।

# पंचायतों में शिविर लगाकर बनेगा राशनकार्ड, ग्रामीणों को होगी सुविधा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम अन्तर्गत छूटे हुए पात्र लाभुकों को राशन कार्ड बनाने की प्रशासनिक कवायद शुरू कर दी गई है। इसके लिए प्रत्येक पंचायतों में अलग-अलग तिथि को शिविर लगाया जा रहा है। विभिन्न प्रखंडों के लाभुक शिविरों में आवेदन देकर उसका निष्पादन करवा सकते हैं। बीडीओ राहुल रंजन ने बताया कि पंचायत भवनों में यह शिविर आयोजित किया गया है। पहसारा पूर्वी पंचायत मे 8

### पंचायतवार तिथि हुई निर्धारित

दिसम्बर से 11 दिसम्बर तक शिविर आयोजित किया गया है। वहीं डफरपुर में 12 दिसम्बर से 13 दिसम्बर तक शिविर में पात्र लाभुक आवेदन कर सकते हैं। नावकोठी पंचायत भवन में 15 दिसम्बर से 17 दिसम्बर तक शिविर आयोजित है। रजाकपुर में 18 दिसम्बर से 20 दिसम्बर तक शिविर है। हसनपुर बागर पंचायत भवन में 22 दिसम्बर से 24 दिसम्बर तक, विष्णुपुर में 26 दिसम्बर तथा समसा पंचायत भवन पर 29 दिसम्बर से 31 दिसम्बर तक शिविर का आयोजन है। इसके पूर्व महेशवाड़ा, पहसारा पश्चिमी में यह शिविर छह दिसंबर तक आयोजित किया गया था जिसमें दर्जनों पात्र लाभुकों ने राशन कार्ड बनाने के लिए आवेदन दिया है। इस पर कार्रवाई चल रही है। इस तरह से पूरे प्रखंड के प्रत्येक पंचायत में शिविर आयोजित होगा।

# शिक्षा का अधिकार विषय पर जन जागरूकता रैली

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** शिक्षा का अधिकार विषय पर जन जागरूकता के लिए तारा कॉलेज ऑफ एजुकेशन चेरियाबरियारपुर के प्रशिक्षुओं और प्राधानाध्यापकों के द्वारा रैली निकाली गई। रैली की शुरूआत महाविद्यालय के सचिव राजकिशोर सिंह, प्रबंध समिति के सदस्य अगम कुमार एवं प्राचार्य डा. संतोष कुमार सिंह के द्वारा संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रैली को प्रस्थान करवाया गया। करिकुलर समिति के नेतृत्व में बी.एड एवं डी एल एड के सभी प्रशिक्षुओं ने बिक्रमपुर गांव के दलित एवं महादलित टोलों में जाकर शिक्षा के अधिकार के प्रति जन जागरूकता फैलाई। प्रशिक्षुओं ने घर-घर जाकर शिक्षा के अधिकार एवं शिक्षा से होने वाले लाभों के बारे में लोगों को बताया। रैली के दौरान प्राध्यापक गोपाल कुमार झा, रामानंद राय, पप्पू कुमार, विवेक ओझा, वेंकेटेश्वर गोंड, राम रतन कुमार, रानी कुमारी, प्रतिमा कुमारी एवं सभी प्रशिक्षुओं के द्वारा नारों की आवाज बुलंद करते हुए जन जागरूकता फैलाई गई। जन जागरूकता अभियान को सफल बनाने में बी.एड एवं डी.एल.एड के सभी प्राध्यापकगण एवं प्रशिक्षुगणों ने पुरे जोश और उत्साह के साथ अपना सहयोग दिया।

# बाल श्रम के खिलाफ कार्रवाई, दो बाल श्रमिकों को कराया गया मुक्त

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**आरा।** बाल श्रम उन्मूलन के तहत मंगलवार को आरा सदर प्रखंड में बड़ी कार्रवाई की गई। एक्सेस टू जस्टिस कार्यक्रम के तहत समाजिक संस्था दिशा एक प्रयास, भोजपुर, श्रम संसाधन विभाग और स्थानीय पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम ने छापेमारी अभियान चलाकर दो बाल श्रमिकों को मुक्त कराया। संबंधित नियोजकों के खिलाफ कार्रवाई की। छापेमारी के दौरान पहला बाल श्रमिक मीरगंज बाजार में संचालित दुकान तथा दूसरा श्रमिक प्रोफ़ेसर बशीर आलम मार्केट, आरा-बड़हरा रोड, हाईवे ओवर ब्रिज के नीचे से मुक्त कराया गया। बाल श्रमिकों को मुक्त कराने के बाद उन्हें विधि अनुरूप बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। इस अभियान के दौरान मुक्त कराए गए बच्चों के नियोजकों कन्हैया कुमार एवं रमाकांत यादव के खिलाफ बाल श्रम (निषेध एवं विनियमन) अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। इस कार्रवाई में शामिल टीम में हेमंत कुमार, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, आरा सदर, अखिलेश कुमार सिंह, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, गड़हनी एवं प्रभार उदवंतनगर, सुगीता कुमारी, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, कोईलवर, संस्था दिशा एक प्रयास, भोजपुर के प्रतिनिधि रजत कुमार तथा स्थानीय पुलिस बल शामिल थे। यह कार्रवाई जिले में बाल श्रम समाप्त करने और बाल अधिकारों को सुरक्षित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। दिशा एक प्रयास संस्था ने कहा कि यह कार्रवाई बच्चों के सुरक्षित भविष्य, शिक्षा के अधिकार और शोषण मुक्त समाज की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। संस्था आगे भी प्रशासन के साथ मिलकर ऐसे मामलों में कड़ी कार्रवाई जारी रखेगी।

# प्रसव पूर्व जांच शिविर का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** गर्भवतियों के प्रसव में होने वाली जटिलता को दूर करने के लिए समय समय पर प्रसव पूर्व चार जांच आवश्यक है। इस जांच से गर्भस्थ शिशु की स्थिति की सही जानकारी मिल जाती है। जिसे समय रहते दूर करने में सहुलियत होती है। उक्त परामर्श डा. भारती भूषण ने मंगलवार को को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत पीएचसी में आयोजित एएनसी जांच शिविर में गर्भवती महिलाओं को दी। उन्होंने कहा कि शिशु एवं मातृ मृत्यु दर में कमी लाने के उद्देश्य से महीने में तीन बार इस शिविर का आयोजन कर गर्भवतियों को ऊंचाई, वजन, मूत्र, हीमोग्लोबीन, एचआईवी आदि की जांच कर आवश्यक दवा दी जाती है। शिविर में कुल 40 गर्भवती महिलाओं की जांच की गई जिसमें तीन एनीमिक रोग से ग्रसित महिला मिली। गर्भ में पल रहे शिशु तथा गर्भवतियों को एनीमिया से बचाव हेतु तथा स्वस्थ रहने हेतु भोजन में प्रोटीन, विटामिन, वसायुक्त भोजन को शामिल करने तथा कम से कम दो घंटे आराम करने, भारी सामान नहीं उठाने की सलाह दी। डा भारती भूषण ने गर्भवतियों की जांच के बाद आयरन फोलिक एसीड, कैल्शियम की गोली दी गई। अस्थायी गर्भनिरोधक साधन छाया, अंतरा, कंडोम, कांपर टी आदि के संबंध में जानकारी दी गई। मौके पर एलटी पंकज जोशी, सीएचओ सुमानी कुमारी, भारती कुमारी, एएनएम शालिनी, रेणु, विश्व भारती, मंचन, आशा एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

# जूनियर स्कॉटिश स्कूल में हुआ कैरम टूर्नामेंट का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**अररिया।** मंगलवार को जूनियर स्कॉटिश स्कूल, अररिया में इंटर हाउस कैरम बोर्ड टूर्नामेंट का सफल और उत्साहपूर्ण आयोजन किया गया। छोटे-छोटे बच्चों ने बेहतरीन खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए पूरे कार्यक्रम को रोमांचक, ऊर्ज़ावान और यादगार बना दिया। उनके खेल भावना और जोश ने विद्यालय परिसर में एक नई ऊर्ज़ा का संचार किया। विजेता विद्यार्थियों को प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के निदेशक अनूप कुमार ने कहा कि खेल-कूद बच्चों के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह इस शैक्षणिक सत्र का 7वां टूर्नामेंट है, जो दर्शाता है कि विद्यालय बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी समान रूप से आगे बढ़ाने के लिए लगातार प्रयासरत है। उन्होंने सफल आयोजन के लिए खेल शिक्षकों को विशेष धन्यवाद भी दिया। विजेताओं की सूची में यथा कक्षा 4 में लड़के के श्रेणी में प्रथम आरज़ू (विक्रमशिला), द्वितीय निमित (तक्षशिला) और तृतीय अंश (नालंदा) सफल रहे वहीं लड़कियाँ में प्रथम श्रेणी में रूही मेहता (नालंदा), द्वितीय श्रेणी में त्रिशा यादव (साकेत) तथा तृतीय श्रेणी में खुशी कपूर (तक्षशिला) सफल रहीं। वहीं कक्षा 1 के लड़कों में प्रथम अब्दुल्लाह यूसुफ (साकेत), द्वितीय श्रेणी में एहतेशान (तक्षशिला), तृतीय श्रेणी से प्रिंस कुमार (विक्रमशिला) सफल रहे। उसी तरह लड़कियाँ ग्रुप में प्रथम वानी बन्दना (तक्षशिला द्वितीय श्रेणी में कनिष्का कुमार (साकेत), तथा कनिष्का रॉय (विक्रमशिला) इसी तरह कक्षा 3 लड़के में प्रथम सदान सकीब (तक्षशिला), द्वितीय आयुष कुमार दास (साकेत) और तृतीय श्रेणी में ओजैर अख्तर (नालंदा) सफल रहे। वहीं लड़कियाँ में प्रथम अनन्या कुमारी (साकेत), द्वितीय आन्या गुप्ता (विक्रमशिला), वो तृतीय देवयन्शी कुमारी (तक्षशिला) शामिल रहे। वहीं कक्षा द्वितीय में लड़के में प्रथम विवान कुमार (साकेत) द्वितीय श्रेणी में आयुष कुमार (विक्रमशिला) तथा तृतीय में ज़ायान सकीब (तक्षशिला) सफल रहे वहीं लड़कियाँ में प्रथम आतिका रहमान (विक्रमशिला), द्वितीय वाणी (नालंदा),और तृतीय श्रेणी से नित्या कुमारी (साकेत) सफल रहीं।

# संकुलस्तरीय निपुण टीएलएम मेला का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** सीआरसी उच्च माध्यमिक विद्यालय मेहदौली में मंगलवार को शिक्षा विभाग के निर्देश पर संकुल स्तरीय निपुण टीएलएम मेला आयोजित किया गया। मेला में मिडिल स्कूल मेहदौली, उत्क्रमित मिडिल स्कूल भरडीहा, प्राइमरी स्कूल हंडालपुर, बगरस व लालूनगर मेहदौली के शिक्षक शिक्षिकाओं ने अपने-अपने टीएलएम का प्रदर्शन किया। शिक्षक-शिक्षिकाओं ने अपने-अपने टीएलएम के बारे में विस्तार से जानकारी दी। निर्णायक मंडल में अनुपम कुमार, कमलेश व मनोज कुमार शामिल थे। टीएलएम मेला में गणित विषय में लालूनगर की बेबी कुमारी ने प्रथम,मेहदौली के अमर शंकर सिंह ने द्वितीय व हंडालपुर

### कई स्कूलों के शिक्षकों ने किया प्रदर्शन

की राधा कुमारी ने तृतीय स्थान हासिल की। हिंदी में बगरस की सुमन भारती ने प्रथम व भरडीहा की तहसीन नाज ने द्वितीय, पर्यावरण में मेहदौली के सुमन कुमार मालाकार ने प्रथम व भरडीहा की कुमारी बिंदिया ने द्वितीय स्थान हासिल की। चयनित शिक्षकों को मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।मौके पर संचालक कृष्ण कुमार, समन्वयक अशोक कुमार सिंह, शिक्षक अनिल, नितेश, प्रभात, संतोष, इजहार, शानू, श्वेता, पूनम, संगीता, रिंकू, साजिद, जयप्रकाश, अजीत आदि मौजूद थे।

# कृषि कल्याण जन चौपाल का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** आत्मा के बैनर तले विष्णुपुर एवं समसा में रबी(वासंतिक) षि कल्याण जन चौपाल का आयोजन मंगलवार को किया गया। कृषि समन्वयक मनोज कुमार ने बताया कि गांवों में रहने वाले लोगों का कृषि ही आर्थिक आधार है। राज्य सरकार षि क्षेत्र को समुन्नत बनाने हेतु नई तकनीक का बढावा दे रही है। किसान अपने उत्पादन बढाने के लिए बिना सोचे समझे उर्वरक का प्रयोग करते हैं। जो भूमि की उर्वराशक्ति को क्षीण कर देती है। खेतों में बीजों को डालने से मृदा जांच कराने की जरूरत को समझाया। खेत की मिट्टी में खनिज लवण की कमी को पौधे के रंग को भी देखकर परखा जा सकता है। इसके रंग से कमी पायी जाने वाली खनिज लवण के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने खेतों में संतुलित मात्रा में उर्वरक का प्रयोग करने पर बल दिया। रासायनिक उर्वरक के स्थान पर वर्मी कम्पोस्ट प्रयोग करने से मिट्टी की उर्वराशक्ति बरकरार रहती है तथा यह इसे बंजर होने से बचाने में कारगर सिद्ध हुआ है। रासायनिक उर्वरक तथा कीटनाशक के प्रयोग से स्वास्थ्य की हानि के साथ साथ पर्यावरण भी प्रदुषित होता है। प्रखंड तकनीकी प्रबंधक विवेकानंद सिंह ने आत्मा द्वारा संचालित सभी योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। किसानों को आरपीएल प्रशिक्षण कार्यक्रम से जुड़कर कृषि कार्य को व्यवसायिक रूप देने का अनुरोध किया। रबी में गेहूं सिचाई प्रबंधन पर भी विस्तार से जानकारी दिया। षि यांत्रिकरण योजना के विभिन्न घटक की चर्चा करते हुए आनलाइन आवेदन करने की प्रक्रिया को बताया। प्रदान के शिव चंद्र कुमार के स्तरीय खेती कर अधिक लाभ लेने के तरीके को बताया। मौके पर सहायक तकनीकी प्रबंधक सोनल सिंह, किसान सलाहकार सुनील कुमार, विकास मित्र मुकेश कुमार, रानी कुमारी, गौतम गोस्वामी, किसान राजेन्द्र महतो, नरेश प्रसाद, चंद्र भूषण चौधरी, रामनारायण महतो के अतिरिक्त काफी संख्या में अन्य किसान मौजूद थे।

# देव में गायत्री परिवार की संगोष्ठी संपन्न

## माताजी जन्मोत्सव शताब्दी वर्ष 2026 को लेकर संकल्प

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**देव (औरंगाबाद)।** देव प्रखंड क्षेत्र स्थित भगवान भास्कर की नगरी देव में राम जानकी गायत्री मंदिर परिसर में मंगलवार को अखिल विश्व गायत्री परिवार के तत्वाधान में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सासाराम उपजोन समन्वयक श्यामनंदन शर्मा और औरंगाबाद गायत्री परिवार के सहायक ट्रस्टी नवनीत की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान परम वंदनीय माताजी के जन्मोत्सव शताब्दी वर्ष 2026 पर विशेष रूप से प्रकाश डाला गया। उपजोन समन्वयक श्यामनंदन शर्मा ने कहा कि परमपूज्य गुरुदेव के अद्भुत दर्शन, अखंड दीप स्थापना दिवस और माताजी का जन्म – ये तीनों काल एक साथ 2026 में पूरा हो रहा है। यह अवसर एक दिव्य संयोग है और इसे हम सभी को शताब्दी वर्ष समारोह के रूप में मनाने का सौभाग्य प्राप्त हो रहा है। उन्होंने कहा कि यह समय संकल्प लेने का है कि हम गायत्री परिवार के संदेश और गुरुदेव के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने में अपनी भूमिका निभाएं। संगोष्ठी में उपस्थित प्रतिभागियों ने संकल्प लिया कि परमपूज्य गुरुदेव के विचारों, सिद्धांतों और युग निर्माण मिशन को समाज तक पहुंचाने में सहयोग देंगे। कार्यक्रम में देव प्रखंड गायत्री परिवार समन्वयक श्यामता प्रसाद यादव, महिला मंडल प्रतिनिधि सरिता अग्रवाल, युवा मंडल के ललित शर्मा, वरिष्ठ कार्यकर्ता अमरेन्द्र, बरिंद्र मेहता, रामसेवक, बसंत, राजेंद्र शर्मा, गीता देवी सहित सैकड़ों महिला मंडल प्रतिनिधि और सदस्य उपस्थित रहे। गायत्री परिवार द्वारा आयोजित यह संगोष्ठी आध्यात्मिक ऊर्ज़ा, संकल्प और संगठन को सुदृढ़ करने के संदेश के साथ संपन्न हुई।

# दर्जनों विद्यालयों में होगी स्मार्ट क्लास

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** प्रखंड के ग्यारह मध्य व उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में स्मार्ट क्लास होंगे। इसकी जानकारी बीडीओ सह बीईओ राहुल रंजन ने दी। उन्होंने बताया कि मध्य विद्यालय महेशवाड़ा, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पहसारा कन्या, सिया लषण उच्चतर माध्यमिक विद्यालय समसा, मध्य विद्यालय छतौना, उत्क्रमित मध्य विद्यालय डफरपुर पश्चिम, एपीएस उच्चतर

### शीघ्र मिलेगी सामग्री

माध्यमिक विद्यालय नावकोठी, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चकमुजफ्फर, उत्क्रमित मध्य विद्यालय हसनपुर बागर, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सैदपुर विष्णुपुर, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रजाकपुर, उत्क्रमित मध्य विद्यालय गम्हरिया का चयन स्मार्ट क्लास चलाने के लिए किया गया है। इन स्कूलों में शीघ्र ही इसके लिए सामग्री मिल जाएगी।

# बिहार में बंद चीनी मिलों को चालू करने की घोषणा का किसानों ने किया स्वागत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरपुर।** बिहार में बंद पड़ी 9 चीनी मिलों को दोबारा चालू करने और 25 नई चीनी मिलों की स्थापना की सरकार की घोषणा का बिहार राज्य गन्ना किसान मोर्चा ने स्वागत किया है। मंगलवार को मुजफ्फरपुर के रेवा रोड स्थित पताही में आयोजित राज्यस्तरीय किसान संगोष्ठी में बिहार के विभिन्न चीनी मिल क्षेत्रों से आए किसानों ने गन्ना उद्योग के पुनरुद्धार पर विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम की अध्यक्षता बिहार राज्य गन्ना किसान मोर्चा के अध्यक्ष अशोक प्रसाद सिंह ने की। उन्होंने कहा कि गन्ना सोने जैसी बहुमूल्य बहुपयोगी फसल है, जिससे चीनी, एथेनॉल, विद्युत, खाद, गत्ता, कागज और जलावन जैसे कई उत्पाद तैयार होते हैं। इसलिए शुगर फैक्ट्री का नाम बदलकर शुगर कॉम्प्लेक्स रखा जाना चाहिए। न्द्धपद्धद्धद उत्पादन लागत का हवाला देते हुए उन्होंने गन्ने का मूल्य कम से कम 800 रुपये प्रति क्विंटल करने की मांग की। संगोष्ठी का उद्घाटन उद्यान रत्न और गरौल चीनी मिल के मालिक भोलानाथ झा ने किया। उन्होंने कहा कि शुगर कॉर्पोरेशन की गलत नीतियों और भारी भ्रष्टाचार के कारण बिहार का फलता-फूलता चीनी उद्योग बर्बाद हुआ। उन्होंने इसकी जांच के लिए समिति गठन की मांग की और कहा कि सरकार सीधा नियंत्रण लेकर नए आधुनिक चीनी मिलों के साथ एथेनॉल और बिजली उत्पादन इकाई भी स्थापित करे। पूर्व सुधा डेयरी अध्यक्ष वीरेंद्र राय ने कहा कि केंद्र की नीति के कारण बी-ग्रेड जूस से चीनी उत्पादन घटा और 60 लाख टन बफर स्टॉक खत्म हो गया, जिससे बाजार में चीनी महंगी हो गई लेकिन इसका लाभ किसानों को नहीं मिला। पैक्स अध्यक्ष धर्मेंद्र प्रसाद सिंह ने सासामूसा चीनी मिल के कोर्ट विवाद, नीलामी और किसान आंदोलन का मुद्दा उठाते हुए सरकार के हस्तक्षेप की मांग की। चंदेश्वर चौधरी, वरुण कुमार झा और लाल बाबू राय ने घटतौली रोकने, कैन एक्ट लागू करने, 14 दिन में भुगतान, कृषि मशीनरी, नलकूप, गन्ना बीज, छाई वितरण और ईख बोर्ड गठन की मांग की। कार्यक्रम के अंत में किसानों ने सरकार के फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि जब तक नीति पारदर्शी और किसान हितैषी नहीं होगी, तब तक चीनी उद्योग स्थायी रूप से नहीं चल सकेगा।

# भगवानगंज और दरियापुर पावर सबस्टेशन में बिजली आपूर्ति रहेंगी बाधित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** मसौढ़ी प्रखंड के भगवानगंज सब पावर स्टेशन और देवरिया सब पावर स्टेशन में बुधवार को दिन 12:00 बजे से 3:00 बजे तक मेंटेनेंस कार्य को लेकर विद्युत आपूर्ति बाधीत रहेगी, जिससे तकरीबन 100 गांव प्रभावित होंगे, सहायक विधुत अभियंता रंजीत कुमार ने बताया कि 3 घंटे की बिजली आपूर्ति बाधित रहेंगे, जिसको लेकर सभी विद्युत उपभोक्ताओं से आग्रह किया गया है कि अपने अपने क्षेत्र में पानी का भंडारण कर लें, भगवानगंज एवं देवरिया सब पावर स्टेशन के अंतर्गत भगवानगंज पंचायत, बारा पंचायत, देवरिया, कराय, शाहाबाद, लखनौर बेदौली, चरमा, नूरा, दौलतपुर भदौरा आदि सभी पंचायत में कुल 100 गांव से अधिक गांव प्रभावित होंगे। जहिं 3 घंटे तक बिजली की आपूर्ति बाधित रहेगी।

# भारत को अपने विकास की राह खुद तय करनी होगी : गौतम अडाणी

## आईआईटी धनबाद के शताब्दी समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे अडाणी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**धनबाद।** आईआईटी (आईएसएम) धनबाद के शताब्दी समारोह के मौके पर अदाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अदाणी मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद रहे। उन्होंने अपने भाषण में संस्थान के छात्रों से कहा कि आज जब वैश्विक गठबंधन टूट रहे हैं और देश अपने हितों को सर्वोपरि मान रहे हैं, ऐसे समय में भारत को अपनी विकास की राह खुद तय करनी होगी। उन्होंने कहा, 'भारत की संप्रभुता अब दो स्तंभों पर निर्भर करती है–हमारे पैरों के नीचे की संपदा और वह ऊर्ज़ा जो विकास को गति देती है।' 'नैरेटिव कॉलोनाइजेशन' से सतर्क रहने की जरूरत बताते हुए गौतम अदाणी ने चेताया कि नैरेटिव कॉलोनाइजेशन से सावधान रहने की जरूरत है। उन्होंने कहा, 'जिन देशों ने ऐतिहासिक रूप से सबसे ज्यादा कार्बन उत्सर्जन किया है, वे अब भारत को यह बताना चाहते हैं कि उसे कैसे विकसित होना चाहिए। जबकि भारत की प्रति व्यक्ति उत्सर्जन दर दुनिया में सबसे कम है। उन्होंने देश को दूर से स्वतंत्रता संग्राम के लिए तैयार रहने की बात कही। उन्होंने कहा, भारत को बाहरी दबावों के आगे नहीं झुकना चाहिए, जो हमारे सपनों को अवैध ठहराते हैं। यह समय भारत के लिए आर्थिक और संसाधन स्वतंत्रता का दूसरा स्वतंत्रता संग्राम' है। उन्होंने कहा, लोग खनन को पुरानी अर्थव्यवस्था कह सकते हैं। लेकिन इसके बिना, कोई नई अर्थव्यवस्था नहीं है। आईआईटी (आईएसएम) धनबाद की ऐतिहासिक भूमिका है। गौतम अदाणी ने इस मौके पर आईएसएम धनबाद के स्वर्णिम इतिहास को भी सराहा। उन्होंने कहा, आईआईटी (आईएसएम) धनबाद की स्थापना देश की दूरदृष्टि का परिणाम थी। ब्रिटिश शासन के दौरान भी भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने इस संस्थान की स्थापना की सिफारिश की थी, ताकि भारत खनन और भूविज्ञान में अपनी क्षमताएं विकसित कर सके। अदाणी ग्रुप की ऊर्ज़ा सुरक्षा और वैश्विक ऊर्ज़ा परिवर्तन के प्रति प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हुए उन्होंने बताया कि ग्रुप ने ऑस्ट्रेलिया के कारमाइकल प्रोजेक्ट को कई चुनौतियों के बावजूद सफलतापूर्वक संचालित किया और गुजरात के खावड़ा में दुनिया का सबसे बड़ा रिन्यूएबल एनर्जी पार्क विकसित किया।

### गौतम अदाणी ने दिया छात्रों को तोहफा

इस मौके पर अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी ने आईआईटी (आईएसएम) धनबाद में नया अदाणी 3S माइनिंग एक्सीलेंस सेंटर शुरू करने की घोषणा की। यह माइनिंग एक्सिलेंस सेंटर टेक्समीन के साथ साझेदारी में विकसित किया जाएगा, जिसमें मेटावर्स लैब, ड्रोन बेड़े, भूकंपीय सेंसिंग सिस्टम और सटीक खनन प्रौद्योगिकियां शामिल हैं। इसके गौतम अदाणी ने छात्रों के लिए पेड इंटर्नशिप प्रोग्राम की घोषणा भी की। इसके तहत हर साल तीसरे वर्ष के 50 छात्रों को पेड इंटर्नशिप प्रदान की जाएंगी। इसके बाद, इनमें से कम से कम 25% छात्रों को अदाणी समूह के लिए रोजगार-पूर्व प्रस्ताव प्राप्त मिलेंगे। उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा, निर्भीक होकर सपने देखें, लगातार प्रयास करें, इनोवेशन को अपनाएं और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में योगदान दें।

# क्राइम मीटिंग में लंबित मामलों में कार्रवाई का निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पालीगंज।** पालीगंज अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (वन) राजीव चंद्र सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को एसडीपीओ कार्यालय में मासिक अपराध गोष्ठी आयोजित की गई। बैठक में अनुमंडल के सभी सर्किल इंस्पेक्टर, पर्यवेक्षी पदाधिकारी, थानाध्यक्ष तथा डीआईयू के अधिकारी शामिल हुए। गोष्ठी में सभी लंबित मामलों–विशेषकर गंभीर मामलों–में तेजी से कार्रवाई कर जल्द निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। अधिकारियों को कांडों के निष्पादन में इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों का अनिवार्य रूप से उपयोग करने पर जोर दिया गया। साथ ही यह भी निर्देश दिया गया कि सभी प्राथमिकी, कांड दिनिकी और चार्जशीट को समय पर सीसीटीएनएस पोर्टल पर अपलोड किया जाए। इसके अलावा ई-साक्ष्य ऐप और दर्पण पोर्टल पर नियमित रूप से अपडेट करने को कहा गया। बैठक में अवैध हथियार, शराब और मादक पदार्थों की बरामदगी व जब्ती पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए। सघन वाहन जांच, रात्रि गश्ती और वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान को और तेज करने पर भी बल दिया गया।

# नदौल में 16 को चलेगा अतिक्रमणकारियों पर बुलडोजर

## अंचलाधिकारी ने 24 अतिक्रमणकारियों को जारी किया नोटिस

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** मसौढ़ी के नदौल में आगामी 16 दिसंबर को अतिक्रमणकारियों पर बुलडोजर चलाया जाएगा। जिसको लेकर मंगलवार को अंचलाधिकारी ने पूरे पुलिस टीम के साथ दलबल के साथ माईकिंग करते हुए सभी अतिक्रमणकारियों के घर और दुकानों पर पर्चा साटते हुए उन्हें दो दिनों के अंदर अतिक्रमण हटाने की चेतावनी दी है और 16.12.2025 को अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जाएगा। ऐसे में मंगलवार को 24 अतिक्रमणकारियों के घर और दुकानों पर पर्चा चश्पा करते हुए उन्हें 15 तारीख तक अपना अतिक्रमण हटाने की चेतावनी दी गई है। अंचलाधिकारी प्रभात रंजन ने कहा कि नदौल रेलवे स्टेशन के पूर्व में खाता सं0-347, खेसरा सं0-228/930 किस्म कैसरे हिन्द से सभी अस्थायी अतिक्रमणकारी स्वेच्छा से दिनांक 15.12.2025 तक अतिक्रमण हटा लें अन्यथा दिनांक-16.12.2025 को कानूनी कार्रवाई करते हुए सभी संबंधित अस्थायी अतिक्रमणकारियों को हटाया जायेगा। इसके अलावा प्राथमिक की दर्ज भी की जाएगी, अंचलाधिकारी और पूरे पुलिस टीम के द्वारा माईकिंग होने के बाद नदौल में दिनभर गहमागहमी का माहौल रहा और अतिक्रमणकारियों के बीच हड़कंप मची रही।

# अनुमंडलीय अस्पताल में हड्डी रोग एवं एनैस्थीसिया विशेषज्ञ के नहीं होने से हो रही परेशानी

## अनुमंडलीय अस्पताल में दो वर्षों से विशेषज्ञ डाक्टर का पदस्थापन नहीं

**शशि तुलस्यान/नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**मसौढ़ी।** मसौढ़ी अनुमंडल का मिनी पीएमसीएच कहे जाने वाला अनुमंडलीय अस्पताल जहां 2 वर्षों से हड्डी रोग विशेषज्ञ एवं एनेस्थीसिया के चिकित्सक नहीं है। नतीजान हड्डी रोग से संबंधित मरीजों को एवं छोटे बड़े ऑपरेशन के लिए कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में निजी चिकित्सकों की चांदी कट रही है। वही अनुमंडलीय अस्पताल प्रशासन के द्वारा कई बार हड्डी रोग विशेषज्ञ चिकित्सक एवं एनेस्थीसिया के लिए की मांग की गई है। अनुमंडल अस्पताल के प्रबंधक चंद्रशेखर प्रसाद ने कहा कि बीते 1 दिसंबर को सिविल सर्जन कार्यालय में पत्र भेजा गया है इसके अलावा कई बार भी यहां से पत्र लिखकर चिकित्सक की पद स्थापना की मांग की गई है। बहरहाल अनुमंडल के बड़ी आबादी के स्वास्थ्य सेवा के लिए निर्मित अनुमंडलीय अस्पताल में हड्डी रोग से जुड़े डॉक्टर का पदस्थापन नहीं है। जिसके कारण आए दिन सड़क दुर्घटनाओं में घायलों की चिकित्सा सामान्य चिकित्सक करते हैं और इन रोगियों को हायर सेंटर रेफर कर दिया जाता है। इसके अलावा पैर और घुटने में दर्द से पीड़ित दर्जनों रोगियों को दवा लिखकर दवा दी जाती है, बावजूद ऐसे रोगियों को सही इलाज नहीं मिल पाता है। अनुमंडल अस्पताल प्रशासन ने हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर के पदस्थापन की मांग की है। गौरतलब है की एक ओर जहां सरकार स्वास्थ्य सेवा के तहत बढ़िया से बढ़िया इलाज कराने की आधुनिकतम सुविधा उपलब्ध कराने को कृत संकल्पित है। वहीं दूसरी ओर अस्पताल में विशेषज्ञ डॉक्टरों और संसाधनों की कमी से सभी लोग अवगत हैं। जानकारी के अनुसार अनुमंडलीय अस्पताल में तकरीबन दो वर्षों से भी अधिक समय से हड्डी रोग विशेषज्ञ के नहीं रहने से लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अस्पताल में हड्डी रोग विशेषज्ञ के नहीं रहने का भरपूर लाभ यहां के निजी क्लिनिक वाले उठाने से नहीं चूक रहे हैं। पैर और हाथ की हड्डी टूटने की बात तो दुर स्क्रैच जैसे जख्म के नाम पर लूट की छूट मची है।

# मसौढ़ी में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत 204 गर्भवतियों की हुई जांच

## मसौढ़ी पीएचसी में तीन डॉक्टर व 15 स्वास्थ्यकर्मियों की टीम गठित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**मसौढ़ी।** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत मंगलवार को विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया जहां अनुमंडलीय अस्पताल में 45 एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मसौढी में 159 गर्वभवती की जांच हुई। इसके सहित अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के अलावा सभी वेलनेस सेंटर पर प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत मंगलवार को विशेष कैंप का आयोजन किया गया। ताकि गर्भवती महिलाओं को विशेष जांच सेवा व उचित परामर्श प्रदान किया जा सकें। जच्चा-बच्चा के सुरक्षा के लिए गर्भावस्था के दौरान प्रसव पूर्व जांच कराना आवश्यक है। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत सभी स्वास्थ्य केंद्रों में शिविर लगाकर चिकित्सक द्वारा गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच की गयी। साथ ही उच्च जोखिम गर्भधारण महिलाओं की पहचान कर उचित प्रबंधन सुनिश्चित करने का प्रयास किया गया। इस मौके पर गर्भवती महिलाओं को फल व पौष्टिक आहार का भी वितरण किया गया। मौके पर मसौढी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ रामानुज ने कहा कि प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान कार्यक्रम का उद्देश्य गर्भवती महिलाओं को गुणवत्तापूर्ण प्रसव पूर्व जांच की सुविधा उपलब्ध कराने के साथ उन्हें बेहतर परामर्श देना है। अनुमंडल अस्पताल के प्रभारी डॉ नालिनी ने जानकारी देते बताया कि अत्यधिक रक्तस्त्राव से महिला की जान जाने की संभावना सबसे अधिक होती है। प्रसव पूर्व जांच में यदि खून की कमी होती है तब ऐसी महिलाओं को आयरन की गोली के साथ पोषक पदार्थों के सेवन के विषय में सलाह भी दी जाती है। इस दौरान गर्भवती महिलाओं का रक्तचाप, वजन, हीमोग्लोबिन, एचआईवी और अन्य पैथोलॉजिकल जांच की गयी। अभियान का मुख्य उद्देश्य गर्भावस्था के दौरान महिलाओं के स्वास्थ्य की समय पर जांच कर सुरक्षित प्रसव सुनिश्चित करना है। मौके पर अनुमंडल अस्पताल के प्रबंधक चंद्रशेखर प्रसाद, पीएचसी के स्वास्थ्य प्रबंधक ललन कुमार, प्रखंड लेखा प्रबंधक चंद्र भूषण प्रसाद, एएनएम संगीता कुमारी, मंजू कुमारी, पूनम कुमारी आदी अस्पताल के सभी स्वास्थ्य कर्मी शिविर में शामिल रहे।

# 13 को राष्ट्रीय लोक अदालत का होगा आयोजन, सिविल कोर्ट में तैयारी जोरों पर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** सिविल कोर्ट मसौढी में आगामी 13 दिसम्बर, 2025 (शनिवार) को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन होगा, जिसकी तैयारियां जोरों पर की जा रही है, इसके अलावा अनुमंडल प्रशासन एवं कोर्ट प्रशासन के द्वारा जोर शोर से प्रचार अभियान भी तेज कर दी की गई है। इस राष्ट्रीय लोक अदालत में संधि-योग्य लघु आपराधिक मामले, धारा 138 एन.आई. एक्ट मामले, विद्युत वाद के मामले, वाहन दुर्घटना दावे, सिविल सूट, माप-तौल, श्रम वाद, बैंक ऋण वसूली मामले, नीलाम-पत्र वाद इत्यादि का निपटारा किया जायेगा। लोक अदालत से कई लाभ है जहाँ कोई कोर्ट फीस नहीं होती, यदि कोर्ट फीस का भुगतान पहले ही कर दिया गया है तो राशि वापस कर दी जाएगी विवादों का सरल और शीघ्र निपटारा। लोक अदालत के ऑर्डर की अपील नहीं होती और निर्णय अंतिम होता है। सिविल कोर्ट मसौढी के लोक अभियोजक गौहर कुमार ने बताया कि प्रार्थना पत्र लगाकर लोक अदालत का लाभ ले सकते हैं। यदि आप मुकदमे को दूसरे पक्ष के साथ समझौते के माध्यम से लोक अदालत द्वारा निपटाना चाहते हैं तो आपका जो भी मुकदमा जिस न्यायालय में लंबित है उसी न्यायालय में दिनांक 12.12.2025 तक किसी भी कार्य-दिवस को जाकर अपने मामले पर विचार करवा सकते हैं जिसका निस्तारण दिनांक 13.12.2025 को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में आपसी समझौते के आधार पर किया जाएगा।

# मसौढ़ी प्रखंड के 98 राजस्व गांवों मे होगा बोरिंग सर्वे

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** सातवी लघु सिंचाई गणना को लेकर मंगलवार को प्रखंड कार्यालय में प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रभाकर कुमार की अध्यक्षता में सभी पंचायत के किसान सलाहकार के साथ अहम बैठक की गई।जहाँ बताया गया कि समय सीमा के अंदर (31दिसबंर) तक गणना को पूर्ण कर लेना है। मसौढ़ी में कुल 98 राजस्व गांव में सर्वे होना है परंतु अबतक सिर्फ 24 राजस्व गांव में ही सर्वे प्रारंभ प्रगणक द्वारा किया गया है। सभी प्रगणको को तेजी से काम को गुणवत्तापूर्ण समाप्त करने का निर्देश दिए गए।मसौढी प्रखंड के अंतर्गत लघु सिंचाई विभाग के द्वारा लगे नलकूपों का सर्वे का कार्य इन दिनों चल रहा है। जहां सभी किसान सलाहकारों को यह टारगेट दिया गया है कि अपने-अपने पंचायत में लगे हुए नलकूपों का सर्वे कर एक रिपोर्ट तैयार करे। यह अभियान उन किसानों के नलकूपों से संबंधित डेटा एकत्र करने पर केंद्रित है।इस सर्वेक्षण का उद्देश्य मौजूदा सिंचाई बुनियादी ढांचे की स्थिति का आकलन करना और यह सुनिश्चित करना है कि जल संरक्षण के उपायों को ठीक से लागू किया जा रहा है।यह सर्वेक्षण किसानों को सिंचाई के आधुनिक तरीकों को अपनाने और पानी की बर्बादी को रोकने में मदद करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम होगा।

## ऑपरेशन 'महिला सुरक्षा' के तहत सख्त हुई रेल पुलिस

**मसौढ़ी।** पटना गया रेलखंड के तारेगना रेलवे स्टेशन पर इन दिनों महिलाओं की सुरक्षा के मद्देनजर ऑपरेशन ''महिला सुरक्षा'' के तहत महिला कोच में यात्रा करने वाले पुरुष यात्रियों के खिलाफ भी धर-पकड़ अभियान चलाया जा रहा है। जिसकी कमान नारी शक्ति के तहत महिला पुलिस बल संभाली हुई है।ऑपरेशन ''महिला सुरक्षा'' मे तहत नवंबर माह में रेलवे सुरक्षा बल की टीम द्वारा पूर्व मध्य रेल के विभिन्न रेलखंडों पर महिला कोच में यात्रा करने के आरोप में रेल अधिनियम की धारा 162 के तहत पुरुष यात्रियों कारवाई किया जा रही है। मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चंद्र ने बताया कि दानापुर मंडल के पग रेलखंड के विभिन्न स्टेशनों पर या अभियान तेजी से चलाया जा रहा है ताकि महिला यात्रियों को महिला कोच में किसी भी तरह की परेशानी ना हो।

## दनियावां प्रखंड के आर्यन सागर बने विधायक प्रतिनिधि

**दनियावां (पटना)।** बख्तियारपुर विधानसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित विधायक अरुण कुमार साह ने दनियावां ग्राम निवासी व पूर्व भाजपा युवा मोर्चा नेता आर्यन सागर को अपना विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किया है।इस आशय का पत्र विधायक द्वारा अनुमंडल और प्रखंड स्तर के सभी सक्षम पदाधिकारियों को प्रेषित किया गया है। अपने मनोनयन के बाद श्री आर्यन ने बताया कि हमें जो जिम्मेवारी मिली है उसे कर्तव्यनिष्ठा और ईमानदारी के साथ पूरा करूंगा।उन्होंने बताया कि जो विकास कार्य अधूरा है,उसे गरीब-गुरबों के हितैषी बनकर पूरा करने के लिए हरसंभव कार्य किया जाएगा।

# रूपांतरण यात्रा को पटना में मिला जनसमर्थन

## बापू सभागार में सैकड़ों लोगों ने किया रक्तदान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**पटना।** आरसीएम की राष्ट्रव्यापी रूपांतरण यात्रा के शुभारंभ के बाद से अब तक लाखों नवोद्यमी इससे जुड़ चुके हैं, जो कंपनी की जन-आधारित विकास यात्रा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। यात्रा का नवीनतम पड़ाव पटना रहा, जहां हजारों नागरिकों ने स्वास्थ्य, सेवा और संस्कार को बढ़ावा देने वाली विभिन्न सामुदायिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी की। पटना और इससे पहले आयोजित कई शहरों में लाखों लोगों की भागीदारी को देखते हुए यह अनुमान लगाया जा रहा है कि 75 शहरों की इस यात्रा के 23 दिसंबर 2025 को समापन तक इसकी पहुँच लगभग एक मिलियन लोगों तक हो सकती है। पटना के लोगों ने इस यात्रा का भव्य स्वागत किया। हजारों लोग गाँधी मैदान स्थित बापू सभागार में आयोजित इस आयोजन में शामिल हुए। कार्यक्रम में युवाओं, महिलाओं और परिवारों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उन्होंने रक्तदान किया और स्वस्थ जीवनशैली व आत्मनिर्भरता के बारे में जानकारी प्राप्त की। आरसीएम कंज्यूमर प्रोडक्ट्स के मैनेजिंग डायरेक्टर सौरभ छाबड़ा ने कहा कि पटना से मिला जबरदस्त प्रतिसाद हमारे जन-आधारित आंदोलन की शक्ति और भावना को दर्शाता है। हम हर घर को बेहतर स्वास्थ्य, मजबूत मूल्यों और नए आर्थिक अवसरों से सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं, ताकि हम एक स्वस्थ और विकसित भारत की दिशा में आगे बढ़ सकें। मैनेजिंग डायरेक्टर प्रियंका अग्रवाल ने कहा कि पटना में रूपांतरण यात्रा का आयोजन हमारी 17,000 किलोमीटर लंबी परिवर्तन यात्रा का एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। हम हर महिला को गरिमा, शक्ति और आत्मविश्वास के साथ जीवन जीने का अवसर देने के लिए प्रतिबद्ध हैं, ताकि वे पुरुषों के साथ मिलकर नए भारत के निर्माण में समान रूप से योगदान दे सकें। वहीं सीईओ मनोज कुमार ने कहा कि मुझे गर्व है कि रूपांतरण यात्रा ने पटना में जो उत्साह और प्रेरणा जगाई है, वह पूरे भारत में लाखों लोगों को सशक्त बनाती रहेगी और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्थायी और समृद्ध भविष्य का मार्ग प्रशस्त करेगी। जबकि आरसीएम के सीनियर लीडर सुजीत कुमार सिंह ने बताया कि 16 सितंबर 2025 को रूपांतरण यात्रा की शुरुआत के बाद से अब तक 20,000 से अधिक लोग आरसीएम परिवार से जुड़ चुके हैं, जिससे कंपनी के दो मिलियन से अधिक सक्रिय एसोसिएट बायर्स के नेटवर्क को और मजबूती मिली है। जैसे-जैसे यात्रा अन्य शहरों की ओर अग्रसर है, यह संख्या और बढ़ने की उम्मीद है।

# चुनाव में विश्वास जताने के लिए विधायक अरूण मांझी ने मसौढ़ी की जनता का जताया आभार

## कई जगहों पर हुआ नागरिक अभिनंदन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**मसौढ़ी।** नवनिर्वाचित विधायक अरुण मांझी का मंगलवार को मसौढ़ी में कई जगहों पर नागरिक अभिनंदन कार्यक्रम के तहत सम्मान किया गया। सबसे पहले चरमा पंचायत भवन में नागरिक अभिनंदन कार्यक्रम किया गया, जहां मौके पर सैकडों की संख्या में ग्रामीण एकजुट हुए उसके बाद मसौढ़ी के कुशवाहा हितकारिणी समिति के द्वारा नागरिक अभिनंदन समारोह किया गया जिसकी अध्यक्षता राजेश कुशवाहा ने की मौके पर कमेटी की ओर से विधायक अरुण मांझी को शॉल और बुके देकर सम्मानित किया गया। संबोधन में अरूण मांझी ने कहा कि की जिस आशा और उम्मीद के साथ आप सभी ने मुझे मत देकर विधायक बनाया है, मैं उस पर विधायक बनकर नहीं, बल्कि आपका बेटा और सेवक बनकर खरा उतरने का हर संभव प्रयास करूंगा। उन्होंने जनता से कहा कि वे उन्हें अपना विधायक नहीं, बल्कि अपना बेटा, भाई, दोस्त, रिश्तेदार और सेवक समझें। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि मसौढी विधानसभा में जहां-जहां काम अब तक पूरा नहीं हुआ है चाहे वह सड़क हो गली हो नाली हो सारे काम जैसे-जैसे मेरे सामने आएगा सभी काम को पूरा करेंगे। जिसने भी हमें वोट दिया है नहीं वोट दिया है सबका हम विधायक हैं और सब का काम करेंगे, इसके अलग कुशवाहा मार्केट में खपरैल दुकानों को पक्का बनाने का भी आश्वासन दिया। इसके बाद बरनी और सकरपुरा में भी नागरिक अभिनंदन कार्यक्रम हुआ। मौके पर जदयू के नगर अध्यक्ष अश्वनी गोल्डी प्रखंड अध्यक्ष सुनील कुमार वर्मा, चंद्रकला सिन्हा, सुभाष चंद्र गांधी, प्रेमचंद यादव, नवीन कुमार ,मुंद्रिका सिंह, अनिल वर्मा, इंजीनियर रविशंकर, सूरज केशरी आदि उपस्थित रहे।

# रेल ट्रांसफर्मर की चोरी करने वाले अंतराज्यीय गिरोह के 15 सदस्य गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** रेलवे संपत्ति और ट्रांसफर्मर की चोरी करने वाले एक अंतराज्यीय गिरोह का औरंगाबाद पुलिस एवं आरपीएफ की मदद से उद्भेदन किया गया है। साथ ही गिरोह के 15 बदमाशों को गिरफ्तार किया किया गया है। इनके पास से 12 क्विंटल कॉपर तार, एक स्कॉर्पियो, एक बेलोरो, एक पिकअप, 5 एंड्रॉयड मोबाइल एवं 3 कीपैड मोबाइल फ़ोन बरामद किया गया। पकड़े गए सभी बदमाश पश्चिम बंगाल के रहने वाले है। इनकी पहचान टार्जन चौधरी, रमेश चौधरी, विश्वजीत चौधरी, दिनेश चौधरी, राजेश चौधरी, सूरज गुप्ता, तपस चौधरी, अमन कुमार, ललन चौधरी, मो. आलम मियां, राजन चौधरी, दिनेश चौधरी, अनिल सिंह, जितेंद्र झा एवं जिउत चौधरी के रूप में की गई है। समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में प्रेसवार्ता के दौरान अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संजय कुमार पांडे ने बताया कि बारुण पुलिस और आरपीएफ की संयुक्त प्रयास से एक बड़ी उपलब्धि प्राप्त हुई है। कार्रवाई के फलस्वरूप टार्जन रमेश गैंग के कुल 15 अपराधकर्मियों को गिरफ्तार कर चोरी किये गए समानों को बरामद किया गया। दरअसल, 23 अगस्त को बारून थाना क्षेत्र के सोननगर टीएसएस में चोरी की घटना घटित हुई है जिसमें ट्रांसफर्मर का तेल एवं साइट प्लेट के नट तथा ट्रांसफार्मर से मूल्यवान पुर्जे चोरी किया गया है जिसका कीमत करीब 3.5 करोड़ रुपये था। घटना को लेकर एमएस ब्लू स्टार कंपनी के एचआर अभिजीत जीवन इंगले के द्वारा लिखित आवेदन के माध्यम से थाना को जानकारी दिया गया। कांड की गंभीरता को लेकर पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल के द्वारा सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में एक एसआईटी का गठन किया गया तथा कांड में संलिप्त अभियुक्तों के अविलंब गिरफ्तारी व बरामदगी हेतु निर्देशित किया गया। गठित एसआईटी एवं आरपीएफ डेहरी के द्वारा सीसीटीवी फुटेज के अवलोकन, तकनीकी विश्लेषण एवं आसूचना संकलन के आधार पर 8 दिसंबर को सोननगर स्टेशन के पीछे पिकअप पर लड़े कॉपर तार के साथ रमेश चौधरी को पकड़कर पूछताछ किया गया. इसके बाद उसके निशानदेही पर सोननगर से स्कार्पियों एवं केशवपुर के पास बोलेरो में छिपकर बैठे 14 अन्य व्यक्तियों को पकड़ चोरी गई कुछ सामग्रियों को जब्त किया गया। एसडीपीओ ने बताया कि गिरफ्तार सभी अभियुक्तों ने अपना-अपना अपराध स्वीकार किया है। उन्होंने बताया कि कांड में संलिप्त अन्य अभियुक्तों के विरुद्ध लगातार छापामारी की जा रही है जल्द ही गिरफ्तारी सुनिश्चित कर ली जाएगी। इस कार्रवाई में बारून थानाध्यक्ष रंजित कुमार, अपर थानाध्यक्ष सूर्यवीर कुमार गुप्ता, एसआई (अनुसंधानकर्ता) अंकित कुमार, प्रशिक्षु एसआई श्रीनाथ कुमार मंडल, प्रशिक्षु एसआई देवानंद कुमार, एसआई रिमझिम कुमारी, एएसआई बर्मेन्द्र कुमार यादव, आरपीएफ डेहरी ऑनसोन के उपनिरीक्षक मनोज कुमार, सहायक उपनिरीक्षक हरेराम कुमार, प्रधान आरक्षी बृजभूषण मिश्रा, सहायक उपनिरीक्षक अनिल कुमार चौधरी, एपीएफ गयाजी आरक्षी दीपक कुमार, सिपाही विनोद कुमार यादव, अखिलेश कुमार, सुनिल कुमार, मनु कुमार, दिलिप पासवान, अरविद कुमार पासवान, प्रभात कुमार पासवान, बिनीत लाल, रहित कुमार, नीतीश कुमार, रंजित कुमार सहित अन्य शामिल थे।

# बुलडोजर की कार्रवाई से भयभीत ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**अंबा (औरंगाबाद)।** अतिक्रमण के नाम पर बुलडोजर की कार्रवाई को लेकर प्रदेश की राजनिति गर्म है। इस कार्रवाई से लोगों में खौफ है। सरकारी जमीन पर घर बना कर सैंकड़ों वर्षो से रह रहे भूमिहीन, गरीब, मजदूरों को भी आशियाना छीन जाने का डर सताने लगा है। ऐसा ही एक मामला कुटुंबा प्रखंड क्षेत्र के भरौंधा पंचायत अंतर्गत मंसारा गांव से सामने आया है। उस गांव के दर्जनों लोगों ने मंगलवार को प्रखंड मुख्यालय परिसर पर प्रदर्शन किया और सरकार के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन में शामिल राजेश कुमार चौधरी ने बताया कि हमलोग भूमिहीन हैं और कई पीढ़ियों से सरकारी जमीन पर घर बना कर रह रहे हैं। कुछ लोगों के नाम से लगान रसीद भी कट रहा है। उन्होंने बताया कि यह प्लॉट 2 एकड़ 84 डिसमिल का है जिस पर कुछ दबंग प्रवृत्ति के लोगों ने भी कब्जा जमा रखा है। परन्तु उन दबंग लोगों को अतिक्रमण के नाम पर जमीन खाली करने के लिए न कहकर सिर्फ दलित, महादलित और गरीबों को परेशान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राणा प्रमोद सिंह हाईकोर्ट में परिवाद दायर कर हमलोगों को परेशान कर रहे हैं। अतिक्रमण मुक्त करने के लिए जिस जमीन पर नोटिस जारी किया गया है उस पर चौहद्दी भी अंकित नहीं है। जिससे स्थिति संदेहास्पद हो जाती है। अतिक्रमण के भय से जैनब खातून ने बताया कि वह अपने बेटे पर आश्रित है। वो मजदूरी कर परिवार का भरन पोषण करता है। घर टूट जाने से पुरा परिवार सड़क पर आ जाएगा। वहीं सरिद्री देवी ने कहा कि घर के अलावा उनके पास कोई जमीन नहीं है। घर टूटने पर छोटे-छोटे बच्चों के साथ ठंड में सड़क पर गुजारा करना उनके लिए काफी कष्टकारी हो जाएगा। प्रदर्शनकारियों ने अतिक्रमण मुक्त करने की कार्यवाही से पहले पुनर्वास की व्यवस्था करने की मांग की है।

# हत्या का प्रयास सहित अन्य मामलों में 47 लोग गिरफ्तार

## किसी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं : एसपी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर पिछले 24 घंटों के दौरान अलग-अलग मामलों में 47 आरोपितों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल के नेतृत्व में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई जिसमें आवश्यक कार्रवाई के उपरांत 26 अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया। हत्या के प्रयास में एक, शराब कांड में 8 एवं अन्य शीर्ष कांड में 38 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इस दौरान 172 लीटर देसी शराब, एक स्कॉर्पियो, एक बोलेरो, एक पिकअप, एक साइकिल, एक गैस सिलेंडर, दाक तसला, एक चूल्हा, 12 क्विंटल तार एवं 2 मोटर बरामद किया गया है। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में 878 वाहनों की जांच की गई जिसमें 64500 रूपये बरामद किया गया है। पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल की माने तो जिले में शराब व खनन कारोबार के साथ-साथ अन्य अपराध पर लगाम लगाने में किसी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस जद में जो भी पकड़े जाएंगे, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएंगी।

# गौपालन का प्रशिक्षण ले रहे मंडल कारा में बंद कैदी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** मंडल कारा में जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ. श्याम किशोर, जेल अधीक्षक डॉ. दीपक कुमार तथा डॉ. आशुतोष कुमार के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर तीन दिवसीय गौपालन प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कारा अधीक्षक ने पुष्प गुच्छ देकर अथितियो का स्वागत किया। इस प्रशिक्षण सत्र में 100 बंदियों को गौपालन का प्रशिक्षण दिया जाना है। इस विशेष प्रशिक्षण का उद्देश्य बंदियों को पशुपालन, दुग्ध-उत्पादन, चारा प्रबंधन तथा गौ-स्वास्थ्य संरक्षण के व्यावहारिक ज्ञान से सशक्त बनाना है। प्रशिक्षण के उदघाटन सत्र में वक्ताओं ने कहा कि गौपालन ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और इस कौशल को सीखकर बंदी भविष्य में स्वरोजगार की दिशा में मजबूत कदम बढ़ा सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को गौवंश की सही देखभाल, वैक्सीनेशन, पोषण-प्रबंधन, रोग-नियंत्रण, आधुनिक डेयरी पद्धतियों तथा स्वच्छ दुग्ध उत्पादन तकनीक की विस्तृत जानकारी दी गई। डॉ. श्याम किशोर ने बताया कि इस तरह के प्रशिक्षण से बंदियों में आत्मनिर्भरता की भावना का विकास होता है और वे समाज में लौटकर सम्मानजनक जीवन जीने की ओर प्रेरित होते हैं। जेल अधीक्षक डॉ. दीपक कुमार ने मंडल कारा में इस तरह के रचनात्मक कार्यक्रमों की उपयोगिता पर बल देते हुए कहा कि सुधारात्मक गतिविधियाँ ही बंदियों के जीवन में नई दिशा देती हैं। प्रशिक्षण के अंतिम दिन प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र भी वितरित किए जायेंगे। कार्यक्रम के शुभारंभ से उत्साहित उपाधीक्षक सरोज कुमार ने भविष्य में ऐसे और भी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने हेतु जिला पशुपालन पदाधिकारी से अनुरोध किया। कार्यक्रम मे सहायक अधीक्षक संजीव कुमार, लिपिक संतोष कुमार आदि उपस्थित रहे।

# असामाजिक तत्वों ने गौशाला में लगाई आग, लाखों का नुकसान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** असामाजिक तत्वों ने मंगलवार को अहले सुबह अंबा थाना क्षेत्र के जगई बजराही गांव निवासी छोटन साव के गौशाला में आग लगा दी। इस घटना में मवेशी समेत लाखों की संपत्ति जलकर खाक हो गया। पीड़ित ने बताया कि यह घटना सुबह करीब पांच बजे की है। ठंड के कारण लोग घर में थें। सुनसान होने पर असामाजिक तत्वों ने गौशाला में आग लगाकर फरार हो गए। उन्होंने बताया कि आग की उठती लपटों को देखकर वे लोग गौशाला के पास पहुंचे तो देखा गोशाला पूरी तरह आग की चपेट में है। घटना की सूचना अंबा थाने की पुलिस को दी। सूचना मिलने पर अग्निशमन विभाग की टीम घटना स्थल पर पहुंची और आग पर जैसे तैसे काबू पाया गया। लेकिन जब तक आग पर काबू पाया जाता तब तक गौशाला में बंधी हुई गाय, भैंस, भैंस का बच्चा, 22 क्विंटल धान, 25 क्विंटल जानवर का चारा, दो बोरी खली और एक बोरी चोकर और झोपड़ीनुमा घर पूरी तरह जलकर राख हो गए। पीड़ित ने थाना में आवेदन समर्पित कर कार्रवाई की मांग की है। साथ ही जिला प्रशासन से मुआवजे के लिए मदद की गुहार लगाई है।

# नवोदय विद्यालय में पूर्ववर्ती छात्र समागम आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** जिले के बारून स्थित नवोदय विद्यालय में मंगलवार को नवोदय विद्यालय समिति के निर्देश पर पूर्ववर्ती छात्र समागम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लगभग 50 पूर्ववर्ती छात्र-छात्राएं अपने परिवार के साथ पहुंचे और विद्यालय परिसर में एक बार फिर पुरानी यादों को ताजा किया। विद्यालय के प्राचार्य रवींद्र कुमार सिंह ने बताया कि विद्यालय के पूर्व छात्र आज देश के विभिन्न हिस्सों में महत्वपूर्ण पदों पर सेवारत हैं। सभी एलुमनाई ने विद्यालय में बिताए अपने अनुभव साझा किये और वर्तमान विद्यार्थियों को लक्ष्यपूर्ण जीवन, अनुशासन और मेहनत के महत्व पर प्रेरित किया। उन्होंने बच्चों को विद्यालय के शैक्षणिक वातावरण का पूरा उपयोग करने की सलाह दी। समागम के दौरान विद्यालय प्रशासन की ओर से शैक्षणिक सत्र में प्रत्येक कक्षा के सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थियों को एलुमनाई समूह की ओर से स्टडी टेबल देकर सम्मानित किया गया। वहीं विद्यालय के सभी स्टाफ सदस्यों को भी उपहार देकर सम्मानित किया गया। इधर पूर्व छात्रों की ओर से फ्रेंडली वॉलीबॉल मैच का आयोजन किया गया, जिसमें उत्साहपूर्ण भागीदारी देखी गयी। मौके पर डॉ पुष्पेंद्र, डॉ अनिल कुमार, आनंद प्रकाश, मनीष कुमार सिंह, बिक्रांत कुमार सहित कई पूर्ववर्ती छात्र उपस्थित थे। आज ही पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय का शैक्षणिक निरीक्षण भी हुआ। इस निरीक्षण दल में नवोदय विद्यालय समिति, पटना संभाग के सहायक आयुक्त डेनियल रत्नाकुमार, नवोदय विद्यालय कैमूर के प्राचार्य मनारंजन सिंह, नवोदय विद्यालय रोहतास के प्राचार्य चिंतामणि व डीएवी औरंगाबाद के प्राचार्य विजय कुमार पाठक शामिल थे। विद्यालय की ओर से प्राचार्य रवींद्र कुमार सिंह और उप-प्राचार्य अनुग्रह प्रसाद ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। निरीक्षण के दौरान सभी शिक्षकों के कक्षा-कार्य का मूल्यांकन किया गया और उन्हें शैक्षणिक गुणवत्ता बढ़ाने के लिए आवश्यक सुझाव दिये गये।

# भाजपा के समर्पित कार्यकर्ता तीर्थ नारायण प्रसाद के निधन पर पूर्व सांसद ने जताया शोक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** भाजपा के आजीवन समर्पित कार्यकर्ता तीर्थ नारायण प्रसाद वैश्य के निधन की खबर से भाजपा परिवार और स्थानीय राजनीतिक व सामाजिक क्षेत्रों में शोक की लहर फैल गई है। भाजपा के पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा कि तीर्थ नारायण प्रसाद वैश्य का निधन बेहद दुःखद है। उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन भाजपा और सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार में समर्पित कर दिया। वे भाजपा के पूर्णकालिक कार्यकर्ता थे और उनका जीवन संगठन के प्रति समर्पण और अनुशासन का उदाहरण रहा। उन्होंने कहा कि उनकी कमी भाजपा परिवार के लिए अपूरणीय क्षति है और उनका कार्य एवं चिंतन हम सभी कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणास्त्रोत रहेगा। उन्होंने शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए ईश्वर से दुख सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। तीर्थ नारायण प्रसाद वैश्य के निधन पर भाजपा वरीय नेता सुनील सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष विजेन्द्र चन्द्रवंशी, इन्द्रदेव यादव, अवध किशोर प्रसाद सिंह, मनोज शर्मा, मनीष पाठक, अशोक सिंह, सुनील शर्मा, प्रवीर सिंह, शुभेंदु शेखर सिंह, अश्विनी सिंह, मुकेश सिंह, अनिता सिंह, रामेश्वर बैठा, मितेन्द्र कुमार सिंह, नलिनी रंजन, प्रफुल्ल सिंह, बिनोद सिंह, संजय गुप्ता, राजेश सिंह, सुरेन्द्र गुप्ता, जितेन्द्र गुप्ता, अमरीश सिंह, आलोक सिंह, अखिलेश मेहता, विनय शर्मा, रविन्द्र शर्मा, राकेश कुमार देवता, मुनीन्द्र राम, बिनोद चन्द्रवंशी, प्रवीण गुप्ता, सुरेन्द्र गुप्ता, भरत सिंह, उदय सिंह, विनय सिंह, जुलेखा खातून, अंजली सिंह, सारिका शेखर, गुड़िया सिंह, सुबोध सिंह आदि ने शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की है।

# बेहतर टीएलएम तैयार करने वाले शिक्षकों को दिया प्रशस्ति पत्र

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** कुटुंबा स्थित उच्च विद्यालय में मंगलवार को संकुल स्तरीय टीएलएम मेला 3.0 का आयोजन किया गया। हाई स्कूल के प्रधानाध्यापक डॉ रामकिशोर, संकुल समन्वयक चंद्रशेखर प्रसाद साहू और प्रधानाध्यापक उदय कुमार ने मेले का उदघाटन किया। डॉ रामकिशोर ने कहा कि टीचर लर्निंग मटेरियल से शिक्षकों की शैक्षणिक दक्षता की पहचान होती है। टीएलएम जितना बेहतर होगा, विद्यार्थियों को दी जाने वाली शिक्षा की गुणवत्ता भी उतनी ही अधिक होगी। मेले में मध्य विद्यालय कुटुंबा, कन्या मध्य विद्यालय कुटुंबा, मध्य विद्यालय सिकरिया, मध्य विद्यालय खैरा, प्राथमिक विद्यालय हिंदी कुटुंबा, उर्दू प्राथमिक विद्यालय कुटुंबा, प्राथमिक विद्यालय मिर्ज़ापुर, गोवास और कंचनपुर के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भाग लिया। सभी ने कक्षा एक से पांच तक के हिंदी, अंग्रेजी, गणित और पर्यावरण विषय के लिए स्वयं द्वारा तैयार किए गए टीएलएम का प्रदर्शन किया। निर्णायक मंडल में शिक्षक संजीव कुमार सिंह, प्रमोद कुमार, निवास कुमार पांडेय और धीरज कुमार को शामिल किया गया था। उन्होंने प्रदर्शनी में लगाये गये सभी टीएलएम का सूक्ष्म अवलोकन कर निर्धारित प्रपत्र पर रेटिंग दी। हिंदी विषय में संगीता कुमारी का टीएलएम प्रथम, हेमलता का द्वितीय और मो शब्बीर आलम का तृतीय स्थान पर रहा। अंग्रेजी विषय में अहमद राजा प्रथम, सोमनाथ प्रसाद द्वितीय और हेमलता तृतीय स्थान पर रहीं। गणित विषय में सोमनाथ प्रसाद प्रथम, मंजू कुमारी द्वितीय और रीता कुमारी तृतीय स्थान पर रहीं। पर्यावरण विषय में हेमलता प्रथम, रामप्रकाश कुमार द्वितीय और संगीता कुमारी तृतीय स्थान पर रहीं। प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं को प्रशस्ति पत्र, मेडल और मेमेंटो प्रदान किया गया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

बिहार सरकार

शुभकामना संदेश

मेरे लिए यह अपार हर्ष और गर्व का विषय है कि **बिहार मानवाधिकार आयोग** 10 दिसम्बर 2025 को अपना 17 वां स्थापना दिवस मना रहा है। यह आयोग अपने स्थापना वर्ष 2008 से ही पूर्ण समर्पण भाव से अपने दायित्वों का निर्वहण करता आ रहा है। जाति, धर्म, लिंग, सम्प्रदाय और वर्ग विभेद के बिना बिहार मानवाधिकार आयोग सतत् अपने वैधानिक कर्तव्यों के लिए तत्पर एवं प्रयत्नशील रहा है जिसका लाभ बिहार प्रदेश के आम लोगों को मिला है।

मैं अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस पर बिहार मानवाधिकार आयोग के 17वें स्थापना दिवस की बधाई देता हूँ।

**शुभकामनाओं सहित,**

**सम्राट चौधरी**
उप मुख्यमंत्री, बिहार

PR No.- 019108 (Home)D. 2025-26

बिहार सरकार

संदेश

अपने अध्यधीन सभी नागरिकों के सर्वांगीण विकास और कल्याण को सुनिश्चित करना किसी भी राज्य की प्राथमिक जिम्मेवारी है। इसी परिप्रेक्ष्य में संविधान द्वारा हर नागरिक को कुछ मूलभूत अधिकार भी दिए गए हैं। अधिकारों की इस वीथिका में मानवाधिकार को केन्द्रीय माना गया है। लिहाजा वैश्विक स्तर पर भी मानवाधिकार को सार्वभौम और सर्वजनीन अधिकारों के रूप में मान्यता दी गई है।

संपूर्ण विश्व की मानवता को कुछ मूलभूत मानवाधिकारों से सशक्त करने के उद्देश्य से 10 दिसम्बर 1948 को संयुक्त राष्ट्र महासभा ने मानवधिकारों की सार्वभौम घोषणा की थी। इसी परिप्रेक्ष्य में हमारे देश में मौलिक अधिकारों की संवैधानिक गारंटी से आगे बढ़कर वर्ष 1993 में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग अस्तित्व में आया।

हमारे राज्य में भी मानवाधिकारों के संरक्षण और संवर्द्धन को संस्थानिक समर्थन देने के उद्देश्य से वर्ष 2008 में बिहार मानवाधिकार आयोग की गठन किया गया। अपने स्थापना काल से ही यह पूर्ण समर्पण भाव से अपने वैधानिक कर्त्तव्यों का निर्वहन करता आ रहा है, जो प्रशंसनीय है। जाति, धर्म, लिंग और वर्ग विभेद किये बिना मानवाधिकारों के प्रतिष्ठित करने के लिए सतत् प्रयत्नशील और तत्पर रहने की शुभकामनाओं के साथ मैं अन्तर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस और बिहार मानवाधिकार आयोग के 17वें स्थापना दिवस पर बधाई देता हूँ।

**विजय कुमार सिन्हा**
उप मुख्यमंत्री, बिहार

PR No.- 019157 (Home)D. 2025-26